राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-140
लखनऊ, रविवार 07 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गरीबों के पास खुद जा रही है सरकार : केशव प्रसाद मौर्य 03

गडकरी ने केरल में शुरू की 1464 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाएं 12

### सीएम योगी ने गोरखपुर के मोहरीपुर संझाई में छह करोड़ 47 लाख की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

**मुख्यमंत्री ने योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के मोहरीपुर संझाई में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में जनपद से सम्बन्धित 06 करोड़ 47 लाख रुपये की 24 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन विकास परियोजनाओं में 03 करोड़ 61 लाख रुपये की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण और 02 करोड़ 86 लाख रुपये की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। '

विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंचप्रण की शपथ दिलाई गयी। मुख्यमंत्री जी ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने आगामी खिचड़ी मेला एवं अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि आज यहां पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के साथ ही लगभग 06 करोड़ 47 लाख रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास हो रहा है। पहले लोगों को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए परेशान होना पड़ता था। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब वर्ष 2014 में सरकार बनी, प्रधानमंत्री जी देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य कर रहे हैं। परिणामस्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर सरकार को अपना आशीर्वाद प्रदान कर रही है।



**मंच पर लोगों से रुबरु हुए लाभार्थी**



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिला, वे आज इस मंच पर बोले हैं। जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला, मैं उनके लिए प्रशासन से कहूंगा कि उन्हें भी योजनाओं को लाभ जल्द से जल्द प्राप्त कराया जाए। यह यात्रा जहां-जहां भी गुजरे, वहां जिन लोंगो को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास आदि अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें वहीं व्यवस्था करके इन लाभों को उपलब्ध करायें। यदि प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास नहीं मिलता है, तो मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने का कार्य करें।

**चार करोड़ लोगों को मिला आवास योजना का लाभ**

पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, झोपड़ी में वे जैसे-तैसे गुजर बसर करते थे। आज देश में 04 करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिल रहा है। पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं थे तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थी। आज देश में 12 करोड़ व प्रदेश में 03 करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गये हैं। पहले गरीब के घर में भोजन के लिए न ईधन न गैस सिलेण्डर, न केरोसीन, न कोयला था। आज देश में 10 करोड़ व प्रदेश में 1.75 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गये हैं। प्रदेश सरकार ने होली व दीपावली में मुफ्त रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल देने का कार्य शुरू किया है। यह सब कार्य गरीब की खुशहाली के लिए हो रहे हैं। नौजवानों को रोजगार प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्य हो रहे हैं। गांव में लोगों को मकान का मालिकाना अधिकार देने के लिए स्वामित्व योजना, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना संचालित है। इस तरह की अनेक योजनाएं चल रही हैं, जो गरीबों के जीवन में परिवर्तन का कारण बन रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परिणाम के लिए हम एक संकल्प के साथ आगे बढ़ें कि वर्ष 2047 में भारत जब अपनी आजादी के शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को देख पायें। उस भारत में गरीबी, अशिक्षा, अव्यवस्था, असुरक्षा नहीं बल्कि उसमें दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य व क्षमता होगी। हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली होगी। विकास की प्रक्रिया पूरी तरह संतृप्त होगी। एक ऐसा भारत होगा, जिस पर हर भारतीय गौरव की अनुभूति करेगा और दुनिया उसका अनुसरण करेगी। इन्ही संकल्पों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री जी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को 15 नवम्बर, 2023 को शुरू किया था। प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर व तकदीर दोनों बदली है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।

## तीन राज्यों में बिश्नोई सिंडिकेट सदस्यों की चार संपत्तियां कुर्क

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एनआईए की समन्वित छापेमारी में खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संगठित आतंकी-अपराध सिंडिकेट के सदस्यों की हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में चार संपत्तियों को कुर्क किया है। इनमें से तीन अचल और एक चल थी। ये सभी संपत्तियां आतंकवाद की आय थी, जिनका उपयोग आतंकी साजिश रचने और गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता रहा है।

एनआईए ने अगस्त, 2022 में बिश्नोई और उसके सहयोगियों के कथित अपराध सिंडिकेट के खिलाफ यूए(पी)ए के तहत मामला दर्ज किया था। कुर्क की गई संपत्तियों में फ्लैट-77/4, आश्रय-1, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश शामिल है, जो लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आतंकवादी गिरोह के आश्रयदाता विकास सिंह से संबंधित है। कुर्क की गई दो अन्य संपत्तियां गांव बिशनपुरा, फाजिल्का, पंजाब में स्थित थीं, जो आरोपित दलीप कुमार उर्फ भोला उर्फ दलीप बिश्नोई के स्वामित्व में थीं। हरियाणा के यमुनानगर निवासी जोगिंदर सिंह के नाम पर पंजीकृत एक एसयूवी भी जब्त की गई। एनआईए की जांच के अनुसार विकास सिंह लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी है, जिसने कथित तौर पर पंजाब पुलिस मुख्यालय पर आरपीजी हमले में शामिल आरोपितों सहित आतंकवादियों को पनाह दी थी। जोगिंदर सिंह लॉरेंस बिश्नोई के करीबी गैंगस्टर काला राणा के पिता हैं। जोगिंदर सिंह आतंकवादी कृत्यों को बढ़ावा देने के लिए हथियारों और गोला-बारूद ढुलाई के लिए गिरोह के सदस्यों को एसयूवी उपलब्ध करा रहा था। आरोपित दलीप कुमार की संपत्ति का इस्तेमाल हथियारों के भंडारण और छुपाने के लिए आश्रय व गोदाम के रूप में और आतंकवादी गिरोह के सदस्यों को शरण देने के लिए किया जा रहा था। एनआईए को जांच में पता चला कि गिरोह ने देश के कई राज्यों में अपने माफिया शैली के आपराधिक नेटवर्क फैलाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

**सीतारमण तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचीं सिक्किम**

**गंगटोक।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सिक्किम पहुंचीं। अधिकारियों के मुताबिक सीतारमण आज राजधानी गंगटोक में होने वाले क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी शामिल होंगे। इसी तरह उनका सिक्किम में भारत-चीन सीमा गांव कुपुप का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। सीतारमण नाबार्ड के आउटरीच कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। वह राष्ट्रीय राजमार्ग-10 से होते हुए सिक्किम पहुंचीं हैं। सिक्किम के प्रवेशद्वार रंगपो में केंद्रीय मंत्री को गंगटोक के विधायक वाईटी लेप्चा, पाकिम जिले के जिला अधिकारी टाशी छोपेल, राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी पी. पल्जर, एसडीएम सुजाता सुब्बा, एसडीपीओ महेंद्र सुब्बा तथा पर्यटन विभाग व एसबीआई के अधिकारियों ने स्वागत किया।

**राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने श्रीनगर में कुर्क किया घर**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में हथियारों की बरामदगी से संबंधित 2022 के एक मामले की जांच के दौरान एक आरोपी के घर को कुर्क कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायता से एनआईए अधिकारियों ने श्रीनगर के चनापोरा इलाके में मुश्ताक अहमद के घर को कुर्क कर लिया। अधिकारियों ने कहा, यह संपत्ति उस मामले के सिलसिले में कुर्क की गई है जो 2022 में 15 पिस्तौल और गोला-बारूद की बरामदगी के संबंध में एनआईए जम्मू शाखा में दर्ज किया गया था। अदालत के आदेश के अनुपालन में, संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा के तहत जब्त किया गया है।

**स्मृति सात से दो दिवसीय सऊदी अरब के दौरे पर**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी 7 से 8 जनवरी तक सऊदी अरब का दौरा करेंगी। विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन भी उनकी यात्रा के दौरान साथ होंगे। स्मृति जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 7 जनवरी को द्विपक्षीय हज समझौते 2024 पर हस्ताक्षर और दस्तावेजों के आदान-प्रदान के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। वह हज 2024 से संबंधित पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सऊदी अरब के हज और उमरा मामलों के मंत्री डॉ. तौफीक बिन फौजान अल रबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में भारतीय व्यापारिक समुदाय और भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेगा।

## 21 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नोटिस

**631 करोड़ रुपये की धनराशि का ब्यौरा नहीं दे पाए स्कूल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प चलाया जा रहा है। 28,988 स्कूलों को 631 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न निर्माण कार्य करवाने के लिए दी गई थी।

प्रदेश के 21 जिले ऐसे हैं जो अभी तक इस धनराशि के खर्च का ब्यौरा नहीं दे पाए हैं। ऐसे में पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम यानि पीएफएमएस पर इनकी स्थिति शून्य प्रदर्शित हो रही है। इन जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दोबारा चेतावनी दी गई है। जल्द खर्च का ब्यौरा उपलब्ध न कराने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के स्तर से स्कूलों में निर्माण कार्यो की समीक्षा में लापरवाही सामने आई। आपरेशन कायाकल्प के तहत 1.35 लाख परिषदीय स्कूलों में 97 प्रतिशत विद्यालयों में कार्य हो चुका है।

### पीओके के वन क्षेत्र में लगी आग बॉर्डर तक फैली घुसपैठ की आशंका

**जम्मू।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के एक वन क्षेत्र में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है और आग की आड़ में घुसपैठ की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है। यह आग शुक्रवार देर रात पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर में भड़की और मेंढर उपजिला के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई है। नियंत्रण रेखा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि आग की आड़ में आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोई कोशिश न हो।

## यूपी : 40 से अधिक जिलों में घने कोहरे की चेतावनी

**यूपी में फिर होगी बारिश, रेड अलर्ट जारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके सर्दी पड़ रही है। सुबह और शाम को कोहरे से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। साथ ही बर्फीली हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने रविवार को लखनऊ समेत प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में घना कोहरा के साथ शीतलहर की चेतावनी जारी दी है।

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे, शीतलहर और कोल्ड-डे कंडीशन को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

कई जिलों के लिए येलो और आरेंज अलर्ट जारी करते हुए अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भी जारी की है। अमरोहा, बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, शामली, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुण और मेरठ में अत्यधिक घना कोहरा के साथ ठंडी हवाएं परेशान करेंगी।

मौसम वैज्ञानिक मुहम्मद दानिश के मुताबिक, प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अगले दो दिन धूप निकलने के आसार नहीं हैं। साथ ही करीब दस किलोमीटर की रफ्तार से ठंडी हवाएं भी चलेंगी। राजधानी में दिन का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा तो वहीं रात का तापमान 12 डिग्री तक रिकार्ड किया गया।

**राजस्थान :** राजस्थान में तीन दिन बारिश-ओले का अलर्ट है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 7 जनवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के एक्टिव होने से कोहरे से राहत मिलेगी और बर्फीली हवा भी कम हो जाएगी।

**पंजाब :** पंजाब में शीत लहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने बीते दिन ही पंजाब में कोहरे व शीत लहर को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था। अमृतसर व पूर्वी मालवा में घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हो चुकी है।

**हरियाणा :** हरियाणा के 12 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया गया है। यहां घने कोहरे के साथ ही शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। इन जिलों में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद शामिल हैं।

## संस्कृत के संरक्षण के लिए आगे आएं गुरुकुल

**रक्षा मंत्री ने रखी पतंजलि गुरुकुलम की आधारशिला**

एजेंसी



**हरिद्वार।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के गुरुकुलों से आगे आने का आह्वान किया।

राजनाथ सिंह ने आज पतंजलि योग पीठ के 29वें स्थापना दिवस, स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती तथा गुरुकुल के संस्थापक स्वामी दर्शनानंद की जयंती अवसर पर पतंजलि योगपीठ में गुरुकुलम और आचार्यकुलम के निर्माण की आधारशिला रखते हुए इस आशय का आह्वान किया। इस अवसर पर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उपस्थित रहे। राजनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन में अपील की कि संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के गुरुकुल आगे आएं। उन्होंने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है। दुनिया के कई विद्वानों ने प्रकृति और सृष्टि को समझने के लिए संस्कृत का ही अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अहम स्थान है। योग दर्शन भी महर्षि पतंजलि ने संस्कृत में ही लिखा था। उन्होंने संस्कृत पढ़ने लिखने और बोलने वालों की कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई।

**गुरुओं के नाम पर ही है सनातन की पहचान**

राजनाथ सिंह ने गुरु शिष्य परंपरा पर बोलते हुए कहा कि गुरुओं के नाम पर ही सनातन की पहचान है। सभी धर्म में मतभेद हो सकता है लेकिन गुरु को सभी ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में जो सिख धर्म है, वह शिष्य शब्द से ही निर्मित है। भारत में कई सारे ऐसे धर्म और संप्रदाय हैं, जो गुरुवाणी के आधार पर ही कायम है। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय संस्कृति जीवित है और यह सनातन बनी हुई है, तो इसकी जीवंतता को बनाए रखने में इस देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है। रक्षा मंत्री ने कहा कि गुरुकुल परंपरा ने भारत का पूरे विश्व में स्थान दिलाया है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करने की भी बात कही।

### उप्र के नौ जिलों में अभियोजन विभाग का खुद का होगा कार्यालय

**लखनऊ।** योगी सरकार अदालतों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में अहम भूमिका निभाने वाले अभियोजन विभाग को और ताकतवर करने जा रही है। योगी सरकार ने प्रदेश के नौ जिलों में अभियोजन विभाग को खुद के कार्यालयों में शिफ्ट किए जाने का निर्णय लिया है। अभी तक अभियोजन विभाग के कार्यालय किराये या कलेक्ट्रेट के परिसर से संचालित हो रहे हैं। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जहां एक ओर उप्र पुलिस अपराधियों पर नकेल कस रही है तो वहीं कोर्ट में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियोजन विभाग अपराधियों को सजा दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहा है। इससे प्रदेश में अपराधी बेदम हो रहे हैं।

## भोपाल गैस कांड मामले में कोर्ट ने सुरक्षित रखा अंतिम फैसला

एजेंसी

**भोपाल।** भोपाल गैस कांड मामले में शनिवार को अंतिम सुनवाई हुई। जेएमएफसी विधान महेश्वरी ने इस मामले में सुनवाई करते हुए 18 जनवरी तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट में इस मामले में 5 घंटे बहस चली। डाव केमिकल की तरफ से पक्ष रखने के लिए 15 वकील पेश हुए। इनमें सीनियर अधिवक्ता सिदार्थ लुथरा और रविंद्र श्रीवास्तव शामिल थे।

भोपाल ग्रुप फॉर इन्फोर्मेशन एंड एक्शन की तरफ से अवि सिंह और सीबीआई की तरफ से सियाराम मीना ने पैरवी में हिस्सा लिया। पूरी बहस इस बात पर थी कि क्या डीओडब्ल्यू केमिकल कंपनी भारत की अदालत के अधिकार क्षेत्र में आती है कि नहीं। बता दें, इससे पहले पिछली सुनवाई में विशेष न्यायाधीश विधान माहेश्वरी ने डाउ केमिकल्स मामले की सुनवाई की थी। इस सुनवाई में भी डाउ केमिकल्स कंपनी की तरफ से 10 वकीलों की एक फौज कंपनी का पक्ष रखने के लिए पहुंची थी। इसके बाद न्यायधीश ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 6 जनवरी 2024 की तारीख दे दी थी। 1984 में 2 और 3 दरमियानी रात को डाउ केमिकल्स कंपनी की भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में गैस का रीवा हुआ था। इससे हजारों जाने गईं थी, ये विश्व की सबसे बड़ी त्रासदी में से एक है।

### मोदी सरकार के अन्याय के खिलाफ आवाज है कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को नहीं मानते और हमें संसद में बोलने भी नहीं देते इसलिए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आयोजित कर कांग्रेस लोगों के बीच जा रही है ताकि हम अपनी बात उनसे कह सकें तथा समाज के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुन सकें। श्री खड़गे शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से पूरब से पश्चिम की ओर होने वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लोगो और नारे का लोकार्पण करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी के लिए संविधान से ज्यादा नागपुर के आदेश का मतलब है इसलिए वह नागपुर से मिले आदेश का संविधान की तरह पालन करते हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा में ड्यूटी के दौरान स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक

समृद्धि न्यूज

**सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों को आदेश जारी**

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के लिए करीब पांच शताब्दियों का इंतजार खत्म होने वाला है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री पूरे विधि विधान से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। समारोह में जानी-मानी हस्तियां जुटेंगी। जिसके चलते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्थाओं के मद्देनजर यूपी पुलिस ने अयोध्या में 22 से 26 जनवरी को देखते हुए पुलिसकर्मियों के लिए एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ड्यूटी देने वाले पुलिसकर्मी स्मार्ट फोन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा जारी किए निर्देशों के अनुसार, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के वक्त संवेदनशील इलाकों में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी स्मार्ट फोन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, क्योंकि फोन का इस्तेमाल करते वक्त पुलिसकर्मी ड्यूटी पर ध्यान नहीं दे पाते। यह आदेश 22 से 26 जनवरी तक लागू रहेगा। अयोध्या को सुरक्षा के लिहाज से कई जोन में बांटा जाएगा, जबकि रेड और येलो जोन की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पुलिस ने कई कंपनियों ने पुलिस से संपर्क किया है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेटाबेस पर काम करते हुए पूरे इलाके की सुरक्षा को और मजबूत करेंगी।

**कामयाबी**

### इसरो के पहले सूर्य मिशन की सफलता पर पीएम मोदी व विज्ञान मंत्री ने दी बधाई

# आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक अंतिम कक्षा में स्थापित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला आदित्य-एल1 को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर अपनी अंतिम गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है।

शनिवार को लगभग 4 बजे अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल 1) में स्थापित कर दिया गया। एल1 बिंदु पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इसरो के पहले सूर्य मिशन (आदित्य एल1) के सफलतापूर्वक अंतिम कक्षा में पहुंचने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। इसके साथ केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को ट्वीट करते हुए कहा कि मून वॉक से लेकर सन डांस तक भारत के लिए यह साल कितना शानदार रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में टीम इसरो ने एक और सफलता की कहानी लिखी है।



**आदित्य एल1 मिशन का उद्देश्य**

आदित्य एल1 मिशन का उद्देश्य सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है। आदित्य एल1 मिशन अगले पांच सालों तक अध्ययन करेगा। मिशन में सात वैज्ञानिक पेलोड (उपकरण) लेकर गया है। पृथ्वी की कक्षा से बाहर जाने वाला इसरो का 5वां मिशन आदित्य एल1 मिशन स्पेसक्राफ्ट के पेलोड फ़ोटोस्फ़ेयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों का अध्ययन करेगा।

**पांच महीने पहले किया गया था लॉन्च**

भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य एल1 को 2 सितंबर, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सूर्य के अध्ययन के लिए लॉन्च किया गया था। आदित्य-एल 1 में सात पेलोड लगे हैं। इनमें से चार पेलोड ऐसे हैं, जो सूर्य की ओर बढ़ते समय पड़ने वाले असर को रिकॉर्ड करेंगे। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) के चारों ओर एक हैलो ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा (हैलो ऑर्बिट) में स्थापित उपग्रह को बिना किसी ग्रहण के सूर्य को लगातार देख सकता है।

# समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

▸ 202 लोगों ने दिया प्रार्थना पत्र



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने जिला अधिकारी से अपनी अपनी समस्याएं बतायी, उन्होंने सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। सभी विभागों के विभाग अध्यक्षों से उन्होंने सख्त लहजे में कहा की समस्या का निस्तारण समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निपटायें। सबसे अधिक शिकायतें 129 राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुई है, वही 23 शिकायतें पुलिस विभाग से मिली हैं।

इसके अलावा विकास विभाग से 14 विद्युत विभाग से 6 नगर पंचायतों से चकबंदी विभाग से तीन-तीन पूर्ति विभाग एक तथा अन्य विभाग से 22 शिकायतें प्राप्त हुई है तीन शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस प्रकार कुल 204 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें पंजीकृत कराकर जिलाधिकारी को सौंपी है। इस मौके पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार शशिकांत त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, त्रिवेदीगंज बीडीओ अदिति श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता बिजली पीके गौतम, एसडीओ बिजली अशोक कुमार यादव हैदरगढ़, देवीगंज एसडीओ शैलेंद्र गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी जेएन अस्थाना, जेई जल निगम, अधिशासी अधिकारी हैदरगढ़, नगर पंचायत सुबेहा व सिद्धौर, आपूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ,सीएचसी प्रभारी हैदरगढ़ सौरभ शुक्ला,अधीक्षक त्रिवेदीगंज प्रणव श्रीवास्तव, सभी सर्कल के थाना प्रभारी व अन्य विभाग के जनपद से लेकर सभी विभाग के स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**मसौली, बाराबंकी।** तीन दिन पूर्व कोचिंग पढ़ने जा रही नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वालो पर किशोरी के पिता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है इंटरमीडिएट की 17 वर्षीय छात्रा 3 जनवरी को कोचिंग पढ़ने जा रही थी हाइवे पर स्थित हसनापुर मोड पर हेयरकटिंग की दुकान चलाने वाला संदीप पुत्र राम केतार जो अपने अज्ञात साथी के साथ किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया था बेहोशी की हालत मे किशोरी को अज्ञात स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी के अपहरण मे एक पम्मी नामक महिला का भी नाम सज्ञान मे आया है। अपहरणकर्ताओं के चुंगल से रिहा हुई किशोरी दूसरे दिन अस्त व्यस्त अवस्था मे घर पहुंची।

# विभाग की अनदेखी के चलते बदहाल हुई ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गड्ढा मुक्त सड़क अभियान में गड्ढा मुक्त सड़को के साथ-साथ सड़कों का नवीनीकरण व पुनर्स्थापना भी शामिल है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ ऐसे मार्ग भी है जो विभाग की अनदेखी के कारण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

मामला वि.खं. त्रिवेदीगंज के दहिला पोखरा मार्ग से हाथी का पुरवा खैरावीरू होते हुए कान्हूपुर मंझुपुर मार्ग को जोड़ने वाली 7 किलोमीटर लंबी सड़क मार्ग का है जिसका निर्माण कई वर्ष पूर्व मंडी परिषद द्वारा कराया गया था। 2 वर्ष पूर्व बलिया एक्सप्रेस वे के निर्माण के समय इसी मार्ग पर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अपना गोदाम बनाया गया था हैवी लोडर वाहनों के आवा गमन के चलते मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया था ग्रामीणों को कंस्ट्रक्शन कंपनी वालों ने कहा था कि एक्सप्रेसवे बनने के बाद इस मार्ग को भी बना दिया जाएगा परंतु आज तक उस मार्ग पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। इस सड़क मार्ग पर कई गांव स्थित है जिस पर आवागमन में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी मार्ग पर लोगों की आस्था का केंद्र ऐतिहासिक साईं मंदिर भी स्थित है जहां पर हजारों भक्त पूजा अर्चना और दर्शन के लिए आते हैं परंतु खराब मार्ग के चलते अब लोगों का आवागमन और दर्शन पूजन कम हो गया है।

## बिना भेदभाव अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभः सुनील सिंह

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** केंद्र प्रदेश में भाजपा सरकार में समाज के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है पहली बार देश के किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।

आयुष्मान कार्ड से वर्ष में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज के साथ गरीबों को निशुल्क राशन इस सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है उक्त उद्गार विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बल्ला साईखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय बल्ला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह ने व्यक्त किये।

# सोनौरा गौशाला के निरीक्षण में व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त



**मैंगलगंज-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को विकास खण्ड पसगवां मे सोनौरा गौशाला का निरीक्षण मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोमदेव सिंह चौहान, मैगलगंज पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज वर्मा, पसगवां पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल कुमार, खंड विकास अधिकारी पसगवां मोहित कौशिक ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जलालुद्दीन व सचिव कुलदीप राठौर मौजूद रहे। गौशाला की व्यवस्था देखकर सभी संतुष्ट नजर आए। बताया कि मौके पर गौवंश गौशाला मे भूसे के साथ हरा चारा खा रहे थे। अलाव जलता पाया गया ,मृत पशुओं को ले जाने के लिए ट्रैक्टर बोगी मौके पर मौजूद थी। गोबर का निस्तारण सही जगह हुआ था। साफ सफाई से भी अधिकारी संतुष्ट नजर आए गौशाला की खाली पड़ी जमीन पर हरा चारा बुवाने के बाबत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने प्रधान को दिशा निर्देश दिए और गौ सेवकों के लिए केविन व भूसा घर का अति शीघ्र निर्माण करने के लिए पंचायत सचिव कुलदीप राठौर और प्रधान जलालुद्दीन से कहा।

गौशाला में तीन मृत जानवरों से संबंधित वायरल हो रही खबरों को संज्ञान में लेते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे जहां स्थिति को सामान्य पाया। पूर्व में हुई घटना के बारे में प्रधान जलालुद्दीन से मौखिक स्पष्टीकरण मांगा जिसके जवाब में प्रधान ने बताया कि गायों के अंतिम संस्कार के समय फोटो लिया गया था। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अतिशीघ्र गौवंशों के अंतिम संस्कार स्थल के चारों तरफ कांटेदार तार की बाढ़ लगाने के आदेश दिए।



## आवंटन की बाट जोह रहे 176 कांशीराम आवास

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा में गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को पक्की छत मुहैया कराने के लिए एक दशक पहले बनाए गए काशीराम कालोनी के 176 आवासों का अभी तक आवंटन नहीं किया जा सका है। आवंटन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिएजिला अधिकारी के निर्देश पर शनिवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस का समापन होने के बाद नगर पंचायत सुबेहा में स्थित काशी राम कालोनी में पहुंचकर निरीक्षण किया इस दौरान वहा की व्यवस्थाएं देखी परखी। निरीक्षण के दौरान यहां पर बिजली पानी की कोई व्यवस्था नहीं मौजूद थी जिस पर संबंधित मातहतो को आवश्यक निर्देश दिया इस दौरान उनके साथ आज अधिशासी अधिकारी निर्माण एजेंसी आवास विकास परिषद विद्युत विभाग लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण में बन रहे रोड़ा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व प्रधान एवं उनके साथियों द्वारा स्थगन आदेश की आड़ में ग्राम समाज की जमीन पर बन रहे इंटरलॉकिंग मार्ग के निर्माण में व्यवधान किया जा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान वासुदेव रावत के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने आए ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक के रास्ते के निर्माण में रोड़ा अटकाने वाले विपक्षी जनों के विरुद्ध कार्यवाही कर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को अपनी समस्या से अवगत कराने के लिए विकासखंड त्रिवेदीगंज की लखौरा ग्राम पंचायत से प्रधान वासुदेव रावत के नेतृत्व में हैदरगढ़ आए राम सहाय गंगाराम रविंद्र कुमार कल्लू संजय शुभम रमेश चंद आसाराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत प्रधान द्वारा मंसाराम यादव के दरवाजे से भारत मिस्त्री के दरवाजे तक 200 मीटर की लंबाई में इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण किया जा रहा था परंतु गांव निवासी पूर्व प्रधान रघुराज पुत्र राम प्रसाद रामकिशन सोहन रामनाथ श्री कृष्ण पुत्रगण विशेषर, गजराज पुत्र राम प्रसाद आदि ने अपनी बाग की जमीन बताते हुए स्थगन आदेश ले लिया ग्रामीणों ने बताया कि जहां पर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण हो रहा है वह भूमि गाटा संख्या 601 ग्राम समाज की जमीन है।

जबकि विपक्षी जनों द्वारा अपनी बैग गाटा संख्या 602 पर स्थगन आदेश पारित कराया गया है और इसी की आड़ में बेवजह कार्य रोका जा रहा है जिसकी वजह से पिछले एक माह से मात्र 40 मीटर की दूरी में इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### एडीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में दी जानकारी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** डिप्टी डीईओ/ एडीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से सम्बन्धित निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु पूर्व में निर्गत कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की अवधि दिनांक 12.01.2024 (शुक्रवार) तक एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 22.01.2024 (मंगलवार) को किया जायेगा।

### आईसीटी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** आईसीटी प्रतियोगिता में प्रमोद और संगम विजेता घोषित किये गए। 20 दिसंबर 2023 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर खीरी में आई सी टी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमें कई विकास क्षेत्रों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया था। उक्त प्रतियोगिता में एक पुरुष वर्ग से एक महिला वर्ग से चयन किया जाना था। सभी प्रतिभागियों ने पीपीटी के माध्यम से अपना प्रस्तुतीकरण निर्धारित समय में दिया। राज्य परिषद कार्यालय से प्राप्त निर्देश के आधार पर निर्णायक मंडल ने बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पुरूष वर्ग में प्रमोद वर्मा प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रतसिया विकास क्षेत्र बेहजम खीरी से महिला वर्ग में श्रीमती संगम वर्मा सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय जगसड विकास क्षेत्र नकहा से चयन किया। चयनित प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर अपना प्रस्तुतीकरण देना होगा। डायट प्राचार्य ब्रजभूषण चौधरी और बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने दोनों विजेताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

### चौसठ करोड़ की लागत से हर घर में पहुंचेगा स्वच्छ जल



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोदी सरकार की महात्वाकांक्षी अमृत 2.0 का गोला नगर के वार्ड नं19 कानपुर धर्मशाला में भाजपा प्रदेश महामंत्री एम एल सी अनूप गुप्ता द्वारा समारोह पूर्वक भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि दूषित पानी से अनेकानेक बीमारियों से हमें जूझना पड़ता है इसलिए प्रधानमंत्री ने प्रत्येक देशवासी को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए हर घर जल पहुँचाने का कार्य किया है। विधायक अमन गिरि ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के निमित्त 64 करोड़ 39 लाख 58 हजार से नगर के लगभग 14 हजार परिवारों को स्वच्छ जल मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने तथा संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जनार्दन गिरि प्रधान लाल्हापुर, सभासद राजेश अवस्थी, भोली गिरि, धर्मेन्द्र जायसवाल, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, विजय मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, राहुल बाल्मीकि सहित नगर वासी व कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यात्रियों की जान जोखिम में डालकर फर्राटा भर रहे तिपहिया वाहन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पड़ोसी जनपदों में वाहन संचालन के लिए परमिट हासिल करने वाले तिपहिया वाहन बड़ी संख्या में हैदरगढ़ क्षेत्र में फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं परमिट नियमों का उल्लंघन करते हुए दूरस्थ स्थानों के लिए सवारियां ढोकर अपने साथ साथ यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे है।

वाहनों की बड़ी संख्या के चलते हैदरगढ़ में अतिक्रमण हुआ जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। हैदरगढ़ वासियों के लिए दिक्कत पैदा कर रहे हैं इन तिपहिया वाहनों के संचालन के लिए कहीं ना कहीं परिवहन विभाग भी जिम्मेदार हैं अधिक किराया एवं विभिन्न रूटों पर बसों का संचालन ना होना इसकी वजह बताई जा रही है। उल्लेखनीय है की सीएनजी डीजल से चलने वाले वाहन बड़ी संख्या में रायबरेली अमेठी लखनऊ अयोध्या आदि जनपदों में संचालन के लिए पंजीकरण कराने के बाद हैदरगढ़ में संचालित होते देखे जा रहे है। सैकड़ो की संख्या में मौजूद तिपहिया वाहन एव बैटरी रिक्शा मानक से दोगुनी सवारियां लादकर बछरावां इन्हौना जगदीशपुर महाराजगंज शिवरतनगंज सेमरौता बाराबंकी आदि दूरस्थ स्थान के लिए आवागमन करते हुए कभी भी देखे जा सकते हैं। ढाई सैकड़ा से अधिक संख्या में चलने वाले इन वाहनों की वजह से हैदरगढ़ चौराहे सहित कस्बे के अन्य स्टैंड पर अतिक्रमण होने के चलते आवागमन बाधित रहता है और लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी गैर जनपदों से आने वाली इन वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने से कतराते हुए नजर आते हैं। बड़ी संख्या में लखनऊ मुख्यालय के लिए यात्रा करने वाले यात्री बताते हैं कि जहां प्राइवेट वाहनों से 40 से 50 में अहमामऊ तक पहुंच जाते हैं। जबकि हैदरगढ़ बस स्टेशन से लखनऊ के लिए बस न मिलने लॉन्ग रूट से आने वाली बस में बैठने की जगह न होने तथा टोल की वजह से लखनऊ जाने के लिए किराया ज्यादा होने की वजह से लखनऊ जाने वाले यात्री प्राइवेट वाहनों से यात्रा करना ज्यादा मुफीद समझते हैं।

जहां लखनऊ जाने का सरकारी किराया ज्यादा होने की वजह से यात्री प्राइवेट वाहनों से आवागमन करते हैं वही पौने तीन करोड रुपए की लागत से हैदरगढ़ में बने बस स्टेशन से बाराबंकी जिला मुख्यालय को छोड़कर भिटरिया, सुबेहा-शुकुल बाजार, शिवगढ़-बछरावां, महराजगंज-रायबरेली एवम शिवरतनगंज-सेमरौता आदि मार्गो परिवहन निगम की कोई बस सेवा संचालित ना होने की वजह से लोगों को मजबूरन डडग्गामार वाहनों में भूसे की तरह भरकर और मनमाना किराया देकर यात्रा करनी पड़ती है।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**मोहम्मदी, खीरी समृद्धि न्यूज।**

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण को लेकर मोहम्मदी तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मोहम्मदी उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के इस आयोजन में उप जिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के साथ मोहम्मदी पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने दूर-दूर से आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व विभाग की 03 शिकायतों का उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की सर्वाधिक 14, पुलिस विभाग की 04, विकास विभाग की 02 और नगर पालिका परिषद मोहम्मदी से संबंधित 01 प्रार्थना पत्र आया, किंतु नगर पालिका परिषद मोहम्मदी व नगर पंचायत बरवर से जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी नव वर्ष के पहले माह के पहले शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नदारद दिखे। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के साथ पुलिस उपाधीक्षक अरूण कुमार सिंह, निरीक्षक अम्बर सिंह, उपखण्ड अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं नगर पालिका परिषद मोहम्मदी व नगर पंचायत बरवर से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित नहीं थे, जिस कारण नगर पालिका से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादी को मायूस होकर लौटना पड़ा।

# पीयर एजुकेट कार्यक्रम अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**





किशोरावस्था में किशोर और किशोरियों को उनके अंदर हो रहे शारीरिक , मानसिक एवं भावनात्मक बदलाव और स्वास्थ संबंधी सभी परामर्श एवं उपचार के लिए पर पीयर एजुकेट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ब्लॉकों के चयनित बीसीपीएम और एएनएम को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। शुक्रवार की देर शाम प्रशिक्षण समापन पर सभी को प्रमाण भी वितरित किए गए।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सचिन गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर और किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधी सभी परामर्शों और उपचार के लिए पीयर एजुकेटर कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है यह यह कार्यक्रम अभी चयनित सात ब्लॉकों में चलाया जा रहा है जिन में बेहजम, बिजुआ, ईसानगर, कुंभी, फरधान, फूलबेहड़ और रमियाबेहड़ शामिल है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा भी प्रशिक्षकों को कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर विस्तार से बताया गया है और उनके द्वारा संबंधित से सवाल जवाब भी किए गए। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में शरीर में होने वाले बदलाव मानसिक एवं भावनात्मक बदलावों के दौरान किस तरह से किशोर और किशोरियों को तैयार करना है साथ ही किशोरावस्था में नशा वृद्धि हिंसा पीयर प्रेशर नेतृत्व कौशल शिक्षा का महत्व विवाह की सही उम्र लिंग आधारित हिंसा जैसे अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता एसीएमओ डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा मास्टर ट्रेनर अधीक्षक नकहा डॉक्टर रामू सिंह और कंसल्टेंट किशोर स्वास्थ्य सचिन गुप्ता सहित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर किशोर स्वास्थ्य श्वेता सिंह द्वारा सभी प्रशिक्षों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे वह अपने क्षेत्र में कार्यक्रम और शासन की मंशा के अनुरूप और अधिक बेहतर कार्य कर सके।

### एन एच 730पर कब्जादारों के खिलाफ एनएच ने जारी किया नोटिस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के कस्बा मोहम्मदी के निवासी कश्मीर सिंह पुत्र दर्शन सिंह ने एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को दिया था जिसमें कहा था कि उनके खेत जाने वाले मार्ग पर लोगों ने कब्जा कर रखा है जिसको लेकर एसडीएम मोहम्मदी ने जांच कराकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नोटिस भेजकर कार्यवाही करने को कहा था एसडीएम कार्यालय पत्र संख्या 541 राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली के अधिशाषी अभियंता ने संज्ञान लेकर संबंधित मार्ग पर अतिक्रमणकारियों पर नोटिस जारी कर दी है 15 दिन का समय देते हुए उन्हें कब्ज़ा मुक्त करने का अवसर दिया है अगर 15 दिन के अंदर तक अगर कब्ज़ा मुक्त नहीं किया तो विभागीय कार्यवाही करके अतिक्रमण मुक्त कर दिया जायेगा।

# नपा अध्यक्ष ने अपने जन्मदिवस पर गरीबों को वितरित किए कंबल

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**



नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने शनिवार सुबह 9 बजे अपने निवास पर गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड में कंबल पाकर लोग बड़े खुश नजर आए। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने 48वे जन्मदिन के मौके पर गरीब जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर गरीबों को मिठाई व कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि मानव सेवा उनके स्वभाव में है इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि बढ़ती ठंड से इन्हें राहत पहुंचाना हमलोगों का कर्तव्य है। इनके राहत के लिए कंबल वितरण सरकार भी वितरण कर रही है।

इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों ने मोहम्मद क़य्यूम के साथ धूमधाम से मनाया गया। कर्मचारियों ने केक काटकर उनकी स्वस्थ और लंबी उम्र की कामना की।

पहल | सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# डीएम ने समस्यायें सुनकर निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 24, पुलिस 16, विकास 08, नगर निकाय 05, आपूर्ति 03, विद्युत 05, कृषि के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया।

### डीएम-एसपी ने पांच बच्चों को बांटी सुपोषण किट

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर के लोकसभागार में सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी के साथ शहर के आंगनबाड़ी केंद्र शमशेरनगर में नामांकित शिशु जा पहुंचे, जहां डीपीओ भारत प्रसाद की अगुवाई में शिशु रिया, हफ्सा, कायनात और अलीजा ने अपने हाथों से बनाई नववर्ष की ग्रीटिंग डीएम, एसपी को भेंट की। इस दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल 卐संपूर्ण सुपोषण अभियान卐 के तहत (सैम श्रेणी) अतिकुपोषित श्रेणी की शिशु सपना, अर्पिता, शिवानी, हसन, रिजा को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। इस मौके पर डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए।

## एडिशनल एसपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज, गर्भपात कराने का आरोप

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। एटीएस में तैनात एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ लखनऊ के गोमती विस्तार थाने में रेप का मुकदमा दर्ज हो गया है। उनके खिलाफ एक युवती ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। वह करीब दो महीने से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही थी।

पिछले दिनों उसने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर सीएम योगी आदित्यनाथ, डीजीपी समेत कई पुलिस अफसरों को अपनी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद यूपी पुलिस हैंडल से जवाब देते उसकी शिकायत की जांच कराने की बात कही गई थी।

युवती ने एक्स पर लिखा था कि पुलिस विभाग के आला अधिकारियों और 1090 पर शिकायत की, लेकिन पीपीएस अफसर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही युवती ने पीपीएस अफसर की वीडियो कॉल का स्क्रीन शॉट भी शेयर किया था। इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर गुरुवार को फिर ट्वीट किया। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। गोमतीनगर विस्तार थाने में दर्ज पिता के मुताबिक युवती ने इसमें एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव के साथ उनकी पत्नी शालिनी के अलावा सौरभ, सतीश, विक्रम, सिद्धार्थ और अन्य को आरोपी बनाया है।

## जनता की समस्याओं का अधिकारी त्वरित गति से करें निस्तारण : डीएम

### जन शिकायतों का समाधान सरकार की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए गए की दिव्यांगजनों जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बने है उनको चिन्हित करते हुए ग्रामवार कैम्प का आयोजन किया जाए। साथ ही जिन लाभार्थियों की पेंशन पहले आती थी परंतु वर्तमान में नहीं आ रही है उनके लिए भी कैंप लगवाना सुनिश्चित कराया जाए। उक्त के साथ ही शीतलहर के दृष्टिगत समस्त तहसीलों में उप जिलाधिकारियों द्वारा रात्रि में भ्रमणशील रहते हुए जरूरतमंद लोगो को कंबलो का वितरण और रैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाओं का सत्यापन करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए गए की शीत लहर के दृष्टिगत गौ आश्रय केंद्रों में गौ वंशो को ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था और सीएसआर के माध्यम से खाली बोरो की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए।

### 213 प्रकरणों में 56 मामलों का मौके पर निस्तारण

सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 213 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 56 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 38 में से 13 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 76 में से 14 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 187 में से 43 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 213 में से 56 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 123 में से 26 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस 89, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 01, राजस्व 345, विकास 47, शिक्षा 01, समाज कल्याण 37, चिकित्सा 05 तथा अन्य 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

### अनुराग प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार बच्चा एवं महामंत्री शरद शुक्ला ने बताया कि अनुराग कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्राम्य विकास विभाग को इनकी लेखा एवं ऑडिट के कर्मचारियों के हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए इन्हें उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अनुराग कुमार श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लेखा एवं ऑडिट संवर्ग के हजारों कर्मचारियों ने खुशी जताई। बधाई देने वालों में राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पांडे, बलदाऊ जी श्रीवास्तव, दिलीप सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, हरीश चौधरी, गौरव शर्मा, अतुल शुक्ला, संत कुमार, यदुवेश चतुर्वेदी, अर्चना, अतुल द्विवेदी आदि शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में रिकवरी एजेंट ने खुद को मारी गोली, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मड़ियाव थाना क्षेत्र में शनिवार को रिकवरी एजेंट ने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। युवक शराब की आदी था और उसक इलाज नशा मुक्ति केंद्र से चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मड़ियाव के हरिओम नगर फैजुल्लागंज में रहने वाला प्रशांत रस्तोगी (34) रिकवरी एजेंट का काम करता था। पत्नी पूजा ने बताया कि शुक्रवार की देर रात को पति नशे की की हालत में घर पहुंचे तो उनके कपड़े कीचड़ से सने हुए और चोट के निशान थे। परिवार ने पूछा तो उसने बताया कि वह गिर गया, इतनी बात कहकर कमरे में चला गया। पत्नी दर्द निवारक दवा देकर चाय बनाने के लिए कमरे में चली गई। इतने में गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो परिजन कमरे में पहुंचे। उन्होंने देखा कि प्रशांत खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ है। आनन–फानन में परिजन उसे लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

### पारसनाथ व चंद्र प्रभु की जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भगवान पारसनाथ एवं चंद्र प्रभु की जयंती एवं शोभायात्रा का भव्य आयोजन 7 जनवरी दिन रविवार को काकोरी जैन मन्दिर में किया जायेगा। संयोजक विशाल जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ जयंती समारोह भगवान पारसनाथ धाम अमेठिया सलेमपुर काकोरी में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान पारसनाथ के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसी के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर अमेठिया सलेमपुर गांव होते हुए वापस मंदिर की में आएगी। इस अवसर पर बाराबंकी, टिकैतनगर, महमूदाबाद, फतेहपुर, बहराइच, कानपुर, कानपुर आदि स्थानों से यात्री बस द्वारा आएंगे।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला 8 को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आईटीआई प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 08 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है जिसमें 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एमए खाँ ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले में 1953 रिक्तियाँ लेकर कंपनियां आ रही है जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, डिप्लोमा आईटीआई, स्नातक, बीटेक पास एवं हो 18 से 40 वर्ष वाले लोग ही प्रतिभाग कर सकते हैं।कंपनियां द्वारा वेतन 13,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह एवं सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी। इच्छूक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### जरूरतमंदों व असहाय को वितरित किए गए कंबल



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा एवं लायंस क्लब लखनऊ व मॉर्निंग वॉकर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को लोहिया पार्क चौक में जरूरतमंदों व असहाय को कंबल वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि नीरज बोरा (विधायक) व अनुराग मिश्रा (पार्षद )के कर कमलो द्वारा वितरण किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित डीपी सिंह, अवधेश शुक्ला, अंकुर दिक्षित, अनिल गुप्ता, उषा अग्रवाल, रमेश चंद्र, गुरु शरण सिंह, राजेश बत्रा, नसीम, राजेंद्र टंडन जय आनंद, लक्ष्मी आनंद एवं चौक समाचार पत्र वितरक भी उपस्थित रहे।

### चौक पुलिस ने वितरित किए कंबल



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में कड़ाके की ठंड में गरीबों की मदद के लिए व डीसीपी पश्चिम राहुल राज के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी प्रवीन यादव ने चौकी पर किया कम्बल वितरण डीआईजी/डीसीपी पश्चिम राहुल राज के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज चौकी पर हुआ कम्बल वितरण। कड़ाके की ठंड को देखते हुए मेडिकल कॉलेज चौकी पर डीसीपी पश्चिम राहुल राज व एडीसीपी पश्चिम विश्वजित श्रीवास्तव व चौक एसीपी के नेतृत्व इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय व चौकी प्रभारी ने किया कम्बल वितरण। मेडिकल कॉलेज में आए गरीब बेसहारा लोगों ने कड़ाके की ठंड में कम्बल को पाकर किया कमिश्नरेट पुलिस का धन्यवाद दिया।

### लोकदल की किसान सम्मान यात्रा 10 को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह की अगुवाई में 10 जनवरी 2024 को अलीगढ़ में किसान सम्मान यात्रा निकाली जायेगी। लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम पान्डेय ने बताया कि पुर्व कृषि एवं सिचाई मंत्री तथा सूबे में नेता बिरोधी दल रहे चौधरी राजेन्द्र सिंह की 97 वीं जयंती के दिन लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह के नेतृत्व में 10 जनवरी को खैर से अलीगढ़ स्थित सम्राट लाज तक किसान सम्मान यात्रा निकाली जायेगी।

## गरीबों के पास खुद जा रही है सरकार

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चौपालों के बहुत सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का विधिवत आयोजन किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं, उनसे इतर दूसरे मजरों में ग्राम चौपाल अनवरत रूप से की जांय।

मोदी ऐप डाउनलोड करने के लिए ग्राम विकास से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों व लाभार्थियों को प्रेरित किया जाए, इस ऐप में गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं का विवरण रहता है और उससे लाभकारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मोदी ऐप डाउनलोड करने की ड्राइव चलाई जाय। चौपालों में भी इसके बारे में चर्चा की जाए और लोगों को प्रेरित किया जाए। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1553ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 5401 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4837 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 8127 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालो में 01लाख 97हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि 6 जनवरी से अब तक 71 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 53 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 16 हजार से अधिक समस्याओ,प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

### अटल भूजल योजना की रैंकिंग में यूपी सिरमौर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों जरूरत भर के पानी के लिए भी लोगों को तरसना पड़ता था।ग्रामीणों ने पानी की किल्लत को अपनी नियति मान लिया था, ऐसा अब बिल्कुल नहीं है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पिछले साढ़े छह साल में उत्तर प्रदेश की इस नियति को बदलकर रख दिया है। गांव गांव तक पानी पहुंचाना हो या उसकी गुणवत्ता यूपी सिरमौर है। अटल भूजल योजना की रैंकिंग में भी यही साबित हुआ है। हर घर नल से जल योजना के माध्यम से पानी तो गांव–गांव पहुंच ही रहा है साथ ही जल संरक्षण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल हो चुका है। भू जल स्तर में गिरावट को रोकने में देश के छह राज्यो से यूपी कहीं आगे निकल गया है। भूजल योजना की रैंकिंग में अव्वल नंबर मिला है। भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबंधन और नियमन को यूपी के 10 जिलों चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, झांसी, मुज्जफ्फरनगर, शामली, ललितपुर, महोबा, बागपत और मेरठ में तेजी से पूरा किया जा रहा है। ताजा आंकड़े दिसम्बर 2023 में जारी किए गए हैं. इस रैंकिंग में यूपी ने अटल भूजल योजना में राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। यूपी के बाद महाराष्ट्र, तीसरे पर मध्य प्रदेश है, जबकि हरियाणा, कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान इन तीनों राज्यों से पीछे हैं। जिला रैंकिंग में सभी सात राज्यों के 78 जिलों में यूपी के पांच जिले शामली, झांसी, ललितपुर,मुज्फ्फरनगर, हमीरपुर टॉप 10 में शामिल हुए हैं।जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यूपी में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबंधन और नियमन के 10 जिलों में तेजी से चल रहे कार्यों की सराहना की है।उन्होंने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव समेत अधिकारियों और जमीनी स्तर तक योजना को ले जा रहे इंजीनियरों और कर्मचारियों की भी तारीफ की है।

## विधायक को टीबी अस्पताल के निरीक्षण में मिली खामियां



### डा. नीरज बोरा ने किया टीबी अस्पताल का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विधायक डा. नीरज बोरा ने शनिवार को ठाकुरगंज स्थित टी.बी. सह संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की और खामियों को चिन्हित किया। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सरकार की प्राथमिकता होने के बाद भी अधिकारियों की मनमानी पर नाराज विधायक ने मामले को विधान सभा में उठाने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही कराने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान विधायक डा. बोरा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की और चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में पूछा। विधायक के प्रयासों से अस्पताल में उपलब्ध लैप्रोस्कोपिक उपकरणों के बारे में पूछा गया तो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एस.पी.सिह ने बताया कि उन उपकरणों को लोक बन्धु अस्पताल में भेज दिया गया है। अस्पताल में नियुक्त सर्जन का भी अन्यत्र स्थानान्तरण किये जाने पर विधायक डा. बोरा ने नाराजगी जतायी। कहा कि मामले को विधानसभा में उठायेंगे तथा दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए पत्र लिखेंगे। अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड के लिए चिकित्सक नहीं होने पर उन्होंने रिक्तियों का विवरण मांगा। पता चला कि रेडियोलाजिस्ट, जनरल फिजिशियन और सर्जन के स्वीकृत पदों के सापेक्ष चिकित्सकों के सभी पद खाली हैं।

## जगदीश गांधी की हालत नाजुक वेंटिलेटर सपोर्ट पर चल रहा इलाज

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ है। मेंदाता अस्पताल में वैंटिलेटर सपोर्ट पर उनका इलाज चल रहा है। हालांकि इस दौरान उनको लेकर कई तरह की खबरे चल रही है। इसको सीएमएस प्रबंधक और अस्पताल प्रशासन ने खंडन किया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी सेहत को लेकर मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा। राजधानी ही नहीं देश के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूल सिस्टम के प्रबंधक जगदीश गांधी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे है।

87 साल के जगदीश गांधी उम्र संबंधित बीमारियों की वजह से परेशान है। उसका इलाज मेंदाता अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनके द्वारा स्थापित सीएमएस स्कूल में करीब 60 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ते है। साल 1959 में उन्होंने 5 छात्रों के साथ सीएमएस की स्थापना की थी। जगदीश गांधी को 28 दिसंबर को भर्ती किया गया था। इलाज के बाद भी उनकी हालत नाजुक बनी हुई। उनकी स्थिति को देखते हुये वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। जगदीश गांधी ने लखनऊ से ही पूर विश्व में अपना नाम कमाया। आज निजी स्कूलों की बात करें तो सीएमएस को विश्व में तीसरा स्थान प्राप्त है।

डॉ. जगदीश गांधी का जन्म 10 नवम्बर 1936 को अलीगढ़ के ग्राम बरसौली में हुआ। वह गांधीवादी नेता माने जाते है। वह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा साल 1969 से 1974 तक वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे है। वह निर्दल प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीत चुके है। मौजूदा समय सीएमएस की 28 ब्रांच शहर के अलग-अलग इलाकों में चल रही है।

## एजेंडा यूपी पर 17 जनवरी को लखनऊ में सम्मेलन

लखनऊ। आंदोलनकारियों, विभिन्न विचार समूह, संगठनों और राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा गठित एजेंडा यू पी 2023- 24 टीम की वर्चुअल मीटिंग में प्रदेशव्यापी अभियान संचालित करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए 17 जनवरी को लखनऊ के दारुलसफा कामन हाल में सम्मेलन सह बैठक का आयोजन का फैसला लिया गया है। उक्त जानकारी एजेंडा यूपी टीम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। एजेंडा यूपी में प्रमुख रूप से हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की गारंटी, प्रदेश में रिक्त पड़े 6 लाख पदों को तत्काल भरने, दलित-आदिवासी-अति पिछड़े, भूमिहीन व गरीब परिवारों को आवासीय भूमि और आजीविका के लिए एक एकड़ जमीन, सहकारी खेती का प्रोत्साहन, सभी नागरिकों को निशुल्क व स्तरीय सरकारी शिक्षा व दवा, इलाज की व्यवस्था, शिक्षा-स्वास्थ्य के बजट में बढ़ोतरी, नागरिक अधिकारों की रक्षा, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून, मजदूर विरोधी लेबर कोड की समाप्ति और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं। वर्चुअल मीटिंग में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में बेकारी की भयावह स्थिति के चलते लोगों के पलायन में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे कराने से किसानों की जिंदगी में आएंगे नए बदलाव

### मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की अफसरों के साथ बैठक

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ एग्री स्टैक योजना के संबंध में बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि एग्री स्टैक का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह, बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच बनाना, हितधारकों द्वारा विभिन्न किसान और कृषि-केंद्रित लाभदायी योजनाएं बनाना व उन्हें लागू करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कराने से किसानों की जिंदगी में नए बदलाव आएंगे, उनके उत्पादन का प्रमाणित आंकड़ा आसानी से मिल सकेगा, जिससे कृषकों के आर्थिक विकास उन्नयन एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में नई क्रान्ति आएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के रकबे का सही आंकड़ा प्राप्त होने से बैंकों द्वारा किसानों को कृषि निवेश क्रय करने हेतु आसानी से केसीसी जारी हो सकेगा। आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बैठे-बैठे डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से यह पता हो सकेगा कि किसान ने अपने खेत में कौन-कौन सी फसलें बोई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की इकोनॉमी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाए जाने में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। डिजिटल क्रॉप सर्वे द्वारा फसलवार आच्छादन की सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि उत्पादों से आय का वास्तविक आकलन संभव होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे के डाटा से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं में त्वरित सत्यापन बहुत ही सुगमता से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में प्रदेश ने खरीफ में 21 जनपदों में शत प्रतिशत तथा 54 जनपदों में 10-10 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण होने की उपलब्धि हासिल की है। अब प्रदेश के लगभग 100ः प्लॉट्स का जिओ-रेफ्रेंसिंग किया जा चुका है। इसलिए वर्तमान रबी फसल का प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 100ः डिजिटल क्रॉप सर्वे की शुरुआत हो चुकी है।

जन कल्याण

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव ने बताया

## हर हाथ को काम दिलाने का कार्य कर रही है सरकार

### आईटीआई अलीगंज लखनऊ में होगी इजराइल जाने वालों की परीक्षा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के लोगों के हर हाथ को काम दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की पहल पर भारतीय श्रमिकों को इजराइल में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए इजराइल सरकार एवं भारत सरकार के मध्य हुई अनुबन्ध के अन्तर्गत 10 हजार प्रशिक्षित श्रमिकों को इजराइल भेजने की तैयारी की जा रही है। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि शटरिंग कारपेन्टर, आयरन वेन्डिंग, सेरेमिक टाईल/प्लास्टरिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित किये जाने के संबंध में प्रधानाचार्य, आईटीआई अलीगंज लखनऊ को टेस्टिंग कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

शटरिंग कारपेन्टर, आयरन वेन्डिंग, सेरेमिक टाईल/प्लास्टरिंग के क्षेत्र में जानकारी रखने वाले श्रमिको को 1,37,250 प्रतिमाह वेतन पर इजराइल भेजे जाएंगे। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इजराइल जाने वाले श्रमिकों की 23 जनवरी, 2024 से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ में परीक्षा होना प्रस्तावित है जिसमें इजराइल के परीक्षक परीक्षा लेंगे। जो श्रमिक नौकरी के लिए इच्छूक हो तथा ज्ञान रखते हो वे वेबसाइट www.nsdcjobx.com पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आईटीआई लखनऊ में भारतीय श्रमिकों की परीक्षा की समस्त तैयारियाँ इजराइल के द्वारा दिये गये मापदण्डों के अनुरूप इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। शनिवार को निदेशक प्रशिक्षण व सेवायोजन कुणाल सिल्कू द्वारा राजकीय आईटीआई लखनऊ में परीक्षा को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय तैयारियों के लिए प्रधानाचार्य आईटीआई की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान पर संयुक्त निदेशक सत्यकान्त सहित संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कारागार मंत्री ने जिला जेल में बंदियों में बांटे कम्बल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने आज लखनऊ जिला जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनसे मिलने उनके परिजन लंबे समय से नहीं आ रहे हैं, उनको कम्बल एवं गर्म इनर वितरित किये। उन्होंने 30 बंदियों को कम्बल एवं 100 बंदियों को गर्म इनर दिया। साथ ही उन्होंने बंदियों को 150 हनुमान चालीसा एवं 150 सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें वितरित की। हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें वितरित करने का उद्देश्य आपकों बेवजह की मुकदमों की चर्चा से दूर रखना है। खाली समय में आप अपने पसंद की पुस्तकों को पढ़े, इससे सोच में परिवर्तन आयेगा और यहां से बाहर निकलने के पश्चात आप क्राइम से दूर रहेंगे।

## प्लाई फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

लखनऊ। चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत मटियारी में शुक्रवार देर रात एक प्लाई आरा मशीन फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते-देखते आग पूरे फैक्टरी में फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की नौ गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही। बताया जा रहा है कि इस आग में एक व्यक्ति के झुलसने से मौत हो गई है, हालांकि खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, रात करीब 12.15 बजे फायर ब्रिगेड के कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि चिनहट की एक प्लाई आरा मशीन फैक्ट्री में आग लगी हुई है। इंदिरानगर, गोमतीनगर, हजरतगंज समेत आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गई।

## जनता ने बना लिया है बीजेपी को हराने का मन : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी और देश की जनता भाजपा सरकार को हटाना चाहती है। समाजवादी पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ इंडिया गठबंधन के साथ है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में देश की सीमाएं असुरक्षित हैं।

सरकार न तो सीमा की सुरक्षा कर पा रही है और न हमारे सैनिकों की सुरक्षा कर पा रही है। चीन घुसपैठ कर रहा है। 1962 के युद्ध में सीमा की रक्षा करने वाले हमारे जवानों की याद में बने मेमोरियल को चीन ने तोड़ दिया। लेकिन सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। घर-घर में नौजवान बेरोजगार बैठा है।

भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की सीमा, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सवाल पर भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। भाजपा सरकार को लेकर पूरे देश में अविश्वास का माहौल है। भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के बजाय दूसरे मुद्दों में उलझाने का प्रयास कर रही है।

# चीफ इंजीनियर, बेटे और ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है।यहां एक ठेकेदार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता के बेटे को मर्सिडीज कार गिफ्ट करके करोड़ों का टेंडर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर ले लिया।लंबी जांच पड़ताल के बाद फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। तब कहीं जाकर गोंडा में चीफ इंजीनियर और उनके बेटे और ठेकेदार ओमवीर सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

दरअसल पूरा मामला वर्ष 2011 में गोंडा के 696 मजरों में 11 वीं राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना के अंतर्गत विद्युतीकरण होना था।इसे लेकर यूपी सिडको ने टेंडर कराए थे।टेंडर में नोएडा की फर्म मेसर्स ओमवीर सिंह समेत कई कंपनियों ने हिस्सा लिया था। अंत में इसका टेंडर मेसर्स ओमवीर सिंह कंपनी को मिला था।इधर, पिछले साल 2023 मार्च में गाजियाबाद की रहने वाली मेघना चौधरी ने गोंडा की इस विद्युतीकरण योजना में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए ठेकेदार पर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर टेंडर लेने और टेंडर के लिए चीफ इंजीनियर के बेटे को मर्सिडीज कार गिफ्ट किये जाने की शिकायत योगी सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार से की।

***राज्यमंत्री के आदेश पर तत्कालीन डीएम ने कराई जांच :-*** इस शिकायत का संज्ञान लेकर राज्य मंत्री के आदेश पर तत्कालीन जिला अधिकारी गोंडा उज्जवल कुमार ने तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शशांक त्रिपाठी को जांच कमेटी गठित कर जांच कराने के आदेश दिए थे।उपनिदेशक समाज कल्याण देवीपाटन गोण्डा के.एल गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर समाज कल्याण विभाग की जांच कमेटी ने जब पूरे मामले की जांच की तो आरोप सही पाए गए और बड़ा फर्जी वाड़ा निकलकर सामने आया।

***जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी :-*** नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया, उपनिदेशक की तहरीर पर तत्कालीन चीफ इंजीनियर, उनके बेटे और ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।मामले की जांच क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव को दी गई है।मामले में जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### टेंडर में लगा अनुभव प्रमाणपत्र निकला फर्जी

जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, टेंडर लेने वाली फर्म मेसर्स ओमवीर सिंह कंपनी के मालिक ठेकेदार ओमवीर सिंह ने टेंडर लेने के लिए जो अनुभव प्रमाण पत्र लगाया वो फर्जी पाया गया है।ये प्रमाणपत्र न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा की तरफ से जारी ही नहीं किया गया था।

### प्रधानों से लिए गए प्रमाणपत्र भी फर्जी निकले

जांच में ये भी सामने आया कि गोंडा जिले के 696 मजरों में काम किया जाना था उनमें 100 मजरों में विद्युतीकरण पूरा दिखाकर ग्राम प्रधानों से 100 प्रमाणपत्र ले लिये गए लेकिन इनमें से 36 प्रमाणपत्र भी फर्जी निकले और बिना काम किये ही प्रमाणपत्र लगाकर पेमेंट करा ली गई।

### काम खत्म होने के बाद मर्सिडीज कार ठेकेदार ने दी

इसके अलावा जब जांच की जद में चीफ इंजीनियर आए तो पता चला कि फर्जी टेंडर के बदले में मेसर्स ओमवीर सिंह के मालिक व ठेकेदार ओमवीर सिंह ने टेंडर का काम पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन मुख्य अभियंता एसपी करगेती के बेटे प्रतीक करगेती को मर्सिडीज कार (मर्सिडीज बेंज-सीएलए 200) भी गिफ्ट की थी जिसकी वर्तमान कीमत करीब एक्स शोरूम कीमत 37 लाख रुपये है जिसके बाद जांच में चीफ इंजीनियर और उनके बेटे प्रतीक का नाम भी शामिल किया गया फिलहाल मुख्य अभियंता 2015 में रिटायर होकर लखनऊ में परिवार के साथ रह रहे हैं जांच में इतने फर्जीवाड़े पकड़ में आने के बाद उपनिदेशक समाज कल्याण देवीपाटन केएल गुप्ता ने डीएम को रिपोर्ट सौंपकर गोंडा नगर कोतवाली में शुक्रवार को तहरीर देकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता (रि.) एसपी करगेती, बेटे प्रतीक करगेती व ठेकेदार ओमवीर सिंह के खिलाफ धारा 419, 420, 468 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जांच क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव को सौंपी है।

## पत्रकार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली पुलिस के एकपक्षीय मनमानी कार्यवाही से त्रस्त हिंदी दैनिक समाचार पत्र के एक पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक गोण्डा को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकार के मजरा मुलायम पुरवा निवासी पीड़ित संदीप कुमार शुक्ल पुत्र बाबू लाल शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक को दिए गये पत्र में कहा है कि वह चचरी प्रहलाद गंज संपर्क मार्ग के किनारे अपने खेत मे गांव के समीप आवास का निर्माण करवा रहा है। बीते सत्ताईस दिसंबर 2023 की शाम करीब पांच बजे लेबर व मिस्त्री की छुट्टी करने के बाद वह गांव के ही महेश से बातचीत कर रहा था तभी वहाँ राजिंदर गोस्वामी पुत्र कल्पनाथ व एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से निकले और उक्त दबंग लोगों ने गाड़ी रोककर पीड़ित पत्रकार को मां बहिन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। हल्ला गुहार सुनकर गाँव के लोग दौड़े आये तभी दबंग व्यक्ति जान से मारने की धमकी व पीड़ित की पूर्व में गिट्टी मौरंग आदि सामान की चोरी स्वयं द्वारा किये जाने की बात कहते हुए चले गए। पीड़ित ने उसी समय उक्त घटना की आनलाइन शिकायत की एवं अपने स्थानीय चौकी में भी एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कर्नलगंज पुलिस द्वारा घटना के तीन दिन बाद उल्टे पीड़ित पत्रकार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

# यूको बैंक का 82वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिला मुख्यालय स्थित यूको बैंक शाखा में 6 जनवरी को 82 वां स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर शाखा में कार्यरत बैंक बैंक के शाखा प्रबंधक अवनीश मिश्रा ने बताया कि इस बैंक की स्थापना 6 जनवरी सन 1943 को हुई थी कर्मियों ने सीनियर सिटीजन से केक काटकर स्थापना दिवस मनाया और बैंक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 82 वर्षों से कार्यरत बैंक की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में राज्य सरकार की योजनाओं के तहत सभी जरूरतमंद लोगों को ऋण देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में अपनी भूमिका निभाए।पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को समूह के माध्यम से ऋण जीएसटी लोन, मुद्रा लोन,व्यवसाय लोन,होम लोन,कार लोन,आदि उपलब्ध करवाकर उन्हें स्वावलंबी बनाएं।यूको बैंक सभी ग्राहकों के प्रति संवेदनशील रहे और ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित रहे।इस अवसर पर उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बैंकिंग प्रणाली से जुड़ कर लाभ उठाने की अपील भी की है।अग्रणी बैंक जिला शाखा प्रबंधक अवनीश मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में करीब 34 सौ यूको बैंक की शाखाएं है।और जिला मुख्यालय पर यूको बैंक की सिर्फ एक ही शाखा है।इस अवसर पर प्रमुख खजांची कृष्ण गोपाल गुप्ता तथा अनुसार रामरतन मौजूद थे साथ ही सहायक शाखा प्रबंधक अभिषेक बाल्यान ने बताया कि गोण्डा मुख्यालय में स्थित यूको बैंक के इस शाखा के अंतर्गत सात हजार से अधिक लोग बैंकिंग प्रणाली से जुड़े हैं।इस शाखा के तहत ग्राहकों को विभिन्न सुविधाएं जैसे मोबाइल बैंकिंग,ई बैंकिंग,यूको भीम,यूपीआई आर यूको स्क्वायर प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह शाखा ग्राहकों के हित संवर्धन के लिए समर्पित है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

यूको बैंक के 82 स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित बैंक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाएं दी। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ो सौ से अधिक लोगों की जांच कर दवाएं दी गई। शिविर में मेडिकल आफिसर डॉ. फर्दुख सगीर, ने कहा कि सबसे पिछड़े तबके तक चिकित्सा सेवा पहुंचाना पुनीत कार्य है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग मरीज के साथ है। इस मौके पर डॉ.आनंद कुमार (एमओ) अब्दुल खालिक फार्मासिस्ट, इरशाद अहमद डीइओ, विष्णु प्रजापति, संतोष यादव, उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : एसपी-सीडीओ ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

- संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण अधिकारी : मुख्य विकास अधिकारी



शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर गोण्डा में एसपी व सीडीओ ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 165 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 8 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीडीओ ने उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की ठोकर से किसान की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कोतवाली देहात और रूपईडीहा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें किसान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वृद्ध समेत तीन घायल हुए हैं। वृद्ध को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जातापुर के मजरा गंगापुर निवासी जानिब अली (27) पुत्र हजारी प्रसाद किसान थे। वह शुक्रवार रात को खेत में लगे फसल की रखवाली कर वापस आ रहे थे। रात नौ बजे नेपालगंज मार्ग पर जैतापुर पेट्रोल पंप के पास बाइक ने पैदल घर जा रहे किसान को ठोकर मार दी। इसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पैदल जा रहे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सवार कोतवाली नानपारा के बरूहा बितनिया गांव निवासी अजय कुमार पुत्र हंशराम और मोंगरे प्रसाद पुत्र राम कुमार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर कोतवाली देहात के बंजारीमोड़ निवासी राम लखन जायसवाल (80) पुत्र श्रीराम जायसवाल पैदल सड़क किनारे आटो ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उधर मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

### अयोध्या धाम तक विशेष गाड़ी चलाने की मांग


**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेल मंत्री से 20 जनवरी से 30 जनवरी तक पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों से अयोध्या धाम तीर्थ स्थल तक विशेष रेल गाड़ियों का संचालन श्रद्धालुओं हेतु आग्रह किया है। जेड.आर.यू.सी.सी. सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सम्मिलित होने के लिए संपूर्ण प्रदेशवासी काफी उत्सुक है और वह अयोध्या धाम पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे महान पर्व पर सवारी/ मेल / एक्सप्रेस रेल गाड़ी का चलाया जाना नितांत आवश्यक है। भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार अयोध्या धाम तक ट्रेन संचालन होने से आम नागरिकों एवं दर्शनार्थियों को सुविधा मिलेगी।

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

कटरा बाजार,/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पहाड़ापुर बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक कटरा बाजार थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर (कुट्टी) निवासिनी रानी देवी ने शुक्रवार को थाने पर दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति अरविंद कुमार गुरुवार को पहाड़ापुर बाजार में बाइक से सब्जी लेने गये थे। रानी का आरोप है कि उसके पति पहाड़ापुर-दुबहा मार्ग पर एक बाग के पास पहुंचे ही थे,तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दिया जिससे उसके पति अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने अरविंद कुमार (31) पुत्र जवाहर लाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी ने ट्रैक्टर चालक दिनेश पुत्र सत्यदेव निवासी डुड़ही थाना कटरा बाजार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि मृतक अरविंद कुमार की पत्नी रानी देवी के तहरीर पर ट्रैक्टर चालक दिनेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# शिमला का आनंद बहराइच रोडवेज बस में लें...

- पूर्व ऊर्जा मंत्री के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी किया ट्वीट
- बोले डबल इंजन की सरकार में बस में लगवा दें डबल शीशा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ से बहराइच आ रही डिपो के बस में आगे का शीशा नहीं है। इसका वीडियो पूर्व ऊर्जा मंत्री के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की है। साथ ही डबल इंजन की सरकार से डबल शीशा लगवाने की मांग की है।

लखनऊ के कैसरबाग से बहराइच डिपो की बस संख्या यूपी 40 टी 5682 सवारियों को लेकर बहराइच आ रही है।

इस बस में आगे की हिस्से का एक शीशा नहीं है और बस अपने स्पीड में सवारियों को लेकर बहराइच आ रही है। इस बस का वीडियो बनाकर किसी ने पूर्व ऊर्जा मंत्री यासर शाह को दिया। यासर शाह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर इस बस का वीडियो डालते हुए शिमला का आनंद बहराइच के बस में लेने की बात लिखी है।

इसी वीडियो को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि डबल इंजन की सरकार में यह विकास हो रहा है। कम से कम डबल इंजन की सरकार डबल शीशा बस में लगवा दे। हालांकि यह वीडियो पूर्व ऊर्जा मंत्री और सपा मुखिया ने स्वयं किया है या किसी के द्वारा अकाउंट पर की गई है। इसकी पुष्टि हम नहीं करते है।

मालूम हो कि दो दिन पूर्व भी गंगापुर से लखनऊ जाने वाली बस के पीछे हिस्से से शीशा गायब था। जिसका वीडियो भी ऊर्जा मंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर डालकर सरकार पर हमला किया था।

### दो माह पुराना है मामला

गंगापुर से लखनऊ जाने वाली रोडवेज बस का शीशा दो माह पहले नहीं लगा था। उस बस में 13 मार्च 2023 और लखनऊ से आने वाली बस में 21 दिसंबर को ही शीशा लग गया था। अब सिर्फ विभाग और सरकार को बदनाम करने के लिए पोस्ट किया जा रहा है। इस पर कार्यवाई की तैयारी चल रही है। मुख्यालय को भी अवगत कराया गया है।

*प्रेम कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक*

## मेडिकल कॉलेज आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला प्रशासन व जिला संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम 2024 मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी जी.वी. सिद्दीकी व जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। एडीएम ने कार्यक्रम के संयोजक जसवीर सिंह व पर्यटन अधिकारी के प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक उत्सव अन्तर्गत आयोजित एकल गायन में काजल अग्रहरी, समूह गायन में श्रुति एण्ड पार्टी, एकल नृत्य में स्वीक्षा जैन, समूह नृत्य में अंजली पाण्डेय, वादन में कमल गुप्ता एवं नाट्य में वैभव एण्ड पार्टी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में संस्कृति विभाग द्वारा नामित पी.जी. कालेज बलरामपुर की संगीत अध्यापिका माण्डवी तिवारी, मशहूर कथक नृत्यांगना श्रद्धा पाण्डेय एवं भजन गायक शिवम कुमार द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री गंगा समग्र शुभम, राष्ट्रीय संयोजक कामगार संघ गौरव शर्मा, जन सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह, उपाध्यक्ष चरणजीत कौर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# चेयरमैन व प्रतिनिधि ने ठंडक से बचाव के लिए वितरित किए कंबल

- सैकड़ों दुर्बल आय के जरुरतमंदों को निःशुल्क वितरित किया गया कंबल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शीत लहरी के मौसम में भीषण ठंड से बचाव के लिए दुर्बल आय के जरूरतमंदों को कसेहरी स्थित नगर पंचायत भवन कैसरगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष ने निःशुल्क कंबल वितरित किया। नगर पंचायत कैसरगंज क्षेत्र में निवास करने वाले सैकड़ो जरूरतमंदों को शासन की मंशा के अनुरूप ठंडक से बचाव के लिए बड़े पैमाने पर कंबल वितरित किया गया। उक्त कंबल का वितरण अधिशासी अभियंता शिवम पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली, प्रतिनिधि सयूब अली आदि के द्वारा किया गया। निशुल्क कंबल वितरण के इस मौके पर नगर पंचायत कर्मचारी कुंवर बहादुर सिंह, समर विजय सिंह, अंकित सिंह, अनुज कुमार राव, आदित्य राव, मोहम्मद कैश, अश्वनी वाल्मीकि, सचिन कुमार, संस्कृति आदि सहित सैकड़ों लाभार्थी व अन्य उपस्थित रहे।

# नए डीएफओ ने संभाला कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग का कार्यभार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- काफी दिनों से खाली चल रही थी डीएफओ की कुर्सी

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में काफी दिनों से खाली चल रही डीएफओ की कुर्सी पर डीएफओ बी. शिवशंकर ने शनिवार को बहराइच पहुंचकर कामकाज सम्हाल लिया। डीएफओ ने चार्ज लेते ही वन्यजीव प्रभाग का दौरा कर व्यवस्थाओं का मुआयना भी किया। इस अवसर पर मौजूद वनाधिकारियो ने नए डीएफओ का फूलमालाओं से स्वागत भी किया।जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में अरसे से डीएफओ की कुर्सी खाली चल रही थी। हाल ही में डीएफओ कतर्नियाघाट के पद पर शासन की ओर से बी. शिवशंकर की तैनाती की गई थी। शनिवार को नवागंतुक डीएफओ बी. शिवशंकर ने बहराइच कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग कार्यालय पहुंचकर कामकाज संभाल लिया।कतर्नियाघाट घाट वन्य जीव प्रभाग कार्यालय में चार्ज लेने के बाद डीएफओ बी शिव शंकर ने कतर्नियाघाट घाट वन्य जीव प्रभाग का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर रेंजर कतर्नियाघाट अनूप कुमार, एसडीओ रमेश चौहान समेत सभी रेंज के रेंजर और एसडीओ भी मौजूद रहे। मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवागंतुक डीएफओ बी. शिव शंकर का फूल मालाओं से स्वागत किया। नवागंतुक डीएफओ ने इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को वन्य जीव प्रभाग की सुरक्षा संरक्षा के साथ ही अन्य प्रमुख बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए।

### 2021 बैच के आईएफएस हैं बी शिव शंकर

आपको बताते चलें कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का डीएफओ नव नियुक्त भारतीय वन सेवा के 2021 बैच के आईएफएस बी शिव शंकर को बनाया गया है। बी शिव शंकर की पहली ज्वाइनिंग कतर्नियाघाट बताई जा रही है। शनिवार को डीएफओ बी शिव शंकर ने बहराइच में स्थित प्रभागीय वनाधिकारी कार्यलय में पहुचकर कतर्नियाघाट वन प्रभाग का पदभार सम्भाल लिया है। उन्होंने वन अधिकारियों से मुलाकात कर कतर्नियाघाट प्रभाग की विभिन्न जानकारियां ली। इस मौके पर मौजूद एसडीओ रमेश चौहान, डिप्टी रेंजर अनूप कुमार, अरुन सिंह, रेंजर कतर्नियाघाट अनूप कुमार समेत अन्य वन अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है।गौरतलब हो कि इससे पहले कतर्नियाघाट के डीएफओ आकाशदीप बधावन थे जिनका तबादला ढाई माह पूर्व हो चुका था जिसके बाद कतर्नियाघाट प्रभाग का चार्ज दुधवा नार्थ खीरी के डीएफओ को सौंप दिया गया था। लेकिन अब बी शिव शंकर को डीएफओ कतर्नियाघाट बनाया गया है जिसकी खबर से वन महकमे में खुशी का माहौल है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- जिले में 61 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर हुआ निस्तारण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 204 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 40 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 20 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 48 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 135 में 08, नानपारा में प्राप्त 51 में 06 तथा मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 14 में 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

### आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के जरूरतमंदो को डीएम ने वितरित किया कम्बल

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों के साथ तहसील के ग्राम पयागपुर, नूरपुर, सहशरावा, सुहेलवा, रूकनापुर, अकरौरा के लगभग 80 निर्धन, असहाय व निराश्रितों व जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया गया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं मनोरमा कश्यप, संगीता देवी, प्रेमा देवी, प्रिया देवी व रीमा देवी की गोदभराई तथा नित्या, रामकेसरी व वंश का अन्नप्रासन्न भी कराया।

## एसपी प्रशांत वर्मा का हुआ तबादला, वृंदा शुक्ला को मिली बहराइच जिले की कमान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के पुलिस अधीक्षक को बृहस्पतिवार रात बदल दिया गया। वृंदा शुक्ला को नया कप्तान बनाया गया है। मौजूदा एसपी प्रशांत वर्मा को एसपी जीआरपी लखनऊ पद पर भेजा गया है। वर्ष 2014 बैच की आईपीएस अफसर वृंदा अभी तक चित्रकूट जनपद की एसपी थीं। नई एसपी वृंदा शुक्ला के लिए नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियां रोक लगाना चुनौती होगी। शनिवार को वृंदा शुक्ला के कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। जिले की एसपी तैनात की गईं वृंदा शुक्ला हरियाणा की रहने वाली हैं। वर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी भी मूलरूप से हरियाणा की रहने वाली हैं।

**हर्ष** | श्रीधाम अयोध्या जी में पूजित अक्षत वितरित कर दिया जा रहा आमंत्रण

# पूजित अक्षत मिलते ही खिले रामभक्तों के चेहरे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



श्री रघुवर जी की अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है, वंदे मातरम जय श्री राम जय हनुमान के जय घोष के साथ राम भक्तों की टोली घर-घर पहुंच कर समूचे जनपद में श्रीधाम अयोध्या में पूजित अक्षत एवं प्रभु श्री राम मंदिर का चित्र घर-घर जाकर वितरण कर रहे हैं। बहराइच नगर में गठित 26 बस्तियों की 78 टोलियां भक्ति भाव से घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत प्रदान कर रहे हैं। श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत पाकर जहां लोग भाव विभोर हो रहे हैं वहीं टोलियों में शामिल कार्यकर्ताओं से जय श्री राम का उद्घोष कर उनका उत्साह वर्धन भी कर रहे हैं। इस क्रम में अलग-अलग तीन खण्डों के दो सौ से अधिक ग्रामों में पूजित अक्षत का वितरण किया गया। जनपद के तेजवापुर खंड के सबलापुर न्याय पंचायत हुसैनपुर न्याय पंचायत के अंतर्गत गांव में श्री अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम को स्थानीय टोली के द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवारों में अक्षत वितरण कर सभी रामभक्तों को आमंत्रित किया गया। यहां खंड संघ चालक महेंद्र,कार्यवाह अभिषेक, प्रदुमन,जय सुखलाल, योगेश आदि मौजूद रहे। वहीं फखरपुर खंड के बौंडी न्याय पंचायत में खंड कार्यवाह वरुण के नेतृत्व में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत की कलश शोभा यात्रा ग्राम बौंडी, गुजौली कला, साईं गांव, राजा रेहुआ, सिलौटा सहित अन्य ग्रामों में राम शंकर, विनय,शुभम, सुभाष, अशोक, अनुभव, रामेंद्र, उपस्थित रहे।

# ...तो क्या पूर्व कप्तान के लाडलों पर कसेगा शिकंजा?

- गुरबक्शगंज : हत्या, चोरी जैसी घटनाओं पर डैमेज कंट्रोल करने कि की गई कोशिश फिर भी आंच पहुंची थी शासन तक
- सिफारिशों और धन की बरसात कर अनुभवहीन कर रहे थानों पर राज
- चर्चा है :- कानून व्यवस्था पर सख्त है पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल




रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

पूर्व कप्तान की तबादला नीति का फायदा उठाने वाले उन तमाम थानेदार व चौकी प्रभारियों पर नवांगतक पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल कार्रवाई करेंगे, जो सिफारिशों और धन की लक्ष्मी को आगे करके थानों की कुर्सी पर कब्जा जमाए बैठे हैं। यही नहीं कानून व्यवस्था की बात की जाए तो चौतरफा कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कहीं चोरी तो कही लूट, कहीं हत्या तो कही छिनैती की वारदातों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है। ऐसी स्थिति में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल को चिंतन करना होगा कि जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था को कैसे सुधारा जाए। क्योंकि जिन थानेदारों के मुंह में पहले से मलाई लग गई हो, और कुछ सिफारिश के दम पर पद में शोभायमान है उनसे पुलिस अधीक्षक कैसे निपटेगे यह तो समय तय करेगा फिलहाल विभागीय सूत्रों के माने तो पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के कार्य शैली कुछ अलग है अब तक उनके पिछले जनपदों में तैनाती के दौरान कार्यशैली की बात की जाए तो कानून व्यवस्था के प्रति इनका कुछ अलग नजरिया है।

### जमीनी विवाद में दो हत्याएं फिर भी जमे प्रभारी

रायबरेली सूची चौकी प्रभारी समेत थाना डीह के प्रभारी और पूर्व में एसओजी सहित कोतवाली नगर में तैनाती के दौरान विवादों से घिरे गुरबक्श गंज थाना प्रभारी प्रवीण गौतम अपराध पर नियंत्रण लगाने में पूरी तरह से नाकाम है यही नहीं अभी एक माह पूर्व गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हत्या हो गई थी जिसमें पुलिस के खिलाफ सैकड़ो की संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। लेकिन पूर्व कप्तान के लाडले दरोगा होने के चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी। यही नहीं इसके पूर्व अटौरा चौकी क्षेत्र में भी एक युवक की जमीनी विवाद में पीट-पीट का हत्या कर दी गई थी। इसके बाद डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की गई थी मगर उसकी आंच शासन तक पहुंच गई थी। ये वो घटनाएं है जिस पर लोगों के द्वारा गुरबक्श गंज थाना प्रभारी पर उंगलिया उठाई जा रही है। अवैध कटान मिट्टी खनन और अवैध शराब का भी गढ़ बन रहा है गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र यही नहीं कई चोरियां भी इस थाना क्षेत्र में हो चुकी है इसमें से कुछ का खुलासा हो चुका है कुछ का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है।

### कानून का पालन कराने में कितने सक्षम है थाना प्रभारी अंदाजा लगाइए...

सुबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था को लेकर समय-समय पर जिले के कप्तानों से रूबरू होते हैं, आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूर्व पुलिस अधीक्षक के लाडले कानून के प्रति या उसको पालन कराने की प्रति कितने संजीदा थे इस घटना से साबित हो जायेगा मामला टिकरा गांव का था जहां अपने साथी को घर छोड़कर वापस अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक दुर्गेश पर असलहों से लैस चार लोगों ने टिकरा बाजार के पास रोक लिया, और उसके पेट में गोली मार दी। गोली लगने से घायल दुर्गेश लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिरकर तड़पने लगा था। गोली की आवाज व घायल की चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। लेकिन जब तक चारों हमलावर मौके से फरार हो गए। यह बानगी है कानून व्यवस्था को लेकर और संबंधित थाना प्रभारी कितना संजीदा है अपने क्षेत्र में अपराधों को रोकने को लेकर।



### निवर्तमान पुलिस अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** निवर्तमान पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी का रायबरेली में लगभग 20 महीनों तक सेवा देने के पश्चात गैर जनपद तबादला होने के पर जब वह रायबरेली से अपने स्थानांतरण जनपद बदायूं जाने लगे तब जनपद का सिंह द्वार कहे जाने वाले बछरावां कस्बे के कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा की अगुवाई में निवर्तमान पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को भावभीनी विदाई दी गई, इस मौके पर कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने उनका माल्यार्पण कर उन्हें अंग वस्त्र भेंट कियाद्य इस मौके पर थुलेंडी चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा, चुरुवा चौकी प्रभारी अनुज कुमार, उपनिरीक्षक चंद्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक राजेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव सहित बछरावां कोतवाली की समस्त पुलिस टीम मौजूद रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी, मौत

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी हुई दर्दनाक मौत, महिला की मौत से परिवार में मचा कोहराम, मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कोटवा गांव का है जहां की रहने वाली रिंकी पत्नी दीनदयाल उम्र 30 वर्ष ने अपने घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया मृतक महिला की शादी के 5 वर्ष हुए थे और उसके एक बेटा भी था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मासूम रजा को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
मो. हनीफ पुत्र गुलाम रसूल
निवासी ग्राम रामपुर कटरा परगना दरियाबाद थाना सफदरगंज तहसील सिरौलीगौसपुर जिला बाराबंकी


## खबरें एक नजर में

### महिला ने लेखपाल व दो अन्य के खिलाफ दिया शिकायती पत्र

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कृष्णावती पत्नी रामकिशुन निवासी ग्राम राघौपुर थाना बछरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि राजेंद्र भारती लेखपाल राघौपुर अनूप कुमार पुत्र शिव बहादुर अमन पुत्र धुन्नर निवासीगण राघौपुर थाना बछरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली। प्रार्थिनी उक्त पते की मूल निवासिनी है तथा गरीब महिला है अपनी पैतृक संपत्ति मे अपना मकान बनवा रही थी तो दिनांक 19/ 12 /2023 को लगभग 2ः00 बजे दिन में अनूप कुमार व अमन लेखपाल राजेंद्र भारती कानूनगो को मेरे बन रहे मकान पर लेकर आए और कहने लगे या भूमि तुम्हारी नहीं है इस पर मकान ना बनाओ और काम रोक दो यही बात मौके पर आए कानूनगो ने भी कहा और मैं प्रार्थिनी अपना काम रोक दिया था परंतु उसी दिनांक 19 /12 /2023 को शाम 5ः00 बजे दोबारा अनूप कुमार व अमन तथा लेखपाल राजेंद्र भारती मेरे बन रहे मकान पर आए और मुझ प्रार्थिनी को अनूप कुमार अमन दोनों लोगों ने धक्का दिया तो मैं प्रार्थिनी नीचे गिर गई और तभी लेखपाल राजेंद्र भारती ने मेरे सीने पर अपना जूता भारा लात मार दिया और कहने लगे कि तुम मुझे रविवार को गाली देती थी मैं अभी तुमको लात घुसों से बहुत मारूंगा मकान नहीं बनने दूंगा उक्त प्रतिपक्षीगण अनूप कुमार व अमन को राजेंद्र भारती उकसा रहे थे। तथा मुझ प्रार्थिनी को जातिसूचक शब्द पासिन से उक्त तीनों प्रतिपक्षी गाली दे रहे थे उक्त संदर्भ में दिनांक 19/ 12/ 2023 को शाम 6 :00 बजे चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र दिया था कृष्णावती ने उक्त प्रतिपक्षीगणो। के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की गुहार लगाई।

### किसान का फांसी से लटका मिला शव, हड़कंप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी के पावा चौकी क्षेत्र के रामसिंहखेड़ा गांव के बाहर खेत में किसान का शव फांसी पर लटका मिला था। एसपी के निर्देश पर 65 दिन बाद गांव के तीन लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
माखी थाना क्षेत्र के इसुनियां के मजरा रामसिंहखेड़ा निवासी तुलसी (55) किसानी के साथ पम्पिंग सेट का मिस्त्री था। उसका 31 अक्टूबर को रात में गांव के बाहर खेत में पेड़ पर रस्सी से फांसी पर शव लटका मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई थी। किसान के बेटे हरिश्चंद्र ने पुलिस को दीये तहरीर में कहा कि गांव के शरीफ, उसके भाई नफीस और शाहरुख से जमीन का विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है इसी खुन्नस से उन लोगों ने खेत पर पिता की गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या के लिए फांसी पर लटका दिया था। पुलिस ने पांच जनवरी को मारपीट कर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दबंगों ने सरकारी तालाब पर किया अतिक्रमण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में दबंगों द्वारा सरकारी तालाब पर अतिक्रमण कर जबरन कब्जा कर लिया है। दबंगों ने करीब एक दर्जन घरों के गंदे पानी का बहाव भी अवरुद्ध कर दिया है। पीड़ितों ने एसडीएम से अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग उठाई है। ग्राम शिवपुरी निवासिनी लौंगश्री व संतोषी सहित करीब एक दर्जन पीड़ित ग्रामीणों द्वारा आज संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रस्तुत शिकायती पत्र में कहा गया है कि उनके घरों के निकट ग्राम समाज का तालाब स्थित है। इसी तालाब में करीब एक दर्जन से अधिक घरों का गंदा और बरसाती पानी कदीमी तौर पर जमा होता रहा है किंतु गांव के ही सुभाष, जीवनलाल व सुरेंद्र आदि दबंगों द्वारा तालाब में आरसीसी पिलर निर्मित कर उस पर अवैधानिक ढंग से जबरन कब्जा किया जा रहा है। यदि तालाब पर दबंगों का कब्जा हो गया तो गांव के संपर्क मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन जाने से लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो सकता है। पीड़ित ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी शुभम यादव से अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### भाजपा सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शनिवार को फतेहपुर चौरासी के जसरा मारूफपुर व पट्टी हमीद गांव में एलईडी वैन के साथ पहुंचे जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों ने कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के क्रम में क्षेत्र के जसरा मारूफपुर व पट्टी हमीद गाँव में कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र सिंह जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओ की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार 18 तरह के हस्त शिल्पियो को इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। इस योजना में अपनी गारंटी पर पात्र लोगों को एक लाख का लोन देकर खुद का रोजगार शुरू करने का अवसर दे रहे है। किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, स्मार्टफोन टैबलेट वितरण योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 47 फरियादियों ने लगाई गुहार, 8 का निस्तारण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ तहसील कार्यालय के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 47 फरियादियों के शिकायती पत्र दर्ज किए गए जिनमें केवल 08 मामले का निस्तारण मौके पर ही किया जा सका। उपजिलाधिकारी शुभम यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 25, विकास से संबंधित 06, पुलिस विभाग के 10, समाज कल्याण के 01, खाद्य एवं रसद 02, विद्युत 02 तथा अन्य 02 मामले पंजीकृत किए गए। जिनमें राजस्व विभाग के मात्र 08 शिकायती पत्रों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। उपजिलाधिकारी श्री यादव ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर लम्बित मामलों का निस्तारण करने का आदेश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में सीओ अरविंद कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, बेहटा मुजावर थाना इंचार्ज फूल सिंह, बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के अलावा सभी हल्का लेखपाल और अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा महोत्सव

- रायबरेली महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली महोत्सव की तैयारियो को लेकर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन में की। रायबरेली महोत्सव 11,12 व 13 जनवरी 2024 को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित होगा।

महोत्सव में मुख्य आकर्षक कार्यक्रम संस्कृति विभाग का होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि महोत्सव का आयोजन सौहार्दपूर्ण कराया जाए। कार्यक्रम में जनपद की सभ्यता और संस्कृति को प्रतिम्बित किया जाए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को अवश्य शामिल किया जाए। जिससे आने वाली पीढ़ीयो को जनपद के गौरवशाली इतिहास के विषय में पता चल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव में शामिल कार्यक्रमों की पहले से ही समीक्षा करा ली जाए। कार्यक्रम में प्रयोग होने वाले संगीतों पर विशेष ध्यान दिया जाए,कोई भी संगीत आपत्तिजनक नहीं होना चाहिए। लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का खास ख्याल रखा जाए। लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था कराई जाए। महोत्सव के दौरान ट्रैफिक को भी नियंत्रित किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- 123 शिकायतों में नौ का मौके पर ही निस्तारण

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील लालगंज में लोगों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने समस्याओं को सुनते समय संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और बिना वजह किसी भी नागरिक को परेशान ना किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यालय में समय से बैठे ताकि तहसील दिवस पर कम से कम समस्याएं आए। जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, राशन, राजस्व तथा विकास से संबंधित मामले आए। राजस्व संबंधित मामलों में उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मिलकर मामले की जांच पड़ताल करने के उपरांत ही निर्णय दें। निर्णय देते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिया जाए। समाधान दिवस में 123 शिकायतें आयीं जिसमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज, तहसीलदार लालगंज, नायब तहसीलदार लालगंज, के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 31 शिकायतें प्राप्त, चार का हुआ मौके पर निस्तारण

**महराजगंज।** कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में होता रहा है वही फरियादी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कहां हुआ है उसको ढूंढते फिरते फिर रहे थे क्योंकि अबकी शनिवार को तहसील में न होकर समाधान दिवस का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम पल्लवी मिश्रा एवं एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह द्वारा की गई तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायतें आई राजस्व की 12 पुलिस विभाग की 11 विकास से संबंधित 6 अन्य दो वही चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। इस मौके पर एसडीएम राजितराम राम गुप्ता सीओ यदुवेन्द्र पाल कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



वारंटी वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी अभियान के तहत वारंटी पुलिस ने शनिवार को चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया की चारों अभियुक्तों रामविलास पुत्र रामबालक निवासी गोविन्दपुर बलौली, कमल यादव पुत्र सीताराम निवासी ग्राम महाखेडा, श्रीपाल यादव पुत्र रामेश्वर निवासी पूरे रामगुलाम (लल्लू का पुरवा) मजरे मदुरी, अलोक पुत्र केशव प्रसाद उर्फ बचऊ निवासी निकट तिकोना पार्क थाना लालगंज के खिलाफ लालगंज कोतवाली मे मुकदमा पंजीकृत था। जिसके बाद से ही दोनों वारंटी फरार चल रहे थे। शुक्रवार को छापेमारी कर दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# रोजगार मेले में 70 अभ्यर्थियों का चयन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



सफीपुर विकास खण्ड परिसर में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रदेश और देश के अन्य राज्यो से सात कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार के लिए 169 युवक-युवतियों ने साक्षात्कार दिया जिसमें 70 अभ्यर्थियो का चयन किया गया।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत विकासखंड परिसर में लगे रोजगार मेले के आयोजन में आरडीजी इन्फो टेलीकॉम सर्विस, पाइपल ट्री वेंचर प्राइवेट लिमिटेड, मिंडा प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात की वेलस्पन टेक्सटाइल कंपनी, वेल्सयोर इंडिया लिमिटेड, बाला जी सिक्योरिटी एंड मेंस पावर सर्विसेज आदि कंपनियों की स्टालें लगाया गयी। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 169 युवक-युवितियो ने नौकरी के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि इन कंपनियों ने 70 अभियांर्थियो को चयनित कर 7 को मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंप दिया है। शेष 63 को बाई पोस्ट पत्र भेजकर फोन द्वारा ज्वाइनिंग की तिथि बताई जाएगी। रास्ते का खर्च कंपनी वहन करेगी। रोजगार पाए युवक-युवतियों को बधाई देते हुए कौशल विकास प्रबंधक आशीष सिंह ने कहा कि व्यवसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार दिया जाना तय है। युवा कंपनी में जाकर अपने कौशल से आगे तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि नौजवान आगे आए और प्रशिक्षण से लेकर नौकरी तक की गारंटी सरकार की मंशा है। मेले का शुभारंभ भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला ने किया। जिला कौशल प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह सहित कम्पनियों के एचआर मौजूद रहे।

### राजकीय पशु चिकित्सालय का कायाकल्प कार्य प्रारंभ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** काफी समय से जर्जर हालत में पड़ा अपने मरम्मतीकरण की राह देख रहा राजकीय पशु चिकित्सालय के कायाकल्प का कार्य शुरू हो गया है। चिकित्सालय का कायाकल्प क्षेत्र पंचायत निधि से करीब पांच लाख रुपए खर्च कर किया जाएगा। जिससे चिकित्सालय के कर्मचारियों को सहूलियत मिलने लगेगी। जानकारी के अनुसार फतेहपुर चौरासी के विकास खण्ड परिसर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के कायाकल्प का कार्य शुरू हो गया है जिसके अंतर्गत क्षतिग्रस्त भवन के दरवाजे बदलवाए जाएंगे, मरम्मतीकरण के साथ-साथ टाइल्स भी लगाए जाएंगे। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने बताया कि क्षेत्र पंचायत निधि से उक्त कार्य कराया जा रहा है जिसमें करीब पांच लाख रुपये की लागत आएगी।


## ट्रैफिक ब्लॉक्स के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं समय परिवर्तन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल के बाराबंकी – अयोध्या कैंट – अकबरपुर – जाफराबाद सैक्शन पर अयोध्या धाम जं. – अयोध्या कैंट – सालारपुर सैक्शन के ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित होगी:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. व नाम | निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04241/42 मनकापुर–अयोध्या कैंट जं.–मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 04257/58 मनकापुर–अयोध्या धाम जं. –मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 04259/60 मनकापुर–अयोध्या धाम जं. –मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. व नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशनों के बीच रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 22129 लोकमान्य तिलक ट.– अयोध्या कैंट तुलसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक | सुलतानपुर– अयोध्या कैंट | 07.01.2024, 09.01.2024 |
| 22130 अयोध्या कैंट –लोकमान्य तिलक ट. तुलसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | अयोध्या कैंट– सुलतानपुर | 08.01.2024, 10.01.2024 |
| 22183 लोकमान्य तिलक ट.– अयोध्या कैंट साकेत एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक | सुलतानपुर– अयोध्या कैंट | 10.01.2024 |
| 22184 अयोध्या कैंट –लोकमान्य तिलक ट. साकेत एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | अयोध्या कैंट– सुलतानपुर | 11.01.2024 |
| 14231/32 प्रयागराजसंगम–बस्ती– प्रयागराजसंगम मनवर संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट से/तक | अयोध्या कैंट– बस्ती–अयोध्या कैंट | 08.01., 09.01., 10.01., 12.01. एवं 13.01.2024 |
| 04381/82 प्रयागराजसंगम–अयोध्या कैंट– प्रयागराजसंगम एक्सप्रेस विशेष | मसौधा से/तक | अयोध्या कैंट– मसौधा–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 22614 अयोध्या कैंट– रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से; मार्ग परिवर्तन सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फराबाद | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 10.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम –अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक; मार्ग परिवर्तन वाया ज़फराबाद–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक ट.– अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक; मार्ग परिवर्तन वाया ज़फराबाद–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक ट. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से; मार्ग परिवर्तन सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फराबाद | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 09.01.2024 |

### रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तन वाया सुलतानपुर

| रेलगाड़ी सं. व नाम | मार्ग परिवर्तन वाया | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 18103 टाटानगर–अमृतसर जालियानवालाबाघ एक्सप्रेस | ज़फराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 08.01.2024, 10.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन वाया जंघई

| | | |
|---|---|---|
| 18205 दुर्ग–नौतनवां एक्सप्रेस | प्रयागराज–जंघई–वाराणसी– वाराणसी सिटी–नौतनवां | 11.01.2024 |
| 18206 नौतनवां–दुर्ग एक्सप्रेस | नौतनवां–वाराणसी सिटी– वाराणसी–जंघई–प्रयागराज | 13.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन वाया मऊ–गोरखपुर–गोंडा

| | | |
|---|---|---|
| 13509 आसनसोल–गोंडा एक्सप्रेस | मऊ–गोरखपुर–गोंडा | 09.01.2024 |
| 13510 गोंडा – आसनसोल एक्सप्रेस | गोंडा–गोरखपुर–मऊ | 10.01.2024 |

### रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन पर संशोधन वाया गोरखपुर–शाँहगंज–जंघई–प्रयागराज

| रेलगाड़ी सं. व नाम | मार्ग परिवर्तन पर संशोधन | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 12589 गोरखपुर – सिकंदराबाद एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 10.01.2024 |
| 12590 सिकंदराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ– जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 11.01.2024 |
| 12591 गोरखपुर – यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 13.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर – यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 09.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर – गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ– जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 11.01.2024 |
| 15029 गोरखपुर – पुणे एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 11.01.2024 |
| 15065 गोरखपुर – पनवेल एक्स. | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 08.01., 09.01, 11.01. एवं 12.01.2024 |
| 15066 पनवेल – गोरखपुर एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ– जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 08.01., 09.01, 10.01. एवं 12.01.2024 |
| 15067 गोरखपुर – बान्द्रा टर्मि एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ– जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 10.01.2024 |
| 15068 बान्द्रा टर्मि –गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ– जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 12.01.2024 |

### रेलगाड़ी के प्रस्थान समय में परिवर्तन

दिनांक 09.01.2024 **को गाड़ी सं. 14205** अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. अयोध्या एक्सप्रेस, अयोध्या कैंट से सांय: 17:25 बजे के स्थान पर सांय: 18:25 बजे प्रस्थान करेगी

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
63/2024

## निराशाजनक ककहरा

पंजाब के सरकारी स्कूलों में छात्रों के पंजाबी, अंग्रेजी और गणित विषयों में सीखने की प्रवृत्ति का आकलन करने के लिये किए गए आधारभूत सर्वेक्षण के परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। कक्षा तीन से पांचवीं तक के छात्रों की सीखने की स्थिति ने खराब शिक्षण मानकों को ही उजागर किया है। दरअसल, इन छात्रों को संख्याओं के सामान्य जोड़-घटाव, अक्षरों और कहानियों को पढ़ने-लिखने को कहा गया था। लेकिन इसका परिणाम छात्रों की शैक्षणिक संभावनाओं के लिये सकारात्मक संकेत नहीं कहा जा सकता। वहीं यह स्थिति राज्य की स्कूली शिक्षा प्रणाली की निराशाजनक तस्वीर भी उकेरती है। जो कहीं न कहीं छात्रों के पढ़ाई के बीच स्कूल छोड़ने और कालांतर बेरोजगारी बढ़ाने का कारक भी बनता है। इस सर्वे में जो स्थिति सामने आई है वह परेशान करने वाली है। आज हमें इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई के स्तर में इतनी गिरावट क्यों है। सही मायनों में ये विषय ही कालांतर बच्चों के कैरियर की दशा-दिशा निर्धारित करते हैं। सर्वे के आंकड़ों से उपजी स्थिति कितनी गंभीर है वह इस बात से पता चलती है कि 75 फीसदी बच्चे अंग्रेजी की कहानी नहीं पढ़ पाए।

यह स्थिति न केवल छात्रों की शोचनीय स्थिति को दर्शाती है बल्कि उन शिक्षकों के पठन-पाठन पर भी सवाल उठाती है, जो बच्चों को इन विषयों की शिक्षा दे रहे हैं। निश्चित रूप से अधिकांश बच्चों को गणित का विषय ज्यादा रोचक नहीं लगता, लेकिन यदि चालीस प्रतिशत बच्चे सामान्य जोड़-घटाव भी न कर सकें तो यह गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से यह स्थिति सामान्य नहीं है। दूसरे अर्थों में कह सकते हैं कि ये बच्चे कमजोर बुनियाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सवाल यह है कि व्यावहारिक जीवन के लिये बेहद महत्वपूर्ण इन विषयों के प्रति बच्चों में इतनी गहरी उदासीनता क्यों है। इस बारे मे शिक्षा विभाग और राज्य सरकार को गंभीर मंथन करना चाहिए। निश्चित रूप से शोचनीय स्थिति के चलते इस दिशा में तुरंत जरूरी कदम उठाने और शिक्षकों को जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इस तरह इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट पंजाब की आप सरकार के मिशन समर्थ के लक्ष्य हासिल करने की राह को कठिन बनाती है। दरअसल, आप सरकार ने यह कार्यक्रम पंजाब में स्कूली शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से एक दिसंबर 2023 को प्रारंभ किया था। दिल्ली में केजरीवाल सरकार को स्कूली शिक्षा में सुधार के प्रयासों को मिली आशातीत सफलता से प्रेरित होकर पंजाब में इस कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। वास्तव में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2015 में 'शिक्षा पहले' को अपना नारा बनाया था।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है

**किशन सनमुखदास भावनानी**
**गोंदिया महाराष्ट्र**




**प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल्पना की है**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे पीएम महोदय ने वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हमपीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल्पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत्सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत्माभिव्यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत्साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन्म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे - जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के पिछले एपिसोड में विचारों की करें तो उन्होंने कहा था, 30-40 साल बाद गर्व होगा पीएम ने आखिर में कहा, था आज जो मेरे सामने हैं, वो नया भारत हैं। 2047 में भारत जब आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो आपके पास नेतृत्व होगा। आज से 30-40 साल बाद जब सफलता को चूमेंगे और मैं अगर जीवित रहूंगा तो गर्व से कहूंगा कि यह वही लोग हैं जिनका मुझ जनवरी को दर्शन करने का सौभाग्य मिला था। मैं गर्व करूंगा कि जब आपके हाथ में देश का नेतृत्व होगा। संतोष होगा कि इनसे मैंने बात की थी। परीक्षा जिंदगी नहीं है, परीक्षा जिंदगी में महज एक मुकाम है। आप में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद यहां मौका नहीं मिला। मैं उनसे क्षमा चाहता हूं। पीएम ने कहा था, जीवन में हर किसी को कुछ न कुछ जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। अगर आप किसी की देखादेखी में कोई काम करते हैं, तो बहुत निराशा हाथ लगेगी। अगर अपने मन का काम करेंगे, तो मजा आएगा।

**विचार**

# ईवीएम को लेकर उठी चिंता, डाले गये वोटों का मिलान वीवीपैट से होना चाहिए

**डॉ. ज्ञान पाठक**



**कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने ट्वीट में मांग की थी, अगर चुनाव आयोग औरध्या भारत सरकार के पास इन तर्कों का खंडन करने के लिए कोई जवाब उपलब्ध है, तो उन्हें उन्हें विस्तार से देना चाहिए। दूसरी ओर अशोका यूनिवर्सिटी ने स्वयं को इस विवाद से अलग कर लिया था। हालांकि, सवाल बना हुआ है कि क्या 2019 के चुनाव परिणामों में हेरफेर या नियंत्रण किया गया था? - भारत के चुनाव आयोग द्वारा पुराने और नए ईवीएम मशीनों के माध्यम से संपूर्ण मतदान और गिनती प्रणालियों पर और रहस्य पैदा करने का सवाल अनुत्तरित रहा।**

ईवीएम को लेकर चिंताएं फिर से सामने आ गई हैं, क्योंकि पुरानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) अभी भी बड़ी संख्या में उपयोग में हैं, नयी ईवीएम जो वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रायल (वीवीपीएटी) पेपर रिकॉर्ड के साथ आते हैं, पर्याप्त और व्यापक रूप से इस्तेमाल में नहीं हैं, और यहां तक कि सभी वीवीपैट भी गिनकर डाले गये मतों से मिलान नहीं किये जाते। इसलिए छेड़छाड़ और भेद्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है, और कुछ समय पहले भी एक शोध पत्र में लोकसभा चुनाव परिणाम 2019 में अनियमित पैटर्न पाया गया था।

20 दिसंबर, 2023 को आयोजित 28 विपक्षी राजनीतिक दलों के इंडिया गठबंधन बैठक ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया था और मांग की थी कि वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को सौंपी जायें और उनकी 100 प्रतिशत गिनती बाद में की जाये, ताकि लोगों को पता चले कि उनके वोटों में हेराफेरी नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों ने पारित प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया था कि ईवीएम के डिजाइन और संचालन पर कई विशिष्ट प्रश्नों के साथ चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, दुर्भाग्य से, ईसीआई उस ज्ञापन पर इंडिया के प्रतिनिधिमंडल से मिलने में अनिच्छुक रहा है। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि चुनाव निकाय ने अभी तक उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दिया है। याद दिला दें कि कुछ महीने पहले ही अगस्त 2023 में अशोका यूनिवर्सिटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर सब्यसाची दास ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में डेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग शीर्षक से एक शोध पत्र में मैकक्रेरी टेस्ट के परिणाम के आधार पर कहा था, जबकि परिणाम मौजूदा पार्टी भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणामों में संभावित हेरफेर के अनुरूप है, यह एकमात्र व्याख्या नहीं है। वैकल्पिक रूप से, यह हो सकता है कि सत्तासीन होने के नाते भाजपा जीत के अंतर पर सटीक नियंत्रण रखने में सक्षम थी, यानी, वह जीत के अंतर का सटीक अनुमान लगाने में सक्षम थी, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां करीबी मुकाबला होने की उम्मीद थी, और इसे प्रभावित करने में सक्षम थी, जो चुनावी प्रचार में इसके तुलनात्मक लाभ और संसाधनों तक अधिक पहुंच के कारण संभव था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने ट्वीट में मांग की थी, अगर चुनाव आयोग औरध्या भारत सरकार के पास इन तर्कों का खंडन करने के लिए कोई जवाब उपलब्ध है, तो उन्हें उन्हें विस्तार से देना चाहिए। दूसरी ओर अशोका यूनिवर्सिटी ने स्वयं को इस विवाद से अलग कर लिया था। हालांकि, सवाल बना हुआ है कि क्या 2019 के चुनाव परिणामों में हेरफेर या नियंत्रण किया गया था? - भारत के चुनाव आयोग द्वारा पुराने और नए ईवीएम मशीनों के माध्यम से संपूर्ण मतदान और गिनती प्रणालियों पर और रहस्य पैदा करने का सवाल अनुत्तरित रहा। हमारा सुझाव सरल है, मतदाता-सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्ची को बॉक्स में डालने के बजाय, इसे मतदाता को सौंप दिया जाना चाहिए, जो अपनी पसंद को सत्यापित करने के बाद इसे एक अलग मतपेटी में रखेगा। वीवीपैट पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती की जानी चाहिए, विपक्षी गठबंधन की बैठक में सर्वसम्मति से अपनाये गये प्रस्ताव में कहा गया, इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में लोगों का पूर्ण विश्वास बहाल होगा।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के मामले में परिणाम घोषित करने से पहले प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र या प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के केवल पांच चयनित मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन किया जाता है। ईवीएम के संबंध में मुख्य चिंताओं में पेपर ट्रेल की कमी शामिल है, जिससे किसी भी छेड़छाड़ या हेराफेरी को साबित करना मुश्किल हो जाता है। नये ईवीएम वीवीपीएटी के साथ आते हैं जो कागजी रिकॉर्ड प्रदान करते हैं, लेकिन उन सभी की गिनती नहीं की जाती है और उन्हें अभी भी पुराने ईवीएम को प्रतिस्थापित करना बाकी है। ईवीएम में छेड़छाड़ और कमजोरियों के आरोप लगते रहे हैं और कई मामलों में अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है।

हालांकि, यह आरोप खत्म नहीं हो रहा कि मतदान परिणामों में हेरफेर करने के लिए चुनाव से पहले, दौरान या बाद में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। हैकिंग या बाहरी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस हस्तक्षेप के प्रति ईवीएम की संवेदनशीलता भी लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है। ईवीएम के निर्माण, भंडारण और परिवहन के संबंध में भी प्रश्न अनुत्तरित हैं, क्योंकि छिटपुट खबरों से लोगों में संदेह पैदा होता है, जो पारदर्शिता की कमी का संकेत देता है। डिजिटल विभाजन एक और मुद्दा है जिसे ईवीएम के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ उठाया जाता है जब अशिक्षित वोटरों को इसका उपयोग करने में कठिनाई होती है। हालांकि ईसीआई ने आश्वासन दिया है कि प्रत्येक चुनाव से पहले और बाद में स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा ईवीएम का पूरी तरह से परीक्षण और सत्यापन किया जाता है, और मशीनें हैकिंग या हेरफेर के प्रति संवेदनशील नहीं हैं, लेकिन चुनाव निकाय विपक्षी राजनीतिक दलों की चिंताओं का जवाब नहीं दे रहा है और उठाये गये सवालों का भी जवाब नहीं दे रहा है, जो रहस्यमय बात है। यद्यपि विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा नये ईवीएम के साथ वीवीपीएटी कार्यान्वयन और 100 प्रतिशत गिनती की मांग की गई है, फिर भी कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि यह हेरफेर के खिलाफ अचूक नहीं होगा। चूंकि यह केवल सत्यापन की एक अतिरिक्त परत होगी, इससे अधिक कुछ नहीं। इस पृष्ठभूमि में इंडिया गठबंधन ने एक पूर्ण पेपर ट्रेल या स्वतंत्र ऑडिट शुरू करने की मांग की है, जो भारत में 1982 में ईवीएम की शुरुआत के बाद कभी नहीं किया गया है, जबकि देश में सभी राष्ट्रीय और राज्य चुनावों में ईवीएम का उपयोग 2004 से ही किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन ने 9 अगस्त, 2023 को ईसीआई को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें ईवीएम के बारे में अपनी चिंताओं का विवरण दिया गया है। हालांकि, ईसीआई से कोई उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद, गठबंधन ने 20 दिसंबर को एक नया प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस संबंध में 30 दिसंबर को ईसीआई को एक और पत्र भेजा है।

## महिलाओं के लिहाज से पिछला साल

**हेमलता म्हस्के**

महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल चंद्रयान - 3 की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्चंद्रयान - 3 की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो श्रॉकेट वूमेन के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में रॉकेट वूमन के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। बीता हुआ 2023 का साल महिलाओं को बरसों याद रहेगा क्योंकि यही वह साल है जब संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ। सैद्धांतिक रूप से ही सही पहली बार संसद में यह विधेयक पारित हुआ जो महिलाओं की तरक्की की और उनके दबदबे की अभूतपूर्व मिसाल है। इस राजनैतिक अधिकार को हासिल करने के बाद यह उम्मीद भी पैदा हुई है कि आने वाला भविष्य उनके हालातों में आमूलचूल बदलाव जरूर लाएगा, लेकिन दूसरी ओर इस साल मणिपुर में महिलाओं की आबरू उतारने और पहलवान महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले भी उठे थे। पिछले साल के दिसंबर में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल चंद्रयान - 3 की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। चंद्रयान - 3 की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो रॉकेट वूमेन के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में श्रॉकेट वूमन के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। चंद्रयान - 3 की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं है। पिछले कुछ दशकों में अपने क्षेत्रों के अलावा महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है, कामयाबी के परचम लहराए हैं। उन्होंने साबित किया है कि वे अब किसी से कम नहीं हैं। वहीं यह दुखद और शर्मनाक है कि महिलाओं पर अत्याचार घर में और बाहर भी बढ़े हैं। दुर्गति यह है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को सजा नहीं मिलती और महिलाओं को उन्हीं के हवाले छोड़ दिया जाता है जो उन पर अत्याचार करते हैं।



## राशिफल

**मेष:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभ:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन:-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्क:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुला:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**धनु:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकर:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# सावधान? मानवीय जीवन परमाणु युद्ध के कगार पर

**संजीव ठाकुर**



**रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।**

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंस परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेस इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैस इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं। रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है। उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं। इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है। अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफभारत रूस का अभिन्न मित्र भी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# लाखों खर्च के बाद ठंड से तड़प रहे गौवंश

▸ गौशालाओं में आने वाले धन को ठिकाने लगा रहे जिम्मेदार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश की योगी सरकार गौ वंशों की बेहतर सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन इतने खर्च के बावजूद उनकी दशा बद से बदतर बनी हुई हैं गौ शालाओं में ठंड से गोवंश तड़प रहे हैं लेकिन जिम्मेदार उनको सुविधाओं के नाम पर आने वाले रूपयो को ठिकाने लगा रहे हैं।

ताजा मामला जनपद महोबा के विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत टिकरिया में गौशाला का बुरा हाल है ठंड और भूख से गोवंश तड़प रहे हैं ग्राम प्रधान गोवंश की सुरक्षा के प्रति बेखबर है।

ग्राम पंचायत टिकरिया जैतपुर में गोवंशों के लिए सुरक्षा के सही इंतजाम नहीं है जिससे जानवर बाहर परिसर में खड़े होकर कांप रहे हैं शासन की ओर से ठंड से व उसके चारों तरफ हवा से बचाव के लिए ग्राम पंचायत को तिरपाल लगाने की व्यवस्था के निर्देश है लेकिन ग्राम प्रधान ने गोवंश को ठंड से बचाव के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं की है सवा सैकड़ा जानवर बाहर मैदान में खड़े होकर कांप रहे हैं कुछ जानवर दम तोड़ने की कगार पर है मौके पर जाकर देखने से एक बछिया खुले मैदान में गिरकर कांप रही थी भूख मिटाने के लिए मामूली मटर का सडा भूसा डाला जा रहा है जिससे मामूली भूसा के लिए भी गोवंश दौड़कर भूसा के लिए टूट पड़ते हैं आश्चर्य की बात है कि शासन द्वारा गोवंश के लिए भूसा की पर्याप्त व्यवस्था के लिए धन निर्गत किया जाता है लेकिन ग्राम प्रधान अधिकारियों को दिखावा के लिए भूसा केंद्र पर भूसा रखे हैं लेकिन मौके पर मटर का सड़ा भूसा खिलाया जा रहा है जिससे गोवंश भूख से तड़प रहे हैं उधर गेहूं के भूसे का भुगतान कराया जा रहा है जिससे गोवंशों के साथ भी धोखाधड़ी कर ग्राम प्रधान जमकर भूसा पर भी कमाई करने में लगे हैं गोवंश भूख से तड़प रहे है ग्राम प्रधान की भ्रष्ट कार्य प्रणाली से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्राम प्रधान पति द्वारा दो चरवाहे हैं चार चरवाहों का भुगतान कराया जा रहा है अपने सगे भाइयों के खाते में दो चरवाहों का पैसा डाला जा रहा है

ग्राम पंचायत के सचिव आमिर ख़ान का कहना है कि भूसे की व्यवस्था की गई है बाकी जो भी अव्यवस्थाएं है उनको जल्दी ही ठीक करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## टूटे हुए रैकेट से खेल रही दो बच्चियों को थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा ने दिलाये नए रैकेट



**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा की वत्सलता देख लोग हुए मुरीद गौरतलब हो कि थाना परिसर में टूटे हुए रैकेट से दो बच्चियों को खेल खेलते देख उनके हृदय में वात्सल्यता जाग गई और उन्होंने उन बच्चियों को तुरंत नए रैकेट दिलाकर उनका हौसला अफजाई की उनके इस बच्चो के प्रति उमड़ा स्नेह लोगों में उनकी दरिया दिली की मिसाल कायम हो गई उल्लेखनीय हो कि थाना प्रभारी की कार्य कुशलता एवं आपसी जन सहयोग की भावना से हर किसी प्रकार से अपराधियों पर नकेल कसना है। हाल ही में आये थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा की कार्यशैली की सभी ग्रामीण मुरीद हैं।

# पेंटिंग के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



▸ वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पर हुई प्रतियोगिताएं
▸ पेंटिंग प्रतियोगिता में अंकित सेन ने मारी बाजी

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रो. सुशील बाबू के निर्देशन पर शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जन जागरूकता हेतु छात्र छात्राओं के बीच पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एल सी अनुरागी एवं एनएनएस नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पांडेय की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ एल सी अनुरागी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। मजबूत लोकतंत्र के द्वारा ही राष्ट्र सर्वांगीण विकास कर सकता है नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि प्रतियोगिताएं जागरूकता का सशक्त माध्यम होती हैं प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं जन सामान्य में शत प्रतिशत मतदान हेतु जागृति लाना ही उद्देश्य है। पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकित सेन, द्वितीय स्थान संजय कुमार एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से आशीष दास एवं अनुज ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. मधुबाला सरोजिनी, डा. डीके खरे, डा. अनवर आलम रहे। इस प्रतियोगिता में अभिषेक दास, गगन चौरसिया, सोनम द्विवेदी, सुनील, सैफ खान, मोहम्मद यूनुस, मलिक, लवलेश चौधरी, स्वाति मिश्रा सहित लगभग आधा सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. प्रदीप कुमार, डा. एस एस राजपूत, डा. महेंद्र सिंह, डा. सोवित गुप्ता, डा. केसी वर्मा, डा. अनुराग सिंह, डा.राम बिहारी पांडेय सहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# खबरें एक नजर में

## 23 शिकायतें प्राप्त नौ का हुआ मौके पर निस्तारण



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील ताखा में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** खुशी की उड़ान सामाजिक संस्था द्वारा 7 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के प्रत्येक कॉलेज से दसवीं कक्षा में सर्वाधिक नंबर प्राप्त करने वाली बालिकाओं को साइकिल भी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी उक्त सामाजिक संस्था की संस्थापिका सारिका दुबे व कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर विवेक अग्निहोत्री ने दी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम छिमारा रोड स्थित कमला वाटिका मैरिज होम में आयोजित होंगे। रविवार को ही संस्था की नई शाखा का उद्घाटन कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील भी है।

## गरीबों को गर्म वस्त्र व कम्बल वितरित किए

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समारंभा मुस्कान अभियान के तहत समारंभा फाउंडेशन द्वारा पक्का तालाब एवम आसपास के क्षेत्र में गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए गए एवम ठंड से बचाव के लिए गुड़,तिल व मूंगफली आदि बांटे गए। समारंभा फाउंडेशन इटावा की जिला समन्वयक श्यामला पांडे के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारंभा मित्र नेहा,स्नेहा पांडे,रुचि पांडे,विमलेश दुबे, श्वेता दुबे, नीता यादव, साधना द्विवेदी, प्रियंवदा तिवारी, पूनम पांडे, प्रीति शर्मा, सुमन दुबे, प्रतिभा रंजन मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

## बॉलीवुड सिंगर की धमाकेदार म्यूजिक मेगानाइट आज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नुमाइश में आज 6 जनवरी 2024, शनिवार की शाम को बॉलीवुड गायक बीप्राक का लाइव कॉन्सर्ट/कार्यक्रम आयोजित होगा ᳚ यह इटावा नुमाइश की अभी तक की सबसे बड़ी और शानदार म्यूजिक नाइट भी है। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विवेक यादव चेयरमैन एसएमजीआई ने दी। कार्यक्रम से पूर्व में ही जारी वीडियो में मशहूर सिंगर बी – प्राक इटावा महोत्सव में उन्हे आमंत्रित करने के लिये जिलाधिकारी इटावा सहित समस्त जिला प्रशासन एवं इटावा की जनता को विशेष धन्यवाद दे रहे हैं।

## विवाहिता के साथ मारपीट कर खिलाया जहरीला पदार्थ

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने पहले विवाहिता को जहर खिलाकर कर जान से मारने प्रयास किया। उसके बाद उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पिता के साथ आज थाना राठ में शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नटर्रा गांव निवासी रचना राजपूत ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व उसका विवाह राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी प्रतिबंध राजपूत पुत्र नंदकिशोर के साथ हिंदू रीति रिवाज में संपन्न हुआ था। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज देकर उसे विदा किया था। पीड़िता ने बताया कि 13 सितंबर 2023 को उसके पिता ने उसके ससुरालीजनों को 80 हजार रुपये छत डलवाने को दिए थे। जिस पर दहेज लोभी ससुरालीजनों ने उसे दो लाख रुपये और देने की मांग की। जब उसने अपने पिता की असमर्थता बताई तो 17 सितंबर 2023 को उसके पति प्रतिबंध राजपूत, ससुर नवल किशोर, सास निर्मला देवी, देवर अंजेश व ननद बबली ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे जबरन जहर पिला दिया। हालत खराब होने पर उसने अपने पिता को फोन लगाकर बुलवाया और चरखारी में अपना इलाज कराया। पीड़िता ने राठ थाने में शिकायत कर ससुरालीजनों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## दिव्यांगों ने आवास के साथ पानी की फरियाद लगाई

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** तहसील स्तरीय समाधान दिवस में 65 फरियादियों की दर्ज कराईं। जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण करने का दावा किया गया है। हालांकि दिव्यांग बेसहारा कई फरियादी जो आवास और पानी की मांग के लिए आए थे। उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल सका। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला मुख्यालय से किसी अधिकारी के न आने पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी ने की। जिसमें भूमि विवाद संबंधी शिकायत को कम आईं, लेकिन आवास, बिजली, पानी, पुलिस में संबंधित शिकायतें रहीं। वहीं कई दिव्यांगों ने आवास की मांग की। सिचौली की रामस्वरूप दिव्यांग ने बताया कि उनकी बस्ती में पेयजल का भीषण संकट है। कई बार वह समाधान दिवस में शिकायत कर चुके हैं। सिचौली का नलकूप अभी उनके विभाग को हैंडओवर नहीं हुआ। इससे वह समस्या का समाधान नहीं कर पाए। उप जिलाधिकारी ने मोबाइल से ही जल निगम नगरी क्षेत्र के अवर व सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि वह इस समस्या का समाधान कर उन्हें हर दशा में पेयजल उपलब्ध कराएं। शिकायतकर्ता दिव्यांग महिला का कहना था कि न तो उनके पूरे मोहल्ले में कोई सरकारी हैंडपंप है और न ही पाइप लाइन हैं। पानी के लिए पूरा मोहल्ला परेशान है। कई बार वह पानी की मांग कर चुके हैं लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

# तहसील चरखारी में हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से 03 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता में 21 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## टूटी पुलिया बनी है राहगीरों की समस्या

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** नगर के भरत मिलाप द्वार के अंदर मौन साधना केंद्र रोहनिया मंदिर के पास सड़क पर टूटी पुलिया हादसों को दावत दे रही है। इस पुलिया की चपेट में आकर आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही है और लोग चोटिल हो रहे हैं। काफी दिनों से टूटी इस पुलिया को ठीक कराये जाने की मांग की गई है। मौन साधना केंद्र रोहनियां मंदिर के संरक्षक नीलू महाराज ने बताया भरत मिलाप द्वारा से सिकंदरपुरा की तरफ जाने वाले रास्ते की पुलिया काफी समय टूटी पड़ी है, जिससे दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। सड़क के किनारे टूटी पुलिया वाहन चालकों को दिखाई नहीं देती और वाहन फंसने से चालक घायल हो जाते हैं। शनिवार को नगर पालिका की ट्रैक्टर ट्राली ही टूटी पुलिया में फंस गई। पहिया पुलिया में धंसने से ट्राली फंस गई। बाद में पालिका की जेसीबी मशीन से उसे बाहर निकाला गया।

# एमएलसी ने वितरित किया पूजित अक्षत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**महोबा।** अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर को लेकर रामभक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। अयोध्या में बने भव्य मंदिर गर्भ गृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस अवसर पर गांव-गांव घर-घर उत्सव मनाने के लिए पूजित अक्षत पीले चावल बांटकर आमंत्रण अभियान शुरू हो गया है।

एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने हिंदू सगठनों के साथ चरखारी विकासखंड के ग्राम बरदा में अयोध्या धाम से आये पीले चावल पत्रक और राम मंदिर का चित्र घर-घर जाकर वितरण किया।

आगामी 22 जनवरी 2024 को राम लला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों पर दीपावली मनाने का संदेश पीले चावल देकर लोगों को धार्मिक संदेश देने का अभियान गांव गांवों में घर-घर शुरू शुरू हो गया।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, स्वयंसेवक संघ के ग्राम पालक सत्यम विश्वकर्मा, नीरज पाल, रुद्राप्रकश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाठक, जिला मंत्री रोशन सिंह, सुनील सेंगर सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू संगठनों के लोग मौजूद रहे।इसी तरह मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर भी अभियान चलाया जा रहा है। रामभक्तों में इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



## बुंदेलखंड दिवाली प्रतियोगिता आयोजित

**मुस्करा, समृद्धि न्यूज।** गांव मसगांव में चल रहे छह दिवसीय मेले में शनिवार को बुंदेलखंड दिवाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे महिला दिवारी नृत्य आकर्षक का केंद्र रही। वही विजेता टीम को ग्राम प्रधान के द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव मसगांव में बीते 1जनवरी से शुरू हुए छह दिवसीय मेले में शनिवार की दोपहर के बाद बुंदेलखंड दिवारी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यकम के मुख्य अतिथि अजयपाल राजपूत प्रबंधक पीएनवी इंटर कालेज चिल्ली ने किया।इसके बाद दूर दराज से आई सभी टीमों द्वारा बहुत सुंदर कला का प्रदर्शन किया गया, दिवाली प्रतियोगिता मे प्रतिभाग लेने वाली टीमो में पारालादार,इमिलिया,मसगांव एवम बड़ोखर (बाँदा) से आई महिला व पुरुष दोनो टीमो ने भाग लिया।जिसमे महिला दिवारी नृत्य आकर्षक का केंद्र रही। दिवारी नृत्य प्रतियोगिता में बड़ोखर पुरुष ने प्रथम स्थान, बड़ोखर खुर्द महिला टीम दूसरे स्थान पर रही व पारा लादार की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजय हुई तीनो टीमो को ग्राम प्रधान कमलेश कुशवाहा व बिंदा भइया ने शील्ड व आकर्षण ईमान व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।इस मौके पर हजारों लोगों की भीड़ रही।

# रेलवे का अंडरपास बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश, रुकवाया काम

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**



कानपुर बांदा रेलवे लाइन में फाटक के स्थान पर बनाए गए अंडरपास ब्रिज विवादों में घिरे हैं। इनमें हर बारिश में पानी भरने से आवागमन बंद हो जाता है। इससे जहां ग्रामीणों में आक्रोश रहता है। इधर लाइन दोहरीकरण होने से इनमें चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसके चलते कुछ दिनों के लिए आवागमन बंद करने से ग्रामीणों ने आक्रोश जता काम रुकवा दिया।

इस बीच सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीण अंडरपास ब्रिज के पास इकट्ठा हो गए। हंगामा कर वैकल्पिक व्यवस्था देने की मांग करने लगे। जबकि कार्यदायी संस्था के इंजीनियर ने जरूर एक सप्ताह तक बंद करने और उसके स्थान पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की बात कही है।

शनिवार सुबह जहां क्षेत्र के लोग सर्दी और कोहरे के कारण घरों में दुबके थे।

वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिंदुही के सैकड़ों छात्र छात्राएं व ग्रामीणों ने रेलवे के अंडर पास ब्रिज पर पहुंचकर काम रुकवाने की मांग को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। छात्राओं ने अपनी साइकिलें आड़ा तिरछा लगाकर मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया। यह देख इंजीनियर जयकुमार सहित कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे के लाइन दोहरीकरण के कारण अंडरपास में स्लैब डालकर चौड़ा किया जा रहा है। जिसके चलते कुछ दिनों के लिए मार्ग को बंद किया जा रहा है। उन्हें 20 किमी दूर का चक्कर लगाकर चंदपुरवा के रास्ते से जाना पड़ेगा। जबकि गांव से कस्बे की दूरी मात्र तीन किमी है। सबसे अधिक परेशानी गांव के दिहाड़ी मजदूरों और छात्रों को हो रही है। इसलिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में नार्दन रेलवे के कल्परू निर्माण एजेंसी के इंजीनियर जयकुमार ने बताया कि लगभग दो सप्ताह का समय लग सकता है। उसके बाद दो पहिया वाहन निकलने की व्यवस्था कर दी जाएगी। जब तक ग्रामीण गेट नंबर 33 चंदपुरवा के निकट से निकल सकते हैं, लेकिन ग्रामीणों की मांग थी कि यदि उस मार्ग में पड़ रहे अंडरपास में भी यदि पानी भर जाता है तो फिर इस स्थिति में ग्रामीण क्या करेंगे। फिलहाल नार्दन रेलवे की कार्यदायी संस्था और उसके कर्मचारी इसी बात को लेकर मंथन में लगे हैं और काम को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इस दौरान आकाश यादव, अक्षर यादव, ओमवीर कुशवाहा, राजकुमार सिंह, विक्रम सिंह, अमित कुमार कुशवाहा, कैलाश यादव, उदय नारायण सहित सैकड़ों ग्रामीण और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दोषियों को फांसी दिलाने की सपाइयों ने की मांग

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बीएचयू छात्रा गैंगरेप मामला

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईआईटी बीएचयू में गत नवंबर माह में छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की दुःखद घटना के विरोध में सपा की महिला सभा की नेताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर गैंगरेप के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर राज्यपाल से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा है।

महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष इदरीश खान, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह लोधी कछ्वाकला, राठ विधानसभा से चुनाव लड़ी चंद्रवती, मानवेंद्र यादव ने दिए ज्ञापन में कहा प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं पर अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं। विगत माह नवंबर में वाराणसी में बीएचयू की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ, लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे पूरे देश में रोष व्याप्त है। छात्रा के साथ हुई घटना के दोषियों की विश्वविद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों से पहचान हो जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई है, बल्कि पुलिस मामूली छेड़छाड़ की धाराओं में रिपोर्ट लिखकर आरोपियों को पूछताछ के बाद खुलेआम घूमने और छात्रा पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने एवं धमकाने का पूरा मौका दिया है। पुलिस पर इस कृत्य की जांच कर कार्रवाई की जाए। कहा घटना के तीनों आरोपी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार करते रहे। इस दौरान जिन नेताओं ने संरक्षण दिया उनके विरुद्ध भी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर माया वाल्मीकि, सोनिया सोनी, सुमन देवी, रचना परिहार, उर्मिला, रेखा, अभिलाषा, प्रेमा, नीरज कश्यप सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

# आगरा ने पटना को सात विकेट से दी मात

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

▸ आज दिल्ली आगरा का होगा मुकाबला



स्थानीय स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय क्रीड़ा स्थल पर चल रहे स्वामी ब्रम्हानंद अंतरराजजीय टूनामेंट में पूल बी का दूसरा मैच आज पटना और आगरा टीम के बीच खेला गया। पटना की टीम ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया।

पूल बी के दूसरे मैच में बैटिंग करने उतरी पटना की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 21.3 ओवर खेलकर 105 रन बना कर आल आउट हो गई। जिसमें बल्लेबाज ऋषिकेश भट्ट ने 31 रन और अनिकेत 22 ने रन अपनी टीम के लिए जुटाए। वही आगरा की ओर से गेंदबाजी में पवन निरवानी ने 3 विकेट और अन्नू मालिक ने 3 विकेट लिए। वहीं 105 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगरा की टीम ने मात्र 10 ओवर में ही 106 रन बना लिए और आगरा की टीम ने ये मैच 7 विकिट से जीत लिया।

आगरा के बल्लेबाज समीर चौधरी ने 61 रन और शार्दुल ने 20 रन बनाते हुए टीम को जीत दिला दिलाई। वही पटना के गेंदबाजों की तरफ से विवेक ने 2 विकेट और प्रिंस 1 ने विकट अपने नाम किए। मैच का मेन ऑफ़ द मैच समीर चौधरी को दिया गया। जिन्होंने 33 गेंद में 61 रन बनाए। खिलाड़ी साथियों ने बताया की समीर चौधरी भारतीय अंडर 19 टीम से खेल चुके है। एम्पायरिंग इमरान, और आसिम पाल ने की वहीं कमेंट्रेटर देवेंद्र राजपूत और शीतू सैंगर थे, मैच में स्कोरिंग आशीष ने की। रविवार 7 जनवरी को पूल बी का सेमीफाइनल मैच दिल्ली और आगरा के बीच खेला जाएगा, जीतने वाली टीम का फाईनल मुकबला पूल ए से विजयी राठ टीम के साथ होगा।

# गैंगस्टर का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

▸ तमंचा कारतूस बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया।

थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध तमंचा लेकर निबाड़ी कला से इन्द्रापुर को जाने वाले रास्ते पर बम्बे की पुलिया पर खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बकेवर पुलिस टीम ने मोहित उर्फ राजा पुत्र विष्णु निवासी निवाडी कला थाना बकेवर जिला इटावा को इन्द्रापुर को जाने वाले रास्ते पर बम्बे की पुलिया पास से गिरफ्तार कर लिया। इस सफलता में राजकुमार सिंह थानाध्यक्ष बकेवर, उ.नि. आशीष कुमार, हे.का. कुलदीप सिंह, का. सुशील कुमार, का. सतवीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रमाण पत्र पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में महर्षि वाल्मीकि उपवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे।

महर्षि वाल्मीकि उपवन में नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कराया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक ने मां सरस्वती के चित्र में पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राजकीय इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड आदि योजनाओं के बारे में जागरूक किया। सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 10, उज्ज्वला योजना के तीन लाभार्थियों व आयुष्मान गोल्डन कार्ड के सात लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सभी विभागों ने स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का निदान किया।

# न्यायालय ने बाइक लुटेरों को सुनाई 4-4 वर्ष की सजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना भरथना व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते यूवक से मोटरसाइकिल लूटने वाले अभियुक्तों को न्यायालय इटावा ने 4 -4 वर्ष की सजा सुनाई तथा पांच पांच हजार रूपये का अर्थदंड दिया।

विगत 18 दिसम्बर 2015 को वादी शिवप्रताप सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी भरेवूपुर थाना एरवा कटरा जनपद औरैया द्वारा थाना भरथना पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल लूट लेने के संबंध मे लिखित तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर तत्काल थाना भरथना पर धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी उ.नि. प्रमोद कुमार द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना भरथना पुलिस टीम पैरोकार का. तरुण प्रताप एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी गौरव दीक्षित द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त शिवताज पुत्र सिपाहीराम निवासी ग्राम नगला घना थाना भरथना इटावा, अनरुद्ध कुमार उर्फ डब्बू पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नगला घना थाना भरथना इटावा को न्यायालय स्पेशल जज डकैती/एडीजे 3 इटावा द्वारा 4 - 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गयी तथा 5 -5 हजार रूपये का अर्थदंड दिया गया।

# सीएम ने जनपद को दिया तीन एम्बुलेंस का तोहफा

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद को तीन एम्बुलेंस-102 की दी सौगात, जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से एम्बुलेन्स को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिसमें एक-एक ऐम्बुलेंस कालपी व बाबई अस्पताल को भेजी गयी जबकि एक अन्य अस्पताल को ऐम्बुलेंस दी गयी।



एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती, प्रसूता, नवजात और 2 साल तक के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य इकाई तक आने और वहां से वापस जाने के लिए 102 नंबर एंबुलेंस सेवा का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 102 नंबर एंबुलेंस सभी सरकारी अस्पतालों पर खड़ी रहती है इन पर किसी भी मोबाइल नंबर या लैंडलाइन के जरिए कॉल करके सरकारी प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे सेवा ले सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पुरानी तीन एंबुलेंस के स्थान पर तीन नई 102 एम्बुलेंस स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती के लिए दी गई है। जनपद में 102 एम्बुलेंस 21 और 108 एम्बुलेंस 23 है। उन्होंने कहा कि गर्भवती जब कभी भी प्रसव पूर्व जांच के लिए सरकारी अस्पताल आती है तो वह इस सेवा का उपयोग कर सकती है। उन्होंने कहा कि 102 नंबर एंबुलेंस सेवा एक बेसिक लाइफसपोर्ट सेवा है और इसमें प्राथमिक देखभाल की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं।

### बैंक शाखायें पोर्टल पर डाटा एंट्री पूर्ण कर लें: डीएम

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक, जिला समन्वयक जालौन डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, यूको बैंक यूनियन बैंक ऑफइंडिया, बैंक ऑफइंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंघ बैंक उरई को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों के डाटा एंट्री रबी वर्ष-2023 की एनसीआईपी पोर्टल पर निर्धारित तिथि 15 जनवरी 2024 है। आप अपने स्तर से किसानों के डाटा एंट्री का कार्य निर्धारित तिथि के अंतर्गत त्रुटिहीन तरीके से फीड कर पूर्ण कर ले, यदि किसी कृषक के डाटा एंट्री में जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्राविधान के अनुसार नोडल बैंक, शाखाओं की त्रुटियों, विलोपनो, कमीशन के कारण कृषक फसल बीमा के लाभ से वंचित रहता है, तो इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा ऐसे कृषको की हानियों की भरपाई सम्बन्धित बैंक शाखा द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

# काशीपुरा-हरदोई राजा सड़क निर्माण में उड़ी मानकों की धज्जियां

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

▸ बेड की सफाई पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

काशीपुरा से हरदोई राजा के बीच सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण न होने से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जाने की मांग की है।

काशीपुरा से हरदोई राजा तक लगभग तीन किमी सड़क उखड़ चुकी थी। जिसको बनवाए जाने की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। ग्रामीणों की शिकायतों का संज्ञान लेकर उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। सड़क निर्माण के दौरान ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त सड़क का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। ग्रामीण गजेन्द्र सिंह कुठौंद बुजुर्ग, युवराज सेंगर, ब्लू यादव आदि ने बताया कि उक्त सड़क काफी समय से खराब थी। विशेष मरम्मत कार्य के अंतर्गत उक्त सड़क का निर्माण शुरू हुआ है। लेकिन उक्त सड़क के निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण से पूर्व पुरानी जीर्ण शीर्ण सड़क को नहीं उखाड़ा गया है।

बेड की सफई का भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सीसी और डामर का अनुपात भी सहीं नहीं है। जिसके चलते काशीपुरा की ओर से पूर्व में जो सड़क बन चुकी है वह उखड़ने लगी है।

## पुलिस ने कुसमरा गांव से पकड़े आठ जुआड़ी

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र में चल रहे हार-जीत के खेल को बंद कराने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसके बाद भी लगातार हारजीत का खेल चल रहा है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 14 हजार 460 रुपये बरामद किए हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा में गांव के बाहर खेत पर लगे ट्यूबवेल के पास हार-जीत का खेल चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसआई गोविंद सक्सेना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वहां जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से हार-जीत की बाजी लगा रहे अनिल कुमार बाबई, शिवसिंह पनहरा, श्रवण व अतर निवासीगण कुसमरा को पकड़ लिया।

# बैंक शाखाओं में शौचालय की व्यवस्थायें कराने की उठी मांग

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर में संचालित कुछ बैंकों में उपभोक्ताओं के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एसडीएम से मिलकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

भारत सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान चला रही है। गांवों और शहरों लोगों को शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं नगर स्थित भारत सरकार के ही उपक्रम बैंकों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा ने एसडीएम से मिलकर उन्हें बताया कि नगर में संचालित इंडियन बैंक मुख्य शाखा बस स्टैंड, पंजाब नेशनल बैंक आदि बैंकों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले उपभोक्ताओं खास कर महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। रुपयों की निकासी समेत विभिन्न कामों में समय लगने के कारण अथवा सर्वर न आने पर वहां इंतजार करने के चलते उपभोक्ताओं को शौचालय जाने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में बैंक में शौचालय न होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है और उन्हें बैंक से बाहर निकलकर शौचालय की खोज में इधर, उधर भटकना पड़ता है।

# विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

कन्हैयालाल मैमोरियल बाल विद्या मंदिर में सुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि विद्यालय में सुविधाओं का अभाव है। सुविधाएं न मिलने से बच्चों की प्रतिभाएं निखर नहीं पा रही है। स्कूल में वाहन व्यवस्था भी ठीक नहीं है। बच्चों को खेल के लिए पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण खेल प्रतिभाओं को मौका नहीं मिला रहा है। पदाधिकारियों ने एसडीएम से विद्यालय में सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है। व्यवस्थाएं दुरूस्त न होने पर आंदोलन की भी बात कही। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य कैलिया, नगर मंत्री स्वयं गोस्वामी, कीर्तिमान श्रीवास्तव, हर्ष गुप्ता, हरिओम पटेल, रितिक बाथम, अभिनव उपाध्याय, हर्षित सेंगर, निखिल बाथम, अनिरुद्ध बाथम, गोपाल बाथम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बाबत विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती गुप्ता ने बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं। विद्यालय में प्रीबोर्ड एक्जाम चल रहे हैं। विद्यालयय में दुरुस्त अवस्था में सात वाहन है और पर्याप्त खेल मैदान हैं। इनडोर और आउटडोर गेम की भी व्यवस्था है।

## समाधान दिवस में की गयी शिकायत का अब तक नहीं किया समाधान

**जालौन,उरई।** न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे में विपक्षी द्वारा विवादित स्थल को लेकर विवाद की स्थिति पैदा करने एवं कोतवाली व समाधान दिवस में शिकायत के बाद भी अब तक समस्या का समाधान न होने की शिकायत पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ओझा निवासी भूपेंद्र कुमार लिटौरिया ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका जगह को लेकर एक वाद न्यायालय सिविल जज के यहां चल रहा है। विवादित स्थल को लेकर मोहल्ले के कुछ लोग बेवजह झगड़ा, फसाद पर आमादा हैं। कई बार वह शांतिभंग करने की कोशिश कर चुके हैं। जिसकी शिकायत वह पूर्व में भी कई बार समाधान दिवस व कोतवाली में कर चुके हैं।

# गौशालाओं के संचालन में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

सर्दी के मौसम में गौशालाओं में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। शनिवार को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने पंचायत सचिवों के साथ बैठक की है जिसमें ठंड से गौवंशों की मौत पर कठोर कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

शासन ने आवारा गौवंशों के संरक्षण के लिए नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्रों के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर गौशालाओं की व्यवस्था की है जिसमें उनके चारे पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रति गौवंश 50 रुपये प्रतिदिन की व्यवस्था की है। लेकिन शासन के इस प्रयास के बाद भी गौवंशों की दुर्दशा किसी छिपी नहीं है और सर्दी की शुरुआत के साथ गौवंशों की मुसीबत और बढ़ गयी है आलम यह है कि अव्यवस्थाओं के चलते गौवंश दम भी तोड़ रहे हैं जिसकी जानकारी प्रशासनिक जिम्मेदारों के पास भी पहुंच रही है और शायद इसी के चलते शनिवार को उप जिलाधिकारी हेमन्त कुमार पटेल ने कदौरा और महेवा ब्लाक के पंचायत सचिवो के साथ बैठक की है जिसमें उन्होंने कहा है कि क्षेत्र में गौशालाओ की रिपोर्ट ठीक नहीं है। संचालक गौवंशों के संरक्षण में लापरवाही बरत रहे हैं जिससे उनकी मौत हो रही है। बैठक के दौरान उन्होंने पंचायत सचिवो को स्पष्ट किया है कि अगर सर्दी से गौवंशों की मौत हुई तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### पकड़ी रैकवार में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पड़री रैकवार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्तगंज ने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को जानकारी दी। प्रमुख द्वारा लाभार्थियों से वार्ता के बाद विकसित भारत के निर्माण में उनके बहू मूल्य योगदान पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्तगंज हेमन्त जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र तिवारी, भाजपा युवा नेता चंदन मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष कुल दीप सिंह , मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिगुनायक, ग्राम प्रधान सलमान,रामनरेश यादव कार्यक्रम में कई ग्राम प्रधान व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कालपी, बाबई अस्पताल को मिली एक-एक एम्बुलेंस

**कालपी (जालौन)।** तहसील क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए दो एम्बुलेंस मिली है। शनिवार को जिलाधिकारी ने उन्हें गंतव्य के लिए रवाना किया है। मरीजों को अस्पताल लाने और ले जाने के लिए सरकार ने 102 और 108 एम्बुलेंसों का संचालन काफी समय पहले शुरू किया था जिसमें अब कुछ समय बीतने के साथ खराब हो चली है जिससे मरीज इलाज के लिए नही पहुेच पा रहे थे और इसी समस्या के समाधान के लिए शासन ने जनपद को तीन एम्बुलेंस जनपद को मिली थी जिसमें सीएचसी कालपी और बाबई को एक-एक एम्बुलेंस दी गई है। शनिवार को जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनडी शर्मा के द्वारा उन्हें हरी झंडी दिखाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डा दिनेश गुप्ता के अनुसार नई गाड़ी आने से मरीजों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा क्योंकि पुरानी गाड़ी समय से नहीं पहुंच पा रही थी।

### खेत का पानी ओवर होने से फसल हुई नष्ट

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी किसान ने खेत पर पानी लगाते समय ध्यान नहीं दिया और खेत का पानी ओवरफ्लो हो दूसरे खेत में भर गया। जिससे खेत में खड़ी फसल नष्ट हो गई। शिकायती करने पर पीड़ित के साथ गाली, गलौज भी कर दी। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी राजेश कुमार चौधरी ने पुलिस को बताया कि उनका खेत मनकापुर मौजा में स्थित है। लगभग चार बीघा खेत में उन्होंने मटर की फसल बोई थी। मटर की फसल तैयार है। उनके पड़ोसी किसान भरत को अपने ,खेत में पानी लगाना था। जिसके लिए वह पास में ही स्थित बंबी से होकर आए नाले से खेत में पानी लगाने लगे। पानी लगाते समय वह खेत पर नहीं थे। जिसके चलते पानी ओवरफ्लो होकर उनके खेत में आ गया। खेत में पानी भरने से उनकी चार बीघा खेत में खड़ी मटर की फसल नष्ट हो गई। जब उन्होंने अपनी खराब फसल देखकर पड़ोसी किसान से शिकायत की तो उन्होंने गाली, गलौज कर उन्हें वहां से भगा दिया।

# समस्या समाधान में लापरवाही से पीड़ित की टूट जाती है उम्मीद : सीडीओ

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

शिकायतों की निस्तारण आख्या अपलोड करने में ध्यान रखें कि यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट है तो संतुष्ट लिखें अन्यथा असंतुष्टि दर्ज करें। यह निर्देश संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ भीमजी उपाध्याय ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए।

सीडीओ भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एसडीएम सुशील कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित अपनी समस्या को लेकर आता है ताकि समस्या का शीघ्र निदान हो सके। यदि इसमें लापरवाही होगी तो उसकी उसकी उम्मीद भी टूट जाएगी। इसलिए संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। ताकि फरियादी को बार बार न न आने पड़े और उसकी समस्या का समाधान हो सके। कहा कि शिकायत निस्तारण को अपलोड करने में गलतियां भी हो जाती हैं। इसके लिए हर हाल में शिकायतकर्ता से बात की जाए। अगर वह संतुष्ट हैं तो संतुष्ट अंकित करें अन्यथा असंतुष्ट दिखाएं। असंतुष्टी का कारण जरूर अंकित करें जिससे फीडबैक सही जाए। इस दौरान 31 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की सबसे अधिक 15 शिकायतें दर्ज हुई। नगर पालिका की सात, पुलिस विभाग चार, समाज कल्याण दो और जल संस्थान, नहर व सब रजिस्ट्रार कार्यालय की एक एक शिकायत पंजीकृत हुई।

# तहसील दिवस में महिलाओं ने की रोजगार देने की मांग

### ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित प्लांट में चुनिंदा महिलाओं को ही काम दिए जाने से अन्य महिलाओं में आक्रोश

**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सरकारी योजनाओं में भागीदारी दी जा रही। सरकार अधिकांश योजनाओं में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं काम दिया जा रहा हैं लेकिन दुद्धी ब्लॉक में ब्लॉक के अधिकारियों की मिलीभगत से सिर्फ चुनिंदा महिलाओं को काम दिए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर तहसील दिवस में अधिकारियों से काम दिलाए जाने की मांग रखी। तहसील दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने कहा हैं कि हम सब महिलाबोएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई है। स्वयं सहायता समूह का उददेश्य जरूरतमन्द महिलाओं रोज को रोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से दुद्धी ब्लाक के विभिन्न समूहो से पैसा लेकर टी एच आर प्लान्ट की स्थापना की गई थी कि उक्त प्लान्ट मे महिलाओं को बारी-बारी से काम दिया जाएगा लेकिन प्लान्ट मे अभी तक सिर्फ चुनिंदा महिलाओं को ही रोजगार दिया जा रहा है। जिसको लेकर समूह की अन्य महिलाओं में रोष पैदा हो रही है और समूह की मीटिंग में महिलाए लगातार काम मांग रही है और यह कहती है कि कुछ महिलाओं को सभी योजनाओं में काम मिल रहा है और हम लोगो को कोई रोजगार नहीं दिया जा रहा हैं।आरोप लगाया कि ब्लॉक में कई ऐसे समूह की महिलाएं हैं जिन्हें लगातार रोजगार दिया जा रहा जबकि अन्य महिलाओं को रोजगार से नहीं जोड़ा जा रहा हैं, जो चिंता का विषय हैं। महिलाओं ने मांग की हैं कि बारी -बारी से सभी जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार दिया जाना चाहिए। इस दौरान देवन्ती, अनुजा, मैरुन निशा, सोनकुंवर, नजमा, सरिता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### पत्रकार को पितृशोक

**चोपन/ सोनभद्र।** नगर के दैनिक अखबार के एवं आकाशवाणी ओबरा के संवाददाता मनोज सिंह के पिता जी लालबहादुर सिंह उम्र लगभग 85 वर्ष की हृदयगति रुक जाने से शनिवार को देहांत हो गया जिसके बाद उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी बताते चलें कि वर्ष 2001 में वह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (राजपत्रित)के पद से सेवानिवृत हुए थे। स्वास्थ्य विभाग में रहकर भी साहित्य में काफी रुचि थी। कवि सम्मेलनों में जहा शिरकत करते थे वही लिखित उपन्यास घूंघट के आसू , समेत अन्य उपन्यासों को भी लिखे थे। आकाशवाणी प्रयागराज , ओबरा के कवि गोष्ठी में भी लगातार जाते थे। अखबारों में लेखन , कवि सम्मेलनों में भाग लेना , नाटक लेखन आदि के भी कार्य खूब किए विगत कुछ दिनों से बीमार होने के बाद पूरी तरह स्वस्थ भी हो गए थे लेकिन छुट्टी से कुछ समय पूर्व ही हृदयागति रुकने से उनकी मौत हो गई ।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में जले 11 हजार दीपक

**माधौगढ़, जालौन। समृद्धि न्यूज**

स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनाव आयोग के निर्देश पर तहसील माधौगढ़ की राजस्व टीम ने सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में 11 हजार दीपक जलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का बेहतरीन माध्यम निकाला। छात्र छात्राओं ने दीपक जलाकर आम मतदाताओं से लोकतंत्र का आधार, वोट न हो कोई बेकार का संदेश दिया।

विद्यालय प्रांगण में 11 हजार दीपकों की रोशनी से लोकतंत्र को जीवांत करने का प्रयास किया गया। चुनाव आयोग की पहल पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूक करने के लिए समय समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिससे बहुत हद तक चुनावों में मत प्रतिशत बढ़ा है। इसी के चलते इस बार आयोग ने दीपक जलाकर लोगों को जागरूक करने का माध्यम बनाया। राजस्व टीम के लेखपाल मंसूर खान, उदय तिवारी, मनीष आर्य ने 11 हजार दीपकों को व्यवस्थित कर ज्ञान मंदिर स्कूल में जगमग कराया। इस स्पेशल पहल का ड्रोन से वीडियो शूट किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम शशि भूषण, तहसीलदार अमित शेखर, महेश सिंह पतराही, सुनील चंसोलिया, स्कूल प्रधानाचार्य रामवीर भदौरिया, राहुल शाक्य, सोनू सिजिरिया आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसो. के तहसील अध्यक्ष का हुआ चयन

**भांवरकोल, गाजीपुर।** क्षेत्र के लट्ठूडीह शिव मंदिर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष मुनीलाल पांडेय के आदेश पर मुहम्दाबाद तहसील अध्यक्ष रामविलास पांडेय को पद के दुरुपयोग करने के रिपोर्ट मिलने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। क्षेत्र के प्रिन्ट मीडिया पत्रकारों की एक आपात बैठक आयोजित हुई जिसमें तहसील क्षेत्र के पत्रकार ब्रह्मानंद पांडेय को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष चुना गया। उक्त बैठक उक्त संगठन के जिला के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार जयशंकर राय ने तहसील क्षेत्र के पत्रकार ब्रह्मानंद पांडेय को अध्यक्ष पद पर चुने जाने का प्रस्ताव रखा।

# दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के पहले दिन जग्गी पहलवान पंजाब व मनीराम दास आयोध्या ने कुश्ती में जीत हासिल की। कुश्ती दंगल के मुख्यअतिथि दिनेशचार्य व सुनील राधेश्याम वर्मा ने पहलवानो का हाथ मिलाकर शुरू कराया। शनिवार को उतरौला नगर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहला मुकाबला लकी थापा नेपाल व जग्गी जगरूप शेरे पंजाब के बीच मुकाबला हुआ जिसमें एक तरफा मुकाबले में जग्गी ने लकी थापा को कला जंग दाव मारकर पटखनी देकर जीत हासिल की।कुश्ती जीतने पर 5100 रुपये का पुरस्कार सोनू गुप्ता ने दिया।दूसरा मुकाबला मनीराम दास आयोध्या व जग्गी पहलवान पंजाब के बीच हुआ जिसमें मनीराम ने निकाल दांव मारकर पंजाब पहलवान को अखाड़े ने चित कर 25000 रुपये की इनामी धनराशि प्रताप की।विराट कुश्ती दंगल के आयोजक राम प्रताप वर्मा पहलवान ने आये सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।दंगल देखने के लोगो की भारी भीड़ मौजूद रहकर पहलवानो का हौसला बढ़ाया।इस अवसर आफाक अहमद,अल्ताफ सभासद,दिलीप प्रधान, अखलाक प्रधान,निजाम, मनीष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### जमा धन को वापस करने को लेकर किया प्रदर्शन

**उतरौला,बलरामपुर।** प्रथमा यूंपी ग्रामीण बैंक शाखा इटई रामपुर में शाखा प्रबंधक सूरज कुमार द्वारा तीन करोड़ रुपए खाता धारकों का हड़प किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खाता धारकों ने बैंक में जमा धन की वापस करने की मांग को लेकर सैकड़ों खाता धारकों ने बैंक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और उसके जमा धन को वापस करने की मांग की। खाताधारक राम जी, शिव कुमार, मोहम्मद रसीद, अफजल, सीताराम समेत तमाम खाताधारक ने बैंक पहुंचकर बैंक अधिकारियों से उसके जमा धन को वापस करने की मांग की। वहीं तमाम खाताधारक ने उसके खाते में जमा धन का सत्या ढहपन कराने की मांग की। खाताधारक इस बात का पता लगा रहे हैं कि उसके खाते में जमा धन सुरक्षित है या नहीं। बैंक अधिकारियों ने खाता धारकों की समस्या सुनकर शीध्र निस्तारण करने की मांग की है।

**बैठक** — उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है: अवधेश प्रसाद

# सपा की मासिक बैठक में हुई चुनावी रणनीति पर मंथन

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**




समाजवादी पार्टी की जिला मासिक बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बूथ कमेटी को मजबूत करने के साथ ही वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा विकास की बात की है। समाजवादी पार्टी जब भी सत्ता में रही है,उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है।आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश मे सर्वाधिक सीट जीत कर दिल्ली में केंद्र की सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बहुत मजबूती के साथ पार्टी के कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं और उन्हीं की बदौलत लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की जाएगी।श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बिना भेदभाव के सभी वर्गो के लिए विकास का काम किया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक विकास किया है।उन्होंने कन्या विद्याधन, बेरोजगारी भत्ता,नौजवानों को रोजगार,आगरा लखनऊ एक्सप्रेस और मेट्रो जैसी सौगात दी है जिसे जनता आज भी याद कर रही है।प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करेगी।हमारे कार्यकर्ताओं को अभी से ही लोकसभा चुनाव के लिए लग जाना है।बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनहित के कामों को लेकर जनता के बीच में अपनी आवाज को बुलंद किया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शेरपुर सराय वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2023-24 — दिनांक 06/01/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर सराय विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/01/2024 से 15/01/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/01/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/01/2024 से 15/01/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | प्राथमिक स्कूल से डामर रोड तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रजनेश के घर से शिवशंकर के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (भैरोलाल)   सचिव (आलोक दुबे)**

**ग्राम पंचायत शेरपुर सराय, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

समाधान दिवस में राज्यमन्त्री ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

# जब तक फरियादी शिकायत के समाधान से संतुष्ट न हों तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा: असीम अरुण

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** सदर तहसील सभागार में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने की। इस दौरान कुल 61 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमे 04 शिकयतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गयाा। वहीं तहसील छिबरामऊ में कुल 67 मे से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ तथा तहसील तिर्वा में कुल 111 शिकायतों मेंसे 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

- राज्यमन्त्री असीम अरुण की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरान्त मन्त्री असीम अरुण ने विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम



सबके लिए सर्वोपरि है कोई भी फरियादी तहसील दिवस व किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सकें और लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

# बाइकर्स लुटेरों ने सर्राफ कारोबारी को गोली मारकर जेवर व नकदी से भरा थैला लूटकर फरार

- शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे पीछा कर रहे बाइक सवार लुटेरों ने समधन संतोषा रोड़ के पास घटना को दिया अंजाम
- बाइकर्स लुटेरे फरार, पुलिस तलाश में जुटी,एसपी घटनास्थल पर पहुंचे

समधन, समृद्धि न्यूज़

**बाइक सवार** लुटेरों ने दुकान बंद कर घर लौट रहे सर्राफ कारोबारी को गोली मारकर दो लाख रुपए की नकदी व लाखों के जेवर से भरा थैला लूटकर फरार हो गए घायल सर्राफ कारोबारी



मृतक अय्याज खां की फाइल फोटो

को इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई। समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी नायाब खां की मलिकपुर में जेवरात की दुकान हैं रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपनी बाइक से नायाब खां अपने दो पुत्र अय्यज (20) वर्ष व कासिद के साथ दारासराय घर आ रहें थें बीता शुक्रवार करीब साढ़े पांच बजे जैसे ही इनकी बाइक समधन संतोषा रोड़ मोड़ के पास पहुंची पीछे से आ रहे बाइकर्स सवार लुटेरे ने अय्याज खां के ऊपर फायर कर दिया अय्याज के कंधे पर गोली जा लगी अय्याज की बाइक सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी पूरी तैयारी से पीछे लगे चले आ रहे बाइकर्स लुटेरों ने असलहे के बल पर सर्राफ कारोबारी से जेवर व दो लाख की नकदी से भरा थैला लेकर फर्रुखाबाद की ओर फरार हो गए सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। शनिवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतक अय्याज का शव समधन पहुंचते ही हजारों की संख्या में एकत्र भीड़ की आंखें गमगीन थी। उधर लुटेरों को जल्द पकड़ने के लिए पुलिस जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस हर तरीके से प्रयास करने में जुटी हुई है।

# खबरें चलते-चलते

## प्रधान के भतीजे ने गौशाला का तोड़ा गेट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम खगऊ निवासी ग्राम प्रधान रामप्यारी तथा सचिव ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बछलैया निवासी अंकित पाल अपने 8-10 साथियों के सहारे एक ट्रैक्टर में गोवंश भरकर स्थाई गौशाला खगऊ पहुंचा। मुख्य गेट को तोड़ते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को अंदर घुसा दिया और प्रेशर के जरिए गोवंशों को नीचे उतारने लगा। गोपालक द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जमकर गाली-गलौज किया और देख लेने की धमकी दी। ग्राम प्रधान द्वारा दी गई तहरीर में यह भी कहा गया आरोपी यहीं पर नहीं रुका, उसने गोपालकों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। जिससे घबराए गोपालक जान बचाकर फरार हो गए। आरोप है ट्रैक्टर ट्राली से उतरने वाले गौवंशो के साथ-साथ गौशाला के अन्य पशु भी भाग गए। जाते-जाते आरोपियों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित महिला ग्राम प्रधान तथा सचिव ने आरोपी अंकित पाल तथा 8-10 अज्ञात लोग सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## धोखाधड़ी के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वीरेंद्र शुक्ला पुत्र सुरेश चंद शुक्ला निवासी खानपुर बालाजीपुरम थाना कादरी गेट ने न्यायालय में दिए प्रार्थना दर्शाया कि मेरा व दीपक त्रिवेदी पुत्र भैरवी सहाय त्रिवेदी ने कमलेश यादव पुत्र श्रीकृष्णा यादव निवासी अंबेडकर नगर फर्रुखाबाद जिससे प्रार्थी की अच्छी जान पहचान है। कमलेश यादव के कहने पर सुनील कुमार पुत्र खुशीराम निवासी नरकसा से आराजी स्थित अल्लाह नगर उर्फ बढ़पुर का विक्रय पत्र वीरेंद्र शुक्ला, कमलेश यादव, दीपक त्रिवेदी ने 26 नवंबर 2012 को कराया था। जिसका विक्रय में 6 लाख रुपए में प्रार्थी ने 3 लाख रुपये दीपक द्विवेदी ने विक्रय पत्र अंकित करते समय सुनील कुमार को दिये थे। प्रार्थी व कमलेश यादव ने अपने-अपने हिस्से में विक्रय पत्र शैली बाजपेई पत्नी आशीष मिश्रा के पक्ष में 26 जुलाई को अंकित कर दिया था। 15 सितंबर 2023 को मैं कमलेश यादव की शेष बची 4 डिसमिल भूमि को खरीदने हेतु कमलेश यादव से बातचीत की और 12 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। जिस पर मैंने 2 लाख रुपये चेक के माध्यम से दिया, लेकिन तय समय पर विक्र य पत्र मेरे पक्ष में नहीं लिखा। जब मैं कमलेश यादव को दिए 2 लाख रुपये की चेक वापस मांगी तो सुनील कुमार से विक्रय पत्र निरस्त करने के लिए कहा तो सुनील, कमलेश रुपए वापस करने मना दिया और जान से मारने की नियत से तमंचा तान दिया और जानमाल की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सुनील कुमार, कमलेश यादव, सुधाकर राजपूत, अवनीश राजपूत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## तेरहवीं भोज खाने गयी नाबालिग बालिका के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम गांव में तेरहवीं भोज में दावत खाने गई नाबालिक बालिका के साथ आरोपी ने जबरन छेड़छाड़ की। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी एक युवक ने बीती रात थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की उनकी 13 वर्षीय पुत्री गांव में ही चल रहे तेरहवीं भोज में दावत खाने गई थी, तभी गांव के ही आरोपी ने पीड़िता के बताए अनुसार उसको पहले घर के जीने में दबोचा। जब पीड़िता चिल्लाई और अपने घर को चली, तो आरोपी ने उसे पुनः रास्ते में घेर लिया और उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा। तब पीड़िता पुनः चिल्लाई तो गांव के लोग मौके पर पहुंच गये और पीड़िता के पिता को मामले की जानकारी दी। तब पिता थाने पुत्री को लेकर पहुंचा और थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की और आरोपी विशाल कुमार पुत्र शिवराज सिंह के यहां दविश दी, लेकिन आरोपी फरार हो गया। थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## 40 लीटर कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाने में तैनात दरोगा दीपक भाटी ने मुखबिर की सूचना पर काली नदी के पुल के पास से दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। नाम, पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम कुलदीप पुत्र दिनेश निवासी खुदागंज बताया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब प्लास्टिक की पिपिया में बरामद की गई तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मंशाराम पुत्र सियाराम निवासी खुदागंज बताया। उसके पास से भी 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

## अक्षत देकर की घर-घर दीपोत्सव मनाने की अपील



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शनिवार को नगर के मोहल्ला राजेन्द्र नगर में अक्षत कलश यात्रा के द्वारा घर घर अक्षत वितरण किए गए। जिसमें 22 जनवरी को घर-घर दीप जला कर दीपावली मनाने अपील स्थानीय लोगों से की गई। अक्षत कलश यात्रा के दौरान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, सभासद ऋतु गुप्ता, प्रतिनिधि शिवा गुप्ता, नीरज मिश्रा, वॉर्ड प्रभारी ब्रजेश कौशल, पंकज दुबे, बलराम त्रिपाठी,मनोज गुप्ता, अनित शुक्ला, विजय कुमार, सुरेंद्र राठौर, विपिन चौरसिया, जीतू गुप्ता, सोनू सैनी, दीपक गुप्ता, गौरभ राजपूत, किरण दुबे, डोली शर्मा, भानु सिंह, गीता ठाकुर आदि ने घर-घर अक्षत, पत्रक व श्रीराम का चित्र भेंटकर लोगों ने दीपोत्सव मनाने की अपील की।

# सुलह समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराएं: सचिव

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव की अध्यक्षता में एडीआर भवन में आयोजित हुई पैनल एवं मध्यस्थ तथा लीगल डिफेंस सिस्टम के अधिवक्ताओं की मासिक बैठक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की अध्यक्षता में एडीआर भवन में पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता एवं लीगल डिफेंस सिस्टम के अधिवक्ताओं के साथ मासिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक मे सचिव लवली जायसवाल ने पैनल अधिवक्ताओ को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यक्षेत्र मे समय से उपस्थित हो कर कार्य करें और किये जाने वाले कार्य का स्पष्ट



व संपूर्ण ब्यौरा पंजिका में अंकित कर संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी से हस्ताक्षर कराकर सचिव के समक्ष प्रस्तुत करें। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि जिन विचाराधीन बंदियों को प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क सहायता एल.ए.डी.सी.एस.के माध्यम से दी जा रही है उनके मामलों के शीघ्र निस्तारण में न्यायालय का सहयोग करें। कहा कि उक्त मामलों में अनावश्यक स्थगन ना करें। मीडिएटर अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि वे सुलह समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराये। बैठक में कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में नियुक्ति अधिवक्ताओं एवं पैनल अधिवक्ताओं, मीडिएटर अधिवक्ताओं से उनके कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में आ रही कठिनायो के बारे में विचार विमार्श किया गया तथा उसके निदान हेतु आश्वत किया गया। सचिव द्वारा चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल को यह भी निर्देशित किया गया कि अभियुक्तों की जमानत हुए 7 दिन से ज्यादा हो चुके और वे जमानतगीर देने में असमर्थ है तो जल्द से जल्द उनकी जमानत की शर्तों पर शिथिलता प्रदान कराये जाने हेतु अभियुक्त के आवेदन प्रस्तुत करने पर संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करे एवं जिला करागार का विजिट नियमित रूप से करें कहा किं जिला कारागार में ऐसे निरुद्ध बंदियों की भी जानकारी ली जाये, जिनको निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया परन्तु कतपिय कारणों से अब उन बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता नहीं है तथा ऐसे बंदियों के विषय में सम्पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

# व्यापारियों ने परिजनों को बंधाया ढांढस



गुरसहायगंज, कन्नौज

समधन में व्यापारी से हुई लूट व हत्या की घटना में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने मृतक व्यापारी अय्याज खान के परिजनों से मुलाकात की।

जिसमें पदाधिकारियों ने मृतक के पिता नायाब से वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। इस दौरान जिला महामंत्री राजीव दुबे, जिला उपाध्यक्ष विजय दुबे, नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा, नगर महामंत्री आयुष पंडित, कुलदीप गुप्ता सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने मृतक व्यापारी के परिजनों को ढांढस बंधाया व पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर मामले के खुलासे की मांग की।

# आईजी ने किया व्यापारी लूट कांड का स्थलीय निरीक्षण



गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बीते** शुक्रवार की शाम व्यापारी से हुई लूट कांड का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे आईजी जोन जोगेन्द्र कुमार ने लोगों से पूछताछ की और अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले का खुलासा किया जाए। अपराधों को रोकने के लिए पुलिस गस्त को बढ़ाया जाए। नगर

- मृतक के भाई ने दर्ज कराया घटना का मुकदमा

पंचायत समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी कासिद पुत्र नायाब ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि उसका भाई अयाज मलिकपुर से दुकान बंदकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी शुक्रवार की शाम करीब 5.45 बजे सफेद अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। इसके बाद सोने चांदी व नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद कानपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार की शाम व्यापारी के शव को उसके आवास पर लाया गया। तो परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि स्थानीय लोगों की भीड़ शव देखने के लिए लग गई। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

समाज कल्याण विभाग की पहल

# सर्दी से बचाने के लिए बेसहारा वृद्धजनों को वृद्धाश्रमों तक पहुंचाएं: असीम अरुण

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**प्रदेश भर** में शीतलहर को देखते हुए समाज कल्याण विभाग निराश्रित वृद्धजनों का सहारा बन रहा है. इस सम्बन्ध में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अभियान चला कर निराश्रित वृद्धजनों को वृद्धाश्रमों तक पहुंचाएं, ताकि शीतलहर से निराश्रित वृद्धजनों को बचाया जा सके. कन्नौज में संचालित वृद्धाश्रम में अभी 76 वृद्धजनों को रखने की क्षमता शेष है.। मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमज़ोर, निराश्रित वृद्धजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व सम्मान के लिए लगातार कार्य कर रही है. इसके लिए वृद्धाश्रमों में सरकार द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

- एल्डर लाइन 14567 या 112 पर कॉल कर दे सकते हैं निराश्रित वृद्धजनों की सूचना

निराश्रित वृद्धजनों को शीतलहर से बचाया जा सके, इसके लिए अभियान शुरू किया गया है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने डीजीपी को पत्र लिख कर निराश्रित वृद्धजनों के सर्वेक्षण और उनको ससम्मान वृद्धाश्रमों तक पहुँचाने में सहयोग माँगा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जनपद के पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर समन्वय स्थापित करेंगे। रात्रि में गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों को अगर कोई निराश्रित वृद्ध दिखते हैं तो समाज कल्याण विभाग की सहायता से उनको वृद्धाश्रमों तक ससम्मान पहुँचाया जायेगा।. नागरिक भी निराश्रित वृद्धजनों की सूचना एल्डर लाइन 14567 अथना पुलिस विभाग की आपात सेवा यूपी 112 पर दे कर सहायता कर सकते हैं. इस सम्बन्ध में सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण ने जनपद के पुलिस अधीक्षक से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं.।

## वृद्धाश्रमों में उपलब्ध है सभी मौलिक सुविधाएं

समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है. इस वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को खाना, गर्म कपड़े, दवाई, मनोरंजन के साधन आदि उपलब्ध कराया जाता है. यहाँ डॉक्टर की सुविधा भी उपलब्ध है ताकि ज़रूरत पड़ने पर बीमार वृद्धजनों का उपचार भी हो सके. समाज कल्याण विभग द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों में निराश्रित वृद्धजनों को रखने की पूरी क्षमता है।

## अधिवक्ता शिवांक बाजपेई ने कोषाध्यक्ष पद पर किया नामांकन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** कन्नौज बार एसोसिएशन के चुनाव की गहमागहमी तेज हो गई है। शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल हुए कोषाध्यक्ष पद पर मजबूत दावेदारी ठोंकते हुए अधिवक्ता शिवांक वाजपेई ने कई अधिवक्ता साथियों के साथ अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल कर चुनाव में गर्मी ला दीं। कन्नौज बार एसोसिएशन के चुनाव से इस समय कन्नौज कचहरी का माहौल राजनीतिक चर्चा का केंद्र बना हुआ है और कचहरी परिसर होर्डिंग बैनरों और पोस्टरों से पटा पड़ा है कई अलग अलग पदों पर हो रहे चुनाव कार्यक्रम में लोग अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं और अधिवक्ताओं के चैंबर चैंबर जाकर अपने पक्ष में वोट मांग कर अपना समर्थन जुटा रहे हैं और अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं जिससे इस कड़ाके की सर्दी में भी कचहरी की चुनावी सरगर्मी से माहौल गर्म बना हुआ है। अधिवक्ता शिवांक बाजपेई की कोषाध्यक्ष पद पर नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सर्द मौसम मे चुनाव की गर्मी तेज हो गई है।

# पूर्व राज्य मंत्री ने दिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ अन्य कई योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर पालिका** परिषद में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के प्रथम दिन नगर पालिका परिषद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समस्त विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे चेयरमैन मनोज कुमार मुनीश मिश्रा अध्यक्ष पूर्वी सोसायटी आनंद गुप्ता अध्यक्ष भाजपा नगर दीप जलाकर मां सरस्वती के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया अधिशासी अधिकारी ने अध्यक्ष मनोज दुबे जिला



उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ मिश्रा नगर अध्यक्ष भाजपा आनंद गुप्ता नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अतुल वर्मा को पुष्प देकर स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की योजना को प्रधानमंत्री साकार कर रहे हैं समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ देने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए कैंप लगाकर जनता की समस्याओं से अवगत होकर निस्तारण करने की कोशिश की जा रही है पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि आम जनमानस कार्यक्रम स्तर पर पहुंचकर अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत विकसित संकल्प यात्रा में लगे कैंपों को में अपनी समस्या से अवगत कारण और उसका निस्तारण किया जा सके भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सहायता या योजना का लाभ पहुंच सके पूर्व राज्य मंत्री कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि आगे आयोजन पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ मिल सके कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के समस्त सभासद व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम में मोदी गारंटी प्रचार बहान भी आया था जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।






# जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

- अभिलेखालय का उद्‌घाटन कर देखी व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। ज्यादातर शिकायतें भूमि पर कब्जे से संबंधित आयीं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने सदर तहसील में अभिलेखालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। अब राजस्व सहित विभिन्न अभिलेखों को सदर तहसील में डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। जिलाधिकारी ने उद्घाटन के बाद लॉकर रूम की व्यवस्थाओं को भी देखा तथा तहसीलदार सदर से भी जानकारी ली। बताते चलें कि बीते दिनों जिले में कई सरकारी कार्यालयों में हुई घटनाओं के बाद जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है। कुछ दिन पूर्व ही जिला निर्वाचन कार्यालय के भवन में आग लग गयी थी। जिसमें ईवीएम मशीनें आदि जल गयी थीं। गत वर्ष तहसील सदर के स्टोर रूम में भी आग लग गयी थी, लेकिन अब लॉकरों में भू-अभिलेखों को सुरक्षित ढंग से रखा जा सकेगा।



फरियादियों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी



अभिलेखालय का उद्‌घाटन करने के बाद देखीं व्यवस्थायें

# अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनीं समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। इस मौके पर कुल 162 शिकायतें आयीं। जिसमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कियाग गया।

कम्पिल क्षेत्र के जगदीश पुत्र सुन्दरलाल निवासी किन्दर नाला त्योरखास ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना प्रत्र देकर कहा है कि सरकार द्वारा पट्टे की जमीन प्राप्त हुई थी। जिसकी गाटा संख्या 865, रकवा 0.0650 हे0 तथा गाटा संख्या 897 रकवा 0.02.40 हे0 जिस पर काफी वर्षों से बलराम पुत्र नत्थू सिंह कब्जा किये हुए जिसे, जिसे मुक्त कराने की फरियाद की। इस दौरान नवान्तुक क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र सिंह, तहसीलदार आलोक कटियार, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, विद्युत उपखण्ड अधिकारी मोहम्मद शमीम, कायमगंज कोतवाली के कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते अपर जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा नेता ने किया कंबल वितरण

- दूर दराज क्षेत्र से आए जरूरतमंदों को बांटे गए पांच सैकड़ा से अधिक कंबल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद के** फैजबाग स्थित एक गेस्ट हाउस में बने श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा नेता व गो ग्रीन जन कल्याण फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष अनूप गंगवार ने कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। सबसे पहले रामलला की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्र के दूरदराज से आए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के मंडल अध्यक्ष राम लखन राजपूत ने की तथा कार्यक्रम का संचालन महेश वर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने श्रीराम लला के बारे में विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र से आए हुए लोगों से 22 जनवरी को होने वाली रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर पर दीप प्रज्जवलित करने की अपील भी की। इस दौरान कार्यक्रम श्रीराम के नारों से गूंज उठा। भाजपा नेता अनूप गंगवार द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को पांच सैकड़ा से अधिक कंबल वितरित किए गए। साथ ही लोगों से कहा गया कि उन्हें जिस तरीके की मदद की आवश्यकता हो वह उन्हें किसी भी वक्त फोन कर सकता है और वह उनके हर सुख दुख में उनके साथ 24 घंटे खड़े हैं। इस दौरान अपना दल एस के प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार, अपना दल एस के कायमगंज विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत, अद्दूपुर प्रधान पंकज यादव, राजेश गंगवार, अनिल अवस्थी, आशिफ राजा, फैजान अंसारी, नवनीत सैनी, सुनील राजपूत, अनिल शर्मा सहित पांच सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।



कंबल वितरण के दौरान मौजूद लोग व अनूप गंगवार आदि

# बहनोई के गांव में दावत खाने गया युवक लापता, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीते दो** माह पूर्व बहनोई के यहां गये युवक की वहीं के निवासी एक युवक ने मछली की दावत दी। दावत खाने गया युवक लापता हो गया। पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवरा महसोना निवासी लालमन पुत्र मांगू लाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को उनका 45 वर्षीय पुत्र माखनलाल जो कि अपनी बहन खुशी देवी पत्नी कृष्णा राम निवासी ग्राम धनियापुर हीरामन थाना नवाबगंज के यहां गया था। उसने कई दिन बीत जाने के बाद जब अपने दामाद कृष्णा राम पुत्र रोशन लाल को फोन लगाया और माखन लाल के बारे में हालचाल पूछे, तो उन्होंने बताया कि माखनलाल की नरेंद्र पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम धनियापुर हीरामन ने मछली खाने की दावत की थी। जिसमें काफी मारपीट हुई थी। तब से माखनलाल घर नहीं आया है। जब यह बात पिता ने सुनी, तो उन्होंने नरेंद्र सिंह को फोन किया। जिस पर नरेंद्र ने बताया कि हमको उसके पुत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं है और अपने विरुद्ध कार्रवाई करने से भी मना किया। उसने कहा कि थाना पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ पायेगी। काफी खोजबीन करने के बाद पीड़ित पिता थाने आया और थाना पुलिस को अपने पुत्र के साथ किसी अनहोनी घटना होने की आशंका जताते हुए तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने चकरोड पर किया कब्जा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने चकरोड पर कब्जा कर मकान निर्माण शुरु कर दिया। पड़ोसियों के विरोध करने पर दबंगों ने जानमाल की धमकी दी। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सोना जानकीपुर के रिंकू राजपूत पुत्र ओमप्रकाश राजपूत ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया मेरे ही गांव के दबंग आशाराम पुत्र हरिश्चंद्र एवं विकास कुमार पुत्र आशाराम ने ग्राम समाज के चकरोड पर निहास खोदकर मकान बना रहे थे। जब हम लोगों ने ग्राम समाज के चकरोड पर निहास खोदने को मना किया, तो उक्त लोग गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए। इतना ही नहीं देख लेने तक की धमकी दे डाली। चकरोड बंद हो जाने से किसानों के ट्रैक्टर आदि नहीं निकाल पाएंगे। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। पुलिस ने तुरंत जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## सब्जी बेचने आए अधेड़ की हृदय गति रुकने से मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा में स्थित सब्जी मंडी में पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के ग्राम गोकुल नगला जरियनपुर निवासी रामशरन पुत्र गंगाराम सब्जी बेचने अमृतपुर कस्बा में आए थे। सब्जी बेचते समय अत्यधिक सर्दी लगने से उनकी हृदय गति रुक जाने के कारण अचानक मौके पर ही मौत हो गयी। बाजार में सब्जी खरीदने आए ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंचे बाजार मालिक सुभाष चंद्र दुबे ने घटना के संबंध में थाना पुलिस अमृतपुर को सूचना दी। 108 एंबुलेंस को भी सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस से राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा व परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बताया है कि रामशरन के चार पुत्र हैं। विपिन कुमार, गुलाब सिंह, अमित, सुमित है। रामशरन की पत्नी की एक माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। तब से वहां गुमशुम से रहने लगे थे और अपने जीवनयापन के लिए सब्जी बेचने का कार्य करते थे। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी ने बताया है लिखित सूचना मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिये ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर नई बस्ती टॉकीज रोड निवासी ध्रुव कुमार पुत्र राजकुमार उम्र लगभग 23 वर्ष ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतक ध्रुव कुमार अपने घर में सबसे बड़ा था। उसके दो भाई तथा तीन बहनें और हैं। कल शाम उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिवारीजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजन उसे अपने घर ले गए तथा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। आज सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल फांसी लगाने का कारण पता नहीं चल सका है। मृतक ध्रुव कुमार नगर में कपड़े की दुकान पर काम करता था तथा उसके पिता दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं।



मृतक का फाइल फोटो

## सट्टा पर्ची सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ उप निरीक्षक रक्षा सिंह क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली की सट्टे खाईवाड़ी करने वाला युवक बरगदिया घाट के पास है। सूचना मिलने ही उपनिरीक्षक अपने हमराह इसरार अहमद, सुशील कुमार, विनीत कुमार के साथ पहुंचकर घेराबंदी कर सट्टे का काम कर रहे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ दौरान उसने अपना नाम सोहनलाल पुत्र खुशीराम निवासी नाली मछली टोला कोतवाली फतेहगढ़ बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 690 रुपए बरामद हुए। सट्टा पर्ची आदि सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# बीडीओ ने सचिवों को गौशाला में सीसीटीवी लगाने के दिये निर्देश

- पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर से लाये जा रहे थे अन्ना पशु
- गौपालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर नौकरी से हटाने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** क्षेत्र की गौशाला में पड़ोसी जनपद शाहजहॉपुर के मिर्जापुर गौशाला से गुपचुप तरीके से गोवंश आने की जानकारी मिलते ही बीडीओ ने सचिव को गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा गोपालक के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये हैं।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़िउली में बीते 2 वर्ष पूर्व उच्च अधिकारियों के निर्देशन में एक वृहद गौशाला का निर्माण करवाया गया था। जिसमें किसानों की समस्याओं को देखते हुए भारी संख्या में निराश्रित गोवंशों को रखा गया था। जिसमें ग्राम पंचायत की देखरेख में ग्राम सचिवों के द्वारा गोवंशों की व्यवस्था हेतु गोपालक नियुक्त किये गये थे। बीते एक एक माह पूर्व किसानों की समस्याओं को देखते हुए विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने क्षेत्र की गौशालाओं के संबंधित सचिवों को निर्देश जारी किये थे कि क्षेत्र के किसानों की फसलों का नुकसान न होने पाए और उनके द्वारा निराश्रित गौवंश को गौशाला में लाया जाए और उनको गौशाला में संरक्षण दिया जाए, लेकिन उनके निर्देश का अनुपालन उनके गोपालकों ने ठीक उल्टा कर दिया। किसी तरह सेटिंग कर पड़ोस के जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर विकास खंड क्षेत्र मिर्जापुर की गौशाला से यहां गौशाला में गोवंश आने लगे। विकास खंड क्षेत्र के मिर्जापुर के कई ग्राम पंचायत से गोवंशों को लाने वाले वाहन चालकों ने वहां से 500 से 700 रुपये प्रति पशु के हिसाब से वसूली करना शुरू कर दिया और विकास खंड क्षेत्र मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर के एडीओ पंचायत ने वाहन चालकों को लिखित पत्र जारी कर दिया। जिस पर वहां के गोवंशों को लाकर नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़िउली वाली गौशाला में लाना शुरू कर दिया और वहां से लोगों से धन उगाही शुरू हो गई। जिससे वहां के अधिकारी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान के द्वारा बनाया गया पत्र किसी तरह वायरल हो गया। जिसकी जानकारी विकास खंड अधिकारी नवाबगंज गगनदीप सिंह को दी गई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। जिसमें पाया गया की शमशाबाद विकास खंड क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के निवासी वाहन चालक अपने किसी सेटिंग से नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की गौशाला में गोपालक के सहारे गोवंशों को लाना शुरू कर दिया। जानकारी करने पर बताया कि दो-तीन ही चक्कर लग पाये थे, लेकिन अब दोबारा वह यह नहीं कर पाएंगे। उन्होंने संबंधित सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगवा दें और संबंधित आरोपी गोपालक के विरुद्ध कार्रवाई कर उसको गौशाला की नौकरी से हटाने का कार्य किया जाए।



कड़िउली गौशाला में बंधे गौवंश — समृद्धि न्यूज

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार सिपाही व वृद्ध घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार सिपाही व वृद्ध घायल हो गया। घायलों को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को दरियावगंज मार्ग पर मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार सिपाही व वृद्ध घायल हो गये। आनन-फानन में दोनों घायलों को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया किया गया रेफर कर दिया गया। घायल वृद्ध के पुत्र निवासी ग्राम गदनपुर देवराजपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिता प्रकाश शंखवार पेंशन निकालने कस्बा कमलागंज गए हुए थे। उसी दौरान सड़क पार करते समय सामने से आ रहे बाइक सवार सिपाही से टक्कर हो गई। जिससे थाना कमालगंज में तैनात बाइक सवार सिपाही शंकर भी घायल हो गया। उसके पैर में फ्रेक्चर बताया गया है। लोहिया अस्पताल में घायल वृद्ध को उपचार के बाद नाक से ब्लीडिंग होने पर हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी गई। वहीं घायल सिपाही को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# विकास खंड राजेपुर के बरुआ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड राजेपुर के गांव बरुआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया तथा भास्कर दत्त द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह चौहान उर्फ लल्ला भैया व सुरेश राजपूत द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति एडीओ पंचायत कृषि अमित दिवाकर द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। एडीओ पंचायत द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया। एडियो पंचायत द्वारा लोगों को बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को उन लोगों तक पहुंचना है जो किसी कारण वश सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले सके तथा सरकार की योजनाओं से अछूत रह गए। इस कारण लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है तथा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह चौहान उर्फ लल्ला भैया तथा सुरेश राजपूत द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। इस मौके पर अजय कुमार सिंह चौहान उर्फ लल्ला भैया, भास्कर दत्त द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता, सुरेश राजपूत, एडियो पंचायत कृषि अमित दिवाकर, सीएचओ अभिषेक शुक्ला, सीएचओ निशा खान तथा ग्राम प्रधान अजय प्रताप मौजूद रहे।



बच्चे का अन्नप्राशन कराते भाष्करदत्त द्विवेदी

**समाधान दिवस** — 72 फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, आधा दर्जन का हुआ समाधान

# एसडीएम बोले आठ दिनों में हो समस्याओं का निस्तारण नहीं तो होगी कार्रवाई

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**तहसील सभागार** में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें 72 फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जबकि मौके पर आधा दर्जन फरियादियों की ही समस्याओं का निस्तारण हो पाया।

जानकारी के अनुसार उप जिला अधिकारी रवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय, खंड विकास अधिकारी कौशल गुप्ता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिसमें 72 फरियादी मौके पर पहुंचे। जिसमें से आधा दर्जन को ही न्याय मिला। तहसीलदार कर्मवीर, नायब तहसीलदार अतुल कुमार सिंह के द्वारा जानकारी दी गई की 72 फरियादी आए। जिसमें कुछ फरियादियों ने बताया है कि मैं कई बार तहसील दिवस में शिकायत कर चुका हूॅ, लेकिन न्याय नहीं मिला। नन्हीं देवी निवासी बिरसिंहपुर ने कहा कि दबंगों ने देवस्थान की जगह पर कब्जा कर लिया, शशि लता निवासी अमृतपुर ने शिकायत की मकान के सामने दबंगों ने जगह पर कब्जा कर लिया।बुधपाल निवासी बिरसिंहपुर ने कहा कि दबंगों ने खेत पर कब्जा कर लिया, कन्हैयालाल निवासी पट्टी दारापुर ने शिकायत कर बताया कि पुलिस द्वारा दबंगों को उनकी जगह पर कब्जा करवा दिया गया है। अब निर्माण कार्य हो रहा है। उर्मिला निवासी पट्टी बदनपुर ने आरोप लगाया ग्राम प्रधान ने जबरिया जगह पर कब्जा कर लिया है। रामकुमार कुसमापुर निवासी ने शिकायत की कि उनकी पट्टे की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। उषा निवासी अमृतपुर ने शिकायत की ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। राजपाल निवासी भावन ने शिकायत की पारिवारिक लोगों ने 50000 लेकर प्लाट का बैनामा नहीं किया। उर्मिला देवी निवासी साहरा ने शिकायत की कि उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। जगधीर निवासी बिरसिंहपुर ने शिकायत की चकमार्ग पर दबंगों ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया। बाबूराम निवासी ताजपुर ने शिकायत की मेरी जमीन पर कोटेदार ने कब्जा कर लिया है। रामस्वरूप निवासी नयागांव ने शिकायत में कहा कि चक मार्ग खुलवाकर मिट्टी डलवायी जाये। राम छबीले निवासी फखरपुर ने शिकायत में कहा कि कुड़री के प्रधान ने जबरिया उनकी जमीन जोत ली है। फरियादियों की समस्यायें सुनने के बाद उप जिलाधिकारी ने कहा है कि 8 दिन के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। जिस विभाग की समस्या छूट जाएगी तो उस विभाग के कर्मचारी पर कार्रवाई जायेगी।



समस्यायें सुनते एसडीएम, सीओ व बीडीओ आदि — समृद्धि न्यूज

# पदाधिकारी बूथ स्तर पर पहुंचकर गांव-गांव करें संवाद: चन्द्रपाल यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जोर दिया गया कि भाजपा ने आम आदमी की कमर तोड़ दी, सिर्फ प्रचार-प्रसार हो रहा, लेकिन जमीन पर आम आदमी के जीवन पर पिछले दस वर्षों में कोई परिवर्तन नहीं आया। भाजपा सरकार शासन व प्रशासन का दुरुपयोग कर लोगों को बरगला रही है। बैठक में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा बूथ स्तर पर पहुंचने और गांव-गांव पर जनसंवाद करने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में पुराने लोगों ने बहुत संघर्ष किया है, हमें आने वाले लोकसभा चुनाव में पुराने नेताओं से मिलकर उनके संघर्षों से



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव

प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जो लोग संघर्ष करते हैं उनका हमेशा सम्मान होना चाहिए। कहा कि जिस तरह शाक्य समाज सपा के साथ जुड़ रहा है, वह शाक्य समाज से अपील करते हैं कि सपा के साथ आएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए की भविष्य की संभावनाओं को समझें। प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है और संगठन की मजबूती ही प्रत्याशी को जीत दिलाती है। लोकसभा प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य ने कहा कि वह एक कार्यकर्ता के तौर पर संगठन के सभी पदाधिकारी का सम्मान करते हैं और जो भी दिशा निर्देश जिलाध्यक्ष द्वारा दिया जाएगा उसी के अनुरूप पार्टी की नीतियों को जनपद में प्रसारित करने का काम करेंगे। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के जनपद की रीड हैं। बैठक में बचे हुए समस्त फ्रंटल संगठनों को शीघ्र गठन करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, नागेंद्र शाक्य, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह यादव, सोमेंद्र यादव, भोला यादव, सौरभ कटियार, केके यादव, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, साजिद अली खान, शिव शंकर शर्मा, बिल्लू श्रीवास्तव, रजत क्रांतिकारी, सुभाष चंद्र शाक्य, सुभाष पाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया, ईश्वर दयाल, नीलम सिंह चौहान, निजाम अंसारी, अरविंद यादव, रवी यादव, अश्वजी यादव, देव सिंह यादव, हरिओम यादव, विनीत परमार, बेंचे लाल यादव, रामू गुप्ता, अजय यादव, जगदीश चंद्र यादव, अनिल यादव, आशीष शर्मा, समीर मिर्जा, विशाल यादव, रफी अंसारी, मुख्तार आलम, चांद खान आदि मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने किया।

# शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक में शैक्षिक गतिविधियों पर हुई चर्चा


प्रधानाचार्य अभिभावक संघ की बैठक को सम्बोधित करती प्रधानाचार्या

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रबंधक सुनील अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने शैक्षिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित परीक्षा-पे चर्चा व छात्राओं की उपस्थिति यूडीआईएसई पंजीकरण, कम्प्यूटर शिक्षा आदि बिन्दु पर चर्चा की। दर्शना आर्य व सुनीता पाण्डेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन संचारी रोग प्रभारी दर्शना शुक्ला ने किया। ईको क्लब प्रभारी पारुल जैन ने पर्यावरण जागरुकता पर विचार रखे। समीक्षा अग्निहोत्री ने हेल्प क्लब के अन्तर्गत आयरन टेबलेट का वितरण का उद्देश्य बताया। अंजली यादव ने अभिभावकों से छात्राओं के गृह कार्य पर ध्यान देने की बात कही। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत शपथ दिलायी गई। कृति शुक्ला ने बेटी पर स्वचरित कविता पढ़ी। शिक्षक अभिभावक संघ के समस्त पदाधिकारी, प्रबंधक सुनील अग्रवाल, उप प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, अध्यक्ष रजनी, उपाध्यक्ष रीना, मंत्री जितेन्द्र बाजपेयी व शिक्षिका इंद्रा राठौर, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला उपस्थित रही। इस अवसर पर शिक्षिका उप प्रधानाचार्य कुसुम लता, मंजू, अनीता सिंह, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, पारुल मिश्रा, नेहा सक्सेना, जया सिंह, पवित्रा, अंजना, सीमा, कविता चौहान, ममता शुक्ला, मेहविश के अलावा वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य एवं जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा मौजूद रहे। सभी का धन्यवाद प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### चांद मोहम्मद खां बने सपा के जिला उपाध्यक्ष


पदाधिकारी बनने पर चांद मोहम्मद खां मौजूद नवल किशोर शाक्य, साजिद अली व मुजाहिद अंसारी

### मुजाहिद अंसारी बने अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने पूर्व महानगर अध्यक्ष रहे चांद मोहम्मद खां को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद खान ने मुजाहिद अंसारी को जिला महासचिव बनाया है। 8 जनवरी को जनपद के समस्त जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष को लखनऊ बुलाया गया है। उनसे सुझाव मांगे जायेंगे। 9 जनवरी को विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों की बैठक होगी। 11 जनवरी को सभी विधानसभा अध्यक्षों की बैठक होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी व प्रदेश सचिव डा0 नवल किशोर शाक्य व जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, विवेक यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारी चांद मोहम्मद खां व मुजाहिद अंसारी को बधाई दी और माला पहनाकर स्वागत किया।

### तारा सिंह महिला महाविद्यालय में छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्ट फोन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तारा सिंह महिला महाविद्यालय भूड़नगरिया हमीर खेड़ा में स्मार्ट फोन वितरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम वर्मा व विशिष्ठ अतिथि ईओ नवाबगंज रहे। सरकार द्वारा विवेकानंद डिजी शक्ति कार्यक्रम के तहत स्मार्टफोन वितरित किये गये। तारा सिंह महिला महाविद्यालय में गजेन्द्र सिंह व संस्थापक राकेश कुमार यादव, प्रबंध निदेशक राहुल यादव, निदेशक रिषित यादव की देखरेख में छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गये। स्मार्ट फोन पाकर छात्रायें फूली नहीं समायीं। समारोह में छात्राओं के सपने को पूरा करने के लिए वित्तीय सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्मार्ट फोन के माध्यम से जानकारी के साथ अपना पठन-पाठन कर सकेंगी। इस मौके पर शोभा यादव, प्रियंका यादव, सुनीता मिश्रा, कुसुम शर्मा, अमला सक्सेना एवं अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद रही।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के कैम्प कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि 7 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर सेनापत में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अनुराग अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री बनाया गया। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद आचार्य ने की। राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीती तिवारी मौजूद रही।

### मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों द्वारा मारपीट कर जान से मारन के उद्देश्य से तमंचे से हमला करने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों का विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली फतेहगढ़ के जय नारायण वर्मा रोड निवासी उत्तम यादव पुत्र विजेंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया की 5 जनवरी को गैस एजेंसी के पीछे मैच खेल रहा था, तभी आर्यन यादव, जितेंद्र यादव, राहुल राजपूत, अंकित यादव व अज्ञात लोग जिन्हें मैं नहीं जानता। मैच खेलने के बाद आग ताप रहा था। इसी दौरान सभी लोगों ने एक राय होकर डंडे से हमला बोल दिया। अंकित के हाथ में तमंचा था, जिसने मेरे सर पर तमंचे से हमला कर दिया। जिससे मेरा सर फट गया। पुलिस ने शिकायत का आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### वकील को टक्कर मारने में ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम उबरीखेड़ा मकरंद सुल्तानपुर निवासी आशुतोष गौतम पुत्र प्रेमचंद ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 7 नवंबर को वह बाइक से कचहरी जा रहा था। समय करीब 10.00 बजे कुतुबपुर बाजार के सामने शेखपुर रूस्तमपुर की तरफ से मोहित पुत्र मुन्नू दीक्षित सड़क के नीचे की तरफ से ट्रैक्टर महिंद्रा तेजी एवं लापरवाही से चला कर लाया और पीड़ित की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह मोटर साइकिल सहित सड़क पर गिर पड़ा। टक्कर लगने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया एवं मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पीछे से आ रहे पीड़ित के साथी अब्दुल रहमान एवं रामचंद्र गौतम एवं अवधेश कुमार एडवोकेट ने अपनी मोटरसाइकिल से उसे स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लेकर आए। जब उसने अपनी चोटों का परीक्षण करवाया तो स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दूसरी जगह दिखाने के लिए कहा गया।

# सपाइयों ने कैम्प लगाकर जनता की सुनी समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई के दूसरा कैम्प मोहल्ला नबाब न्यामत खां पश्चिम के बाल्मीक मंदिर पर लगाया गया। शनिवार को कैम्प के प्रभारी रवि बाल्मीक, खुर्शीद अहमद, सत्यम अवस्थी, अमन भारद्वाज आदि पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में आम जनता की समस्यओं को सुना। समस्या बताने वालों में नन्ही देवी, जगदीश बाल्मीक, कमला बाल्मीक, चुन्नी देवी, रजनीश बाल्मीक, रणधीर कुमार बाल्मीक, अनुराग बाल्मीक, रोहन कुमार, सुनील कुमार बाल्मीक,


कैम्प में समस्यायें सुनते सपा महानगर अध्यक्ष राघवदत्त मिश्रा

जगदीश कुमार, बब्लू बाल्मीक, अमन बाल्मीक, रवि कुमार, अजय कुमार, दिनेश कुमार बाल्मीक समेत 37 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। जिस पर महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने बताया ज्यादातर समस्याएं नगर पालिका से सम्बंधित है। जल्द ही एक प्रतिनिधि मण्डल समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर पालिका को अवगत करायेगा।

## आलू पर छाया मद्दा, किसानों पर छायी मायूसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में शनिवार को आलू की आमद कम होने के कारण 110 मोटर रही। सुपर पीली मिट्टी का आलू 601 रुपये से 651 रुपये कुंटल बिका। मोटे आलू का भाव 421 रुपये से 521 रुपये की बिकवाली हुई। व्यापारियों की लीवाली सुस्त होने के कारण मण्डी में आलू कम बिका। कोहरा व ठंड के चलते झुलसा आलू आने के कारण किसानों को भाव अच्छे नहीं मिल पा रहे है। जिस कारण उनके चेहरे पर मायूसी है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि पिछले 10 दिनों से लगातार कोहरे व ठंड के कारण आलू में झुलसा लगना शुरु हो गया है। जिस कारण मण्डी में झुलसा आलू आलू आ रहा है। जिससे किसानों की लागत भी नहीं निकल रही है और आलू कम दामों में भी बिक रहा है।

# सेफक्वीन प्रतियोगिता की विजेता बनी साइमा बानो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति द्वारा शनिवार को प्रतियोगिताओं के क्रम में सेफक्वीन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें साइमा बानो ने प्रथम स्थान पाकर सेफक्वीन बनी। युवा महोत्सव समिति के सभागार में सेफक्वीन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के लजीज खाद्यान्न व्यंजन बनाकर निर्णायकों के सामने प्रस्तुत किये। निर्णायकों ने स्वादिष्ट व्यंजन चखने के बाद प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया। प्रतिभागियों ने कस्टर्ड खीर, गाजर का हलवा, पानी पूरी, दाल कतली, मीठा पान, पास्ता बनाकर निर्णायक मण्डल के सामने रखा। प्रतियोगिता में साइमा बानो प्रथम, अक्षरा कश्यप व ईशू बाथम


प्रतियोगिता में सम्मानित होते प्रतिभागी

द्वितीय, नम्रता मिश्रा, प्रिया मिश्रा, जाहन्वी वर्मा, दृष्टि वर्मा तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मण्डल की भूमिका डा0 कृष्णकांत अक्षर, सुनील सक्सेना ने निभाई। विजेताओं को कृष्णकांत अक्षर ने प्रमाण पत्र व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, हर्ष दुबे, कविध्वज मिश्रा मौजूद रहे।

# चोरी के ई-रिक्शा सहित युवक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** मुखबिर की सूचना पर एक युवक को चोरी के ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

19 अगस्त को मनीष कुमार पुत्र स्व0 सियाराम निवासी महरुपुर सहजू ने पुलिस को दी सूचना में कहा कि रात्रि 2:25 बजे बस स्टैण्ड पर सवारी का इंतजार कर रहा था, तभी एक व्यक्ति पेट में दर्द होने का बहाना बताकर आया और भैरव घाट जाने की बात कही। जिस पर 60 रुपये में लेकर चला गया। खानपुर से अमेठी जदीद होते हुए जा रहा था, तभी पीछे से एक ई-रिक्शा पीछे चल दिया। जिस पर दो लोग सवार थे। अमेठी जदीद बैंक ऑफ बदौड़ा के आगे बगिया के पास उक्त लोगों ने मारपीट कर मोबाइल व ई-रिक्शा व


पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

नगदी लूटकर हाथपैर बांधकर रास्ते में फेंक दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। थाना कादरीगेट के उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिसोदिया ने अपने हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर गतिमान पेट्रोल पम्प मऊदरवाजा से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम आमिर पुत्र सलीम निवासी भाऊटोला तकिया शरत शाह चौकी बजरिया बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है, कमाई न होने के कारण चोरी छिनैती कर लेता है। अगस्त महीने में अपने साथी फैजान पुत्र वसीम निवासी भाऊटोला के साथ ई-रिक्शा लूटा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## महिला को अकेला देख दबंग ने घर में घुसकर किया दुष्कर्म

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी पर लेंटर डालने गए युवक के घर में घुसकर दबंग आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पति के साथ जाकर थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव इमादपुर निवासी एक महिला पत्नी सचिन कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते बीते उनके पति सचिन कुमार क्षेत्र के ही एक गांव में लेंटर डालने के लिए गए थे। जो वह काफी लेट हो गए, तभी रात में आरोपी किसी तरह उनके घर में घुस आया और पीड़िता को जबरन खींचकर कमरे में ले गया और पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म करने लगा। तब तक पीड़िता का पति आ गया। जब पीड़िता चीखी चिल्लाई तो पास पड़ोस के भी लोग इकट्ठे हो गये, तभी आरोपी मौके से फरार हो गया। सुबह पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने आई और थाना पुलिस को नामजद आरोपी गौतम कुमार पुत्र वीरपाल के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़िता को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। हल्का के दरोगा ने पीड़िता के गांव जाकर जांच पड़ताल की। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस के द्वारा कोई लिखा पढ़ी में मामला दर्ज नहीं किया गया था।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ वक्फ ट्रस्टी ने डीएम से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ख्याबानेशाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह ने सदर तहसील में समाधान दिवस में जिलाधिकारी को अवैध अतिक्रमण निर्माण रुकवाने के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मैं वक्फ का मैनेजर हूं। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व अपनी पत्नी नगर पालिका अध्यक्ष के प्रभाव के चलते वक्फ सम्पत्ति को क्षति पहुंचा रहे है। इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए मांग की है। जिलाधिकारी ने पीड़ित की शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम को जांच करने के आदेश दिये है।

## बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, दोनों घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद बाजार करके टेंपो से उतर रहे वृद्ध के सामने से आ रही बाइक सवार ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव नथी नगला निवासी शांति राम बाइक से अपने जीजा पुष्पेंद्र कुमार थाना क्षेत्र के गांव बाजीदपुर घर बाइक से जा रहा थे। शमशाबाद की तरफसे ऑटो में बैठकर समोचीपुर निवासी उस्मान उम्र 60 वर्ष बाजार करके जा रहे थे। टेंपो से अपने गांव के सामने जब उतरे, तभी आमने-सामने दोनों में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार और वृद्ध दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

# राजेपुर एवेंजर्स ने 3 विकेट से जीता मैच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**फिट इंडिया** टीचर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग के तहत राजेपुर एवेंजर्स बनाम राजेपुर रॉयल्स के बीच में मैच खेला गया। जिसमें राजेपुर एवेंजर्स टीम के कप्तान विवेक यादव ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और राजेपुर रॉयल्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। राजेपुर रायल्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। ओपनर बल्लेबाज सस्ते में आउट होकर पवेलियन चले गए। बल्लेबाजी करने उतरे वागीश विक्रम ने 36 गेंदों में 41 रन की पारी खेली और राजेपुर एवेंजर्स की तरफ से गेंदबाजी में आनद कुमार ने 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट लिए और राजेपुर रायल्स ने 16 ओवर में 07 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। राजेपुर एवेंजर्स टीम को 142 रन का लक्ष्य दिया, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे राजेपुर एवेंजर्स के बल्लेबाज विवेक यादव ने 26 गेंदों में 56 रन बनाए और विकास सोलंकी ने 13 गेंदों में 36 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में राजेपुर रॉयल्स की तरफसे गेंदबाजी में शिवम अवस्थी ने 4 ओवर में 35 रन देकर 02 विकेट लिए राजेपुर एवेंजर्स ने 11.4 ओवर में 03 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार आनन्द कुमार को दिया गया।

वहीं दूसरा मैच शमसाबाद सुपर स्टार बनाम शमसाबाद सुपरकिंग्स के बीच खेला गया। शमशाबाद सुपर किंग्स के कप्तान अजीत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और शमसाबाद सुपरस्टार को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। शमसाबाद सुपरस्टार की शुरुआत बहुत ही शानदार हुई। शमसाबाद सुपरस्टार के बल्लेबाज योगेश राणा ने 55 गेंदों में 149 रन की पारी खेली और गुरमीत सिंह ने 08 गेंदों में 28 रन की पारी खेली। जिससे टीम का स्कोर 16 ओवर में 04 विकेट के नुकसान पर 241 रन बनाए और शमसाबाद सुपरकिंग्स की तरफ से गेंदबाजी में सूर्यकान्त ने 4 ओवर में 30 रन देकर 02 विकेट लिए शमसाबाद सुपरस्टार ने 242 रन बनाने का लक्ष्य दिया। शमसाबाद सुपरकिंग्स की शुरूआत अच्छी नहीं हुई। ओपनर बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए। बल्लेबाज सूर्यकान्त ने 37 गेंदों में 33 रन बनाए और गौरव यादव ने 15 गेंदों में 27 रन बनाए और शमसाबाद सुपरकिंग्स की टीम 16 ओवर में 09 विकेट खोकर 108 रन बनाए। शमसाबाद सुपरस्टार के गेंदबाज गुरमीत सिंह ने 4 ओवर में 27 रन देकर 04 विकेट लिए और शमसाबाद सुपरस्टार ने 133 रन से मैच जीत लिया। मैच का मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार योगेश राणा को दिया गया। मैच के दौरान कमेठी के सदस्य विमलेश कुमार (जिला क्रिकेट प्रभारी पिजहूं), गुरमीत सिंह, शिवम, विपिन त्रिवेदी, सुमित, रविखरे, सचिन यादव, विकाश सोलंकी, राजू कनौजिया, योगेश राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी की मौत के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पत्नी के** आत्महत्या कर लेने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज कनासी निवासी मानसिंह पुत्र दुलार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि उसने अपनी पुत्री नजमा का विवाह सूरज पुत्र हनुमंत निवासी इमादपुर थमरई थाना शमशाबाद के साथ 27 जून 2016 को किया था। मेरी पुत्री के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आये दिन दिन उसका पति सूरज अक्सर मारपीट करता था व आत्महत्या के लिए उकसाता था। उसके उत्पीड़न से तंग होकर पुत्री ने जहरीला पदार्थ खा लिया था और उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने धारा 498ए, 323, 506, 328, 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। शनिवार को शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूरज को गिरफ्तार लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसकी पत्नी आये दिन छोटी-छोटी बात को लेकर झगड़ा करती थी। मैंने उसे डांट दिया था। फसल में डालने के लिए कीटनाशक दवा लाये थे, जो घर में रखी थी। जिसे उसने पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## गस्त व्यवस्था को धता बताकर अज्ञात चोरों ने दी दस्तक

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी ग्रामीण वीरपाल पुत्र रामसनेही खाना खाने के बाद परिजनों के साथ सो रहा था। रात्रि में चोरों ने जीने के सहारे घर में दस्तक दी। उसी दौरान आहट होने पर उसकी आंख खुल गई। आहट सुनते ही गृह स्वामी ने बेटे को आवाज़ दी। जब बेटे ने आवाज दी, तो चोर उल्टे पैर छत पर चढ़ गये और दीवार के सहारे कूदकर फरार हो गये। इस घटना की जानकारी होने हो मुहल्ले में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। बताते चलें कि बीते दिन कुइयांखेड़ा में चोरों ने तीन स्थानों पर चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया था, जबकि दो स्थानों पर वह चोरी करने में असफल रहे थे। शमशाबाद में आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओ से लोगों मे दहशत व्याप्त है। बताते चलें कि जिले में सबसे ज्यादा चोरी की घटनायें शमशाबाद क्षेत्र में घट रही हैं। इसके बावजूद भी पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- अहिमलापुर व चौसेपुर में महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

**शनिवार को** भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कमालगंज ब्लाक के ग्राम अहिमलापुर एवं चौसेपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संबोधित किया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व नवजात शिशु का अन्नप्राशन किया गया। शिव महेश दुबे ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर हर शहर व गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का है, जब गांव गरीब किसान और नौजवान का विकास होगा, तभी भारत विकसित होगा। केंद्र सरकार ने हर गांव और शहरों में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पत्रों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सरकारी योजना से वंचित न रह जाए, इसलिए सरकार जनता के द्वार पर पहुंच रही है। पिछली सरकारों के भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की नीति से जनता त्रस्त हो



कार्यक्रम में बोलते शिवमहेश दुबे — समृद्धि न्यूज

चुकी थी। उसने 2014 में एक गरीब परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ लेने के बाद देश से गरीबी को खत्म करने का संकल्प लिया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा लंबे समय तक जिस पार्टी ने इस देश का नेतृत्व किया। उसने गरीबों की सुध नहीं ली। पिछली सपा और बसपा की सरकारों में कानून व्यवस्था बदहाल थी। केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद भाजपा सरकार ने हर मोर्चे पर कार्य किया। प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हुई। आज किसी भी गरीब को सताने वाला गुंडा और माफिया खुलेआम सड़कों पर घूमता दिखाई नहीं देगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़ रही महिलाओं एवं गरीबों की भीड़ विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत कर रही है। भारत को विकसित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, उनके संकल्प को चरितार्थ करने के लिए गांव गरीब किसान नौजवान महिला एवं दलित का विकास होना आवश्यक है। संचालन अरविंद कटियार ने किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर डीएस राठौर, नायब तहसीलदार हर्षित सिंह, बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय, जिला पूर्ति निरीक्षक शरद दुबे, पंकज गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# बालिका गृह से गायब हुईं 26 लड़कियां

## एनसीपीसीआर के अध्यक्ष के आंचल गर्ल्स हॉस्टल के निरीक्षण में हुआ खुलासा

▸ अवैध रूप से चल रहे बाल गृह में पाई गई कई अनियमितताएं

एजेंसी



**भोपाल।** गुजरात, झारखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की कम से कम 26 लड़कियां भोपाल में अवैध रूप से संचालित आश्रय गृह से लापता हो गई हैं। यह घटना तब सामने आई जब राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने भोपाल के बाहरी इलाके परवलिया इलाके में आंचल गर्ल्स हॉस्टल का औचक दौरा किया। जब उन्होंने रजिस्टर चेक किया तो पाया कि उसमें 68 लड़कियों की एंट्री थी लेकिन उनमें से 26 गायब थीं। जब शेल्टर होम के संचालक अनिल मैथ्यू से गायब लड़कियों के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। मामले में पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज की गई है।

लड़कियाँ गुजरात, झारखंड और राजस्थान की थीं, जबकि उनमें से कुछ मध्य प्रदेश के सीहोर, रायसेन, छिंदवाड़ा और बालाघाट की थीं। एफआईआर के मुताबिक, बाल गृह में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, जो अवैध रूप से भी चलाया जा रहा था। कानूनगो ने एक ट्वीट में कहा कि एक मिशनरी, जो बाल गृह का प्रबंधन कर रही थी, ने कुछ बच्चों को सड़कों से बचाया था और वह बिना किसी लाइसेंस के आश्रय गृह चला रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बचाए गए लोगों को गुप्त रूप से बाल गृह में रखा गया था और उन्हें ईसाई धर्म का अभ्यास कराया गया था। कानूनगो ने कहा, 6 से 18 साल की उम्र की ज्यादातर लड़कियां हिंदू हैं। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, मध्य प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ऐसे एनजीओ से अनुबंध पर चाइल्ड हेल्पलाइन चलाना चाहते हैं। गायब हुई सभी बच्चियां बाल कल्याण समिति के आदेश के बिना रह रही थीं। बाल गृह के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि बच्चों को बचा लिया गया और बाद में बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि बाल गृह में विभिन्न धर्मों की लड़कियां थीं, लेकिन अधिकारियों ने कहा, उनसे केवल एक धर्म (ईसाई धर्म) के अनुसार पूजा कराई जाती थी।

### शीघ्र होगी कार्रवाई

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्हें भोपाल के बाल गृह से 26 लड़कियों के गायब होने की घटना की जानकारी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए, मैं सरकार से इस पर ध्यान देने और तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके शासन में अवैध बाल गृह तेजी से बढ़ रहे हैं।

## श्रीनगर देश के बाकी हिस्सों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उभरा : उपराज्यपाल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से केंद्र शासित प्रदेश में दैनिक आधार पर बिजली आपूर्ति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर देश के बाकी हिस्सों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उभरा है। श्रीनगर में एक समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से हर शाम यूटी में दैनिक आधार पर बिजली आपूर्ति की निगरानी करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्रवार बिजली आपूर्ति की निगरानी करता हूं और फीडबैक लेता हूं। उपराज्यपाल ने कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के अंदर ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बिजली की कोई कमी नहीं है। उपराज्यपाल ने कहा कि निवर्तमान एसएमसी आयुक्त अतहर आमिर के गतिशील नेतृत्व में श्रीनगर एक बड़े परिवर्तन से गुजरा है और अब यह शेष भारतीय शहरों के लिए एक आदर्श है।

# नई गाइडलाइन : ड्रग रिकॉल करने पर लाइसेंसिंग अथॉरिटी को बताना होगा

▸ दवाओं की क्वालिटी के लिए फार्मा कंपनियां होंगी जिम्मेदार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए नई गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत कंपनियां अगर किसी ड्रग को वापस बुलाती हैं, तो उन्हें लाइसेंसिंग अथॉरिटी को इसकी जानकारी देनी होगी। साथ ही ये भी प्रोडक्ट के डिफेक्ट, खराब गुणवत्ता या गलत प्रोडक्शन के बारे में भी बताना होगा।

सरकार ने 28 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी करके कंपनियों को ये निर्देश दिया है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के शेड्यूल रू के तहत फार्मास्युटिकल कंपनी के लिए गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस बताई गई हैं। नए नोटिफिकेशन में सरकार ने इस शेड्यूल रू में नई गाइडलाइन्स जोड़ी हैं। दरअसल, 2022 में भारत में बनी दवाओं से विदेश में कई लोगों की जान गई थी। इसके चलते केंद्र सरकार ने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की स्क्रूटनी बढ़ाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्टी 50 अरब डॉलर की है।

नई गाइडलाइन्स में इस बात पर स्ट्रेस दिया गया है छोटी कंपनियों को ग्लोबल स्टैंडर्ड पर लाने के लिए यहां बनने वाली दवाओं की टेस्टिंग भी दुनियाभर के मौसम के मुताबिक होनी चाहिए। गाइडलाइन में ये भी कहा गया है कि कंपनियों को ऐसी क्वालिटी की दवाएं बनानी चाहिए जो दुनियाभर में मंजूर हो। साथ ही तैयार प्रोडक्ट को तभी बाजार में उतारा जाना चाहिए, जब इन सभी टेस्ट में संतोषजनक नतीजे निकले हों।

इस नोटिफिकेशन में सरकार ने लिखा है कि मैन्युफक्चरर को अपने फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट की क्वालिटी के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि ये तय किया जा सके कि वे जरूरी इस्तेमाल के लिए फिट हैं, लाइसेंस के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है, उनका पालन किया गया है। ये भी मैन्युफैक्चरर की ही जिम्मेदारी होगी कि उनका प्रोडक्ट सेफ्टी या क्वालिटी में कमी के कारण पेशेंट की जिंदगी खतरे में तो नहीं डालता। इसमें ये भी कहा गया है कि कंपनियों को किसी प्रोडक्ट पर फाइनल या तैयार का लेबल तभी लगाना चाहिए जब उसके टेस्ट में संतोषजनक नतीजे निकले हों और रिपीट टेस्टिंग या किसी बैच के वेरिफिकेशन के लिए फाइनल प्रोडक्ट के सैंपल की पर्याप्त क्वांटिटी रखी गई हो।

# गडकरी ने केरल में शुरू की 1464 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाएं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केरल की 1464 करोड़ रुपये से अधिक राशि की 12 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। श्री गडकरी ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में कुल 105 किलोमीटर लम्बी इन परियोजनाओं से तमिलनाडु और केरल के बीच निर्बाध यातायात संचालित किया जा सकेगा। उनका कहना था कि यह पहल समग्र परिवहन लागत को कम करने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से केरल के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से मुन्नार तक पर्यटकों को आकर्षित कर पर्यटन क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा।

इसके साथ ही एक उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण भी इस परियोजना के तहत होना है, जिससे बाढ़ के दौरान 27 किमी की दुरुह यात्रा से लोगों को मुक्ति मिलेगी और सुव्यवस्थित तरीके से लोग गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, केरल के लोक निर्माण मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास, केरल के कासरगोड से सांसद जगमोहन उन्नीथन, कासरगोड में विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हॉलीवुड एक्टर क्रिश्चियन ओलिवर की विमान हादसे में मौत

**मुंबई।** जर्मनी में जन्मे मशहूर हॉलीवुड अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर और उनकी दो बेटियों की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। वह जिस छोटे विमान में यात्रा कर रहे थे, वह उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद कैरेबियन सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, द गुड जर्मन और स्पीड रेसर फिल्मों में नजर आए क्रिश्चियन ओलिवर की गुरुवार को उनकी बेटियों के साथ एक निजी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। रॉयल सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की पहचान 51 वर्षीय ओलिवर, उनकी बेटियां मदिता (10) और एनिक (12) और पायलट रॉबर्ट सैक्स के रूप में की गई है। हादसे के बाद मछुआरे और तट रक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और सभी चार शवों को बरामद कर लिया। विमान गुरुवार आधी रात के बाद ग्रेनेडाइंस के एक छोटे द्वीप बेक्किया से सेंट लूसिया जा रहा था।

# टी-20 श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी



**मुम्बई।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। एक दिवसीय श्रृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी-20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया।

भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था।

टिटास ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है। मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है।'' डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुक्रवार को दर्ज की गई जीत से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू धरती पर पहली श्रृंखला जीतने के करीब पहुंच गई है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

**ऑस्ट्रेलिया :** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

## खबरें एक नजर में

### सम्मोहक थ्रिलर सीरीज है ओह माई वाइफ!

**मुंबई, समृद्धि न्यूज।** डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म, वॉचो एक्सक्लूसिव्स एक और मनोरंजकमूल सीरीज – ओह माई वाइफ के लॉन्च के साथ साल 2023 कि एक बेहतरीन समाप्ति के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शौर्य सिंह द्वारा निर्मित, 'ओह माई वाइफ! एक मनोरंजक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है, जो उनके द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस सीरीज में मुदासिर भट्ट, लोकेश बत्ता, स्नेहा सिंह सिसोदिया और दीपांशी एन शाक्य सहित कई प्रमुख कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज दर्शकों को अपनी सीटोंसे बांधे रखती है और अंतिम प्रश्न यह खड़ा करतीहै कि क्या विवेक की पत्नी कुछ भयावह रहस्यों को छिपा रही है या हत्यारा पूरी तरह सेकोई और है? प्रत्येक एपिसोड के साथ एक मनोरंजक कहानी सामने आती है, जिससे दर्शक अंत तक अनुमान लगाते रहते हैं कि अंजाम क्या होगा। साल 2019 में लॉन्च किए गए इस ओटीटी प्लेटफॉर्म ने खुद को मनोरंजक कंटेंट दिखाए जाने के लिए एक नए मंच के रूप में स्थापित किया है, जो लगातार दर्शकों को उनकी स्क्रीन से बांधे रखता है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग कॉर्पोरेट हेड, सुखप्रीत सिंह ने कहा, हमारी मूल सीरीज ओहमाई वाइफ के लॉन्च के साथ इस वर्ष का समापन हो रहा है। हम एक दिलचस्प कहानी प्रस्तुत कर रहे हैं जो एक शानदार प्रदर्शन से पूर्ण है और दर्शकों को एक आकर्षक और अद्भुत अनुभव देने का वादा करती है।

### सत्यजीत ने की शानदार गेंदबाजी, एलडीए ने जीता खिताब

**लखनऊ, समद्धि न्यूज।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिविजन के फाइनल में एलडीए ने ट्रम्फ क्रिकेट एकेडमी को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इस मैच में एलडीए के गेंदबाज सत्यजीत सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 13 रन देकर तीन विकेट झटके। ट्रम्फ क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 98 रन बनाकर पवेलियन लौट गया। सलामी बल्लेबाज ऋषभ मिश्रा मात्र चार रन बनाकर आउट हो गये, जबकि दूसरे क्रम के बल्लेबाज सूर्य सिंह शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। सौरभ और जशमेद ने 21-21 रन का योगदान दिया। वहीं एलडीए की टीम मात्र दो विकेट गवांकर 102 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया। हिमांशु ने सर्वाधिक 43 रन बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज शिवम पांच रन पर आउट हो गये।

### ब्राजील वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ी व कोच मारियो का निधन

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप मेंदो तथा कोच और सहायक कोच के रूप में एक-एक विश्व कप खिताब जीतने वाले फुटबॉलर मारियो जागालो का निधन हो गया है। वह 92 वर्ष के थे। जागालो पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने एक खिलाड़ी और कोच के रूप में विश्व कप जीता था। वह ब्राजील के कई समर्थकों के लिए देशभक्ति और गौरव का प्रतीक थे। ब्राज़ील फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने शनिवार तड़के बयान जारी करके जागालो के निधन की पुष्टि की। उन्होंने जागालो को फुटबॉल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक करार दिया। ब्राजील ने 1958 और 1962 में जब विश्व कप खिताब जीते थे तब जागालो उसके स्ट्राइकर थे। इसके बाद 1970 में जब ब्राज़ील ने फाइनल में इटली को 4-1 से हराकर अपना तीसरा विश्व कप खिताब जीता था तब जागालो उसके कोच थे। जागालो 1994 के विश्व कप में ब्राजील की टीम के सहायक कोच थे। ब्राजील ने तब फाइनल में इटली को हराकर खिताब जीता था।

### 64 के हुए कपिल देव, बीसीसीआई ने दी शुभकामनाएं

**मुंबई।** 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव ने शनिवार को अपने जीवन का 65वें वर्ष में प्रवेश कर गये। क्रिकेट की दुनिया के महान दिग्गज खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, टीम इंडिया के महानतम ऑलराउंडर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो रही है। कई प्रदेशों से होते हुए यह यात्रा फरवरी के पहले सप्ताह में झारखंड में प्रवेश करेगी। लिहाजा झारखंड कांग्रेस अभी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को झारखंड में ऐतिहासिक बनाने में जुट गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भी दिया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति भी दे दी है।

# हिमाचल के प्रति विशेष स्नेह, अनुराग मॉडल अपनाएं सांसद : उप राष्ट्रपति

एजेंसी




**हमीरपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के प्रति उनके दिल में हमेशा विशेष स्नेह रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस तरह से हिमाचल प्रदेश के प्रति उनके स्नेह को और बढ़ाया है।

हमीरपुर एनआईटी में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा संसद सदस्यों को अनुराग मॉडल अपनाने का आह्वान किया है। वे स्वयं इस मॉडल को अपनाने जा रहे हैं। अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में यह क्षेत्र खूब तरक्की कर रहा है। उन्होंने बताया कि ये बदलता हुआ भारत है। समुंदर में एक विदेशी जहाज को कल लुटेरों ने कब्ज़े में ले लिया था। उसमें पांच भारतीय भी उनके कब्ज़े में थे। भारतीय नौसेना ने न केवल उनको कब्ज़े से छुड़ाया बल्कि समन्दर में भारत माता की जय के नारे भी लगे। उन्होंने इस अवसर पर महिला उत्थान पर भी बल दिया।

## सरकार अधिक उत्पादों को अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के तहत लाएगी : गोयल

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी। गोयल ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ÷इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए। गोयल ने कहा कि गुणवत्ता मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन के तहत और अधिक उत्पादों को लाने से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

# भगवान राम को मांसाहारी बताने पर विधायक के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने भगवान राम को मांसाहारी बताने वाली टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक जितेंद्र आव्हाड की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात उपनगर अंधेरी के एमआईडीसी थाने में विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। उनके खिलाफ शुक्रवार को पुणे शहर में भी ऐसा ही एक मामला दर्ज किया गया।

राकांपा के शरद पवार गुट का हिस्सा आव्हाड ठाणे जिले में मुंब्रा-कलवा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारी गौतम रावरिया की शिकायत पर मुंबई में आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उन्होंने एक समाचार चैनल पर आव्हाड को भगवान राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए सुना। उन्होंने बताया कि आव्हाड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए (किसी भी धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान कर किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आव्हाड ने यह कहकर तीन दिन पहले विवाद खड़ा कर दिया था कि भगवान राम मांसाहारी थे। शिरडी में बुधवार को राकांपा के एक कार्यक्रम में आव्हाड ने कहा था, वह (भगवान राम) शिकार करके खाया करते थे। वह हमारे, बहुजनों के थे। आप (भाजपा) हमें शाकाहारी बना रहे हो, (लेकिन) हम राम के उदाहरण को मान रहे हैं और मटन खा रहे हैं। 'बहुजन शब्द का उपयोग महाराष्ट्र में पारंपरिक तौर पर हिंदू समाज के गैर-ब्राह्मण वर्गों के लिए किया जाता है।

# आंखों के लिए वरदान हैं ये सुपरफूड्स रोज खाने से तेज होगी आई साइड

बिजी लाइफ स्टाइल के चलते आजकल लोग ज्यादातर समय टीवी, लैपटॉप जैसे गैजेट्स पर बिता रहे हैं। इन सब चीजों पर ज्यादा समय बिताने के कारण आंखों पर गलत असर हो रहा है। इसके अलावा फास्टफूड्स, सैचुरेटेड फैट, डिब्बाबंद जैसी चीजें भी आंखों की रोशनी कमजोर कर रही हैं। इन सब आदतों के चलते छोटी उम्र में ही बच्चों से लेकर बड़ों को चश्मा लग जाता है। हालांकि आप अपनी खान-पान की आदतों में कुछ बदलाव करके आंखों पर लगे चश्मे से छुटकारा पा सकते हैं। आज आपको कुछ ऐसे सूपरफूड्स बताते हैं जो आपकी आंखों की रोशनी तेज करेंगे। आइए जानते हैं...

**हरी पत्तेदार सब्जियां**



इन सब्जियों में ल्यूटिन और जेक्सांथिन मौजूद होते हैं। यह दोनों पोषक तत्व आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करते हैं। ऐसे में हरी पत्तेदार सब्जियों के तौर पर आप पालक, मेथी, बथुआ और सरसों के साग को सर्दियों के इस मौसम में अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**गाजर**



इस मौसम में गाजर भी खूब आती है। गाजर का सेवन करके आप आंखों को रोशनी बढ़ा सकते हैं। यह विटामिन-ए का बहुत अच्छा स्त्रोत मानी जाती है। नियमित तौर पर इसका सेवन करने से आप अपनी आंखों पर लगा चश्मा उतार सकते हैं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड**




मछली ओमेगा -3 फैटी एसिड का अच्छा स्त्रोत मानी जाती है। ऐसे में यदि आप नॉन वेज खा लेते हैं तो इसे अपनी डाइट में शामिल करके आंखों को हेल्दी बना सकते हैं।

**खट्टे फल**



नींबू, संतरे, मौसमी, आंवला, पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स की तरह होते हैं। इनका सेवन करने से आंखों से संबंधित बीमारियों का खतरा कम होता है।

**बादाम**



इसमें विटामिन-ई काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए यह बहुत ही लाभकारी माने जाते हैं। इसका सेवन करने से मैक्यूलर डिजनरेशन (रेटिना संबंधी बीमारी) का खतरा भी कम होता है।

**मछली**



यह भी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती हैं। यदि आप नॉन वेजिटेरियन चीजें खा लेते हैं तो टूना, सैल्मन, छोटी समुद्र मछली, ट्राउट, सॉर्डिन और हिलसा को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**जामुन**



यह विटामिन-सी का बहुत अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह मौसमी फल स्वाद में भी कापी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि आपकी आंखे कमजोर न हो तो आप जामुन को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

# विटामिन-सी से भरपूर किन्नू दूर करेगा ये समस्याएं



सर्दियों में कई सारे मौसमी फल आते हैं उन्हीं मौसमी फलों में से एक है किन्नू। किन्नू एक ऐसा मीठा और पोषक तत्वों से भरपूर फल है जो सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी होता है। इसमें विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, मैग्नीशियम, ग्लूकोज, फरुकटोज, सुक्रोज और कार्ब्स पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। रोजाना इसका सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि सर्दियों में किन्नू खाने से क्या-क्या फायदे होंगे...

**विटामिन-सी का अच्छा स्त्रोत**

किन्नू में विटामिन-सी मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है, स्किन अच्छी रहती है और यह प्लांट बेस्ड फूड्स माना जाता है जो कि आयरन को अब्जॉर्ब करने में भी मदद करता है।

यह फल फूड हिस्टोरियन मानते हैं कि किन्नू को 1800वीं शती के पहले दशक में सबसे पहले अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में बनाया और उगाया गया। चूंकि, इसमें संतरे के सभी गुण थे। भारत में किन्नू की खेती 1935-40 में शुरू हुई. तब पंजाब एग्रीकल्चर कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, फैसलाबाद (अब पाकिस्तान) में इसकी संकर नस्ल बनाई गई, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों की उगाई जाने लगी। भारत में यह सबसे अधिक पंजाब में उगाया जाता है। पंजाब में तो एक तरह से इस फल ने क्रांति ही ला दी थी।

**पाचन रहेगा स्वस्थ**

इसमें डाइटरी फाइबर मौजूद होता है जो पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। किन्नू खान से कब्ज दूर होती है और इसका सेवन करने से पाचन भी मजबूत बनता है।

**पोटेशियम का नैचुरल सोर्स**

किन्नू में पौटेशियम काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने और फ्लूयड को बैलेंस करने में मदद मिलती है। इसे खाने से नर्व फंक्शन भी बेहतर होता है और मांसपेशियां अच्छी तरह से कार्य करती हैं।

**नैचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स**

किन्नू में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, क्रोनिक डिजीज का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसका सेवन करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है।

### देसी संतरे का विदेशी रूप है किन्नू

माल्टा एक पहाड़ी फल है, जिसका सर्वप्रथम उत्पादन चीन में किया गया था और भारत में इसका सबसे अधिक उत्पादन उत्तराखंड में किया जाता है। यह आकार में संतरे से थोड़ा बड़ा, थोड़े मोटे छिलके और गहरे नारंगी रंग का होता है। स्वाद में यह खूब खट्टा मीठा होता है। अगर हम यह कहें कि किन्नू इन सबका निचोड़ या सार है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। किन्नू का छिलका मोटा, टाइट और बेहद चमकदार होता है। रंग इन सबसे अधिक गहरा और संतरे की तुलना में ज्यादा रसीला होता है। इसमें बीज भी अधिक निकलते हैं। इसकी ज्यादातर उपज पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा के भी कुछ इलाकों में होती है। किन्नू को देसी संतरे का विदेशी रूप कह सकते हैं। माल्टा पहाड़ी क्षेत्र में उगता है, जबकि किन्नू प्लेन क्षेत्रों में उग जाता है। असल में माल्टा और संतरे को मिलाकर ही किन्नू तैयार किया गया है, इसलिए इसमें जूस, मीठापन व विटामिन की भरमार है। इस फल का ताजे रस से लेकर कैंडी, जेली और वाइन तक में इस्तेमाल होता है।